सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 09 अक्टूबर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 91, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स 1045 अंक गिरा, निफ्टी 22300 से नीचे

भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1000 से अधिक अंक और निफ्टी 1.6 फीसदी से ज्यादा टूटा। } 10

ईरान के खिलाफ बड़े हमले की तैयारी : ट्रंप

पेंटागन ने कुछ दिन पहले ही यूएस सेंटकॉम को ईरान के खिलाफ बड़े स्तर पर सैन्य अभियान फिर शुरू करने की तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। इस आदेश में हमले की कोई तारीख तय नहीं की गई है। } 12



संक्षेप

बागपत में आग : दम घुटने से मां-बेटी की मौत

बागपत। जिले के खेकड़ा कस्बे के मुख्य बाजार में बृहस्पतिवार सुबह साढ़े सात बजे पुलिस चौकी के पास किराना व्यापारी अंकुर जैन की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान में रखे दो गैस सिलिंडर फट गए तो आग भड़क गई। दुकान की ऊपरी मंजिल पर बने मकान में फंसी व्यापारी की पत्नी स्वाति जैन (38), बेटी अनन्या जैन (4) की दम घुटने व जलने से मौत हो गई। आग बुझाने में व्यापारी अंकुर जैन, उनका नौकर कपिल, पड़ोसी जाहिद समेत आठ झुलस लोग गए। इन लोगों का अस्पताल में उपचार कराया गया और सभी की हालत ठीक है।

इंफोसिस, टीसीएस समेत आठ आईटी कंपनियों पर लगी रोक

वाशिंगटन। अमेरिका ने आठ बड़ी आईटी कंपनियों को परमानेंट लेबर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम से सस्पेंड कर दिया है। इनमें कॉग्निजेंट, इंफोसिस, टाटा, विप्रो, एचसीएल, कैपजेमिनी, माइक्रोसॉफ्ट और एडोब शामिल हैं। अमेरिकी श्रम विभाग ने कहा है कि इन कंपनियों से जुड़े नए आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और आवेदनों की प्रक्रिया भी आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। यह घोषणा अमेरिकी श्रम मंत्री कीथ सोंडरलिंग ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अमेरिकी एंटी-फ्रॉड टास्क फोर्स के प्रमुखों की मौजूदगी में की। अमेरिकी श्रम मंत्री ने कंपनियों के पिछले रिकॉर्ड का जिक्र करते हुए कहा कि 2009 से अब तक केवल इन कंपनियों ने करीब 30 लाख विदेशी कर्मचारियों के लिए आवेदन किए हैं। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों से जुड़े 2.30 लाख से ज्यादा एल-1इ वीजा मंजूर हुए हैं और एक लाख से अधिक स्थायी श्रम प्रमाणन भी दिए गए हैं। सोंडरलिंग ने इन आंकड़ों के आधार पर आरोप लगाया कि इससे बड़ी संख्या में अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां विदेशी कामगारों के पास गईं।

कनाडाई लेखिका ऐन कार्सन को मिला साहित्य का नोबेल

चर्चित किताब 'द ब्यूटी ऑफ द हसबैंड' के लिए पुरस्कृत

एजेंसी



स्टॉकहोम। कनाडा की लेखिका और कवयित्री ऐन कार्सन को 2026 का साहित्य नोबेल पुरस्कार दिया गया है। नोबेल समिति ने उन्हें ऐसी रचनाओं के लिए सम्मानित किया है, जिनमें उन्होंने पुराने यूनानी-रोमन साहित्य को आज की जिंदगी, प्यार, रिश्तों और दुख से जोड़ा।

नोबेल समिति ने कहा कि कार्सन की खासियत यह है कि वह पुरानी कहानियों को सिर्फ दोबारा नहीं लिखतीं, बल्कि उनमें अपनी कल्पना और आज की जिंदगी की भावनाएं जोड़ देती हैं। उनकी रचनाओं में कविता, कहानी और निबंध की सीमाएं भी कई बार खत्म हो जाती हैं। यही वजह है कि उनका लेखन बाकी लेखकों से काफी अलग नजर आता है। कार्सन का ...शेष पृष्ठ 10 पर

हार्ट अटैक से नाना पाटेकर का निधन, पूरे देश में शोक

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मोदी समेत सभी वरिष्ठ नेताओं व अभिनेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

एजेंसी

मुम्बई। दिग्गज एक्टर नाना पाटेकर अब नहीं रहे। 75 साल की उम्र में वो दुनिया को अलविदा कह गए। नाना पाटेकर गोवा के डोना पाउला स्थित घर में बेहोश मिले। जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि उन्हें गंभीर कार्डियक अरेस्ट आया था। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने करीब 45 मिनट तक उन्हें होश में लाने की कोशिश की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की खबर से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गयी।

नाना के आकस्मिक निधन से पूरा देश स्तब्ध रह गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य



वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नाना ...शेष पृष्ठ 10 पर

पीढ़ियों तक याद रहेगा नाना का योगदान : मोदी



दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने कहा कि हिंदी और मराठी सिनेमा में नाना पाटेकर का योगदान बहुत बड़ा था। उनके जाने से एक बड़ी कमी महसूस हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नाना पाटेकर में वह जबरदस्त जोश, अनोखापन और ऐसी दमदार मौजूदगी थी, जो बहुत कम अभिनेताओं में देखने को मिलती है। उन्होंने हर किरदार में कमाल की विविधता और रचनात्मकता दिखाई और हमें ऐसे पात्र दिए जिन्हें पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा।

विलक्षण अभिनय से भारतीय सिनेमा को किया समृद्ध : योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रख्यात अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर शोक जताया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि प्रख्यात अभिनेता, रंगमंच के सशक्त कलाकार एवं संवेदनशील समाजसेवी 'पद्म श्री' नाना पाटेकर जी का निधन कला जगत की अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि नाना पाटेकर ने अपने विलक्षण अभिनय से भारतीय सिनेमा को समृद्ध किया और अपने सामाजिक सरोकारों से समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी अभिव्यक्त किया।

सपा ने पाले थे गुंडे, हमने दी सरकारी नौकरी : योगी

❍ एनडीए मतलब नौकरी देंगे अलायंस, पहले था प्रदेश डुबाओ अलायंस ❍ शराब और सपा से सावधान रहें युवा

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नौकरियों के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी को घेरा। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश डुबाओ अलायंस था, अब एनडीए यानी नौकरी देंगे अलायंस की सरकार है। पहले नियुक्तियों पर एक परिवार का कब्जा था। नौकरी के लिए दो ही रास्ते थे, सैफई या सिफारिश। अब किसी की सिफारिश नहीं, केवल प्रतिभा और परिश्रम चलता है। उन्होंने कहा कि पहले यूपी की पहचान मर्डर से होती थी, अब खिलाड़ियों के मेडल से हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी लोक भवन में पुलिस के कुशल खिलाड़ी कोटे से चयनित 470 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इनमें नागरिक पुलिस के 43 उपनिरीक्षक, 295 आरक्षी और पीएसी के 132 आरक्षी शामिल हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से पूछा कि क्या भर्ती में किसी ने पैसे मांगे या सिफारिश कारानी पड़ी। कहा कि यह नियुक्ति न सरकार की कृपा है, न उनकी अनुकंपा। यह खिलाड़ियों के पसीने और परिश्रम का परिणाम है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से पहले समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में 10 लाख गुंडे पाले थे। वे बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा थे, दंगे कराते थे और गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते थे। उनकी सरकार ने 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। उन्होंने कहा कि सपा आज युवाओं की नियुक्ति की बात करती है तो ऐसा लगता है, जैसे पानी में बैठा मगरमच्छ शांति का उपदेश दे रहा हो। पहले खनन, भर्ती और रिवर फ्रंट घोटालों की चर्चा होती थी। अब प्रदेश देश की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। मुख्यमंत्री योगी ने खिलाड़ियों से कहा कि नियुक्ति अंतिम मंजिल नहीं, नए जीवन की शुरुआत है। नियमित अभ्यास और बेहतर प्रदर्शन से पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। प्रमोशन कोई टाल नहीं सकता और जो टालेगा, उसे ही टाल देंगे। उन्होंने कहा कि पुरस्कार मंच से प्रशंसा करने पर नहीं मिलेगा। इसके लिए पसीना बहाना होगा। खिलाड़ियों से दिल खोलकर खेलने और नए रिकॉर्ड बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने नौकरी की चिंता न करने को ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में अब ऐप व क्यूआर कोड से महिला सुरक्षा की होगी निगरानी

लखनऊ। प्रदेश की महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था तैयार की जा रही है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत महिलाएं एप के माध्यम से ऑनलाइन सुरक्षा तंत्र से जुड़ सकेंगी और क्यूआर कोड स्कैन करते ही अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगी। महिला सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों और उन पर होने वाली कार्रवाई की प्रदेश स्तर पर निगरानी के लिए लखनऊ में विशेष कमांड सेंटर और स्पेशल सेल तैयार किया जाएगा। कमांड सेंटर से प्रदेश के सभी 75 जिलों में महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों की मॉनिटरिंग की जाएगी। यहां तैनात विशेष सेल शिकायतों की निगरानी के साथ जरूरत के अनुसार संबंधित विभागों और अन्य तंत्र के बीच समन्वय स्थापित करेगा। इसका उद्देश्य शिकायतों को संबंधित स्तर तक पहुंचाने और उनके निस्तारण की प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाना है। प्रस्तावित व्यवस्था में महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने के लिए अलग ...शेष पृष्ठ 10 पर

औद्योगिक व इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को जल्द पूरा करायें : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को 'सीएम-समीक्षा' की 8वीं उच्चस्तरीय बैठक में विकास परियोजनाओं, औद्योगिक निवेश, ऊर्जा, कौशल विकास, श्रमिक कल्याण व जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चल रही बड़ी परियोजनाओं को केवल प्रक्रियाओं तक सीमित न रखा जाए, उन्हें समयबद्ध ढंग से धरातल पर उतारा जाए।

उन्होंने कहा कि अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी हों या फील्ड में तैनात अधिकारी, औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की परियोजनाओं को प्राथमिकता के साथ तेजी से पूरा कराएं। भूमि अधिग्रहण, स्वीकृति, निविदा और अंतरविभागीय समन्वय से जुड़ी बाधाओं का तत्काल समाधान किया जाए। एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के लिए चार निविदाएं प्राप्त हो चुकी हैं और अक्टूबर में निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। फरुर्खाबाद, आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक, झांसी और जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के ...शेष पृष्ठ 10 पर

अब जीएसटी अफसर नहीं कर सकते गिरफ्तारी

ई-कॉमर्स के जरिये सामान बेचने वालों का पंजीकरण होगा आसान

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित 57वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में कारोबारियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए कई बड़े और राहत भरे फैसलों पर मुहर लगाई गई है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कर अनुपालन को सरल बनाना, व्यापारिक बाधाओं को दूर करना और गैर-जरूरी आपराधिक कार्रवाइयों पर रोक लगाना रहा। काउंसिल ने कर अधिकारियों की मनमानी गिरफ्तारी शक्तियों पर अंकुश लगाने के साथ ही आपराधिक अभियोजन शुरू करने की न्यूनतम सीमा को 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये करने की मंजूरी दे दी है। यह कदम व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने और कारोबारियों के कार्यशील पूंजी संकट को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को जीएसटी परिषद की सिफारिशों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिषद ने नोटिस और कार्रवाई के लिए सामान्य मानक तय करने की सिफारिश की है। अब 10,000 रुपये या उससे कम की मौद्रिक सीमा वाले कोई भी नए नोटिस जारी नहीं किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि इस सीमा से कम के सभी लंबित नोटिस भी वापस ले लिए जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि ऐसे नोटिस पहले जारी किए गए थे, तो उन्हें भी वापस लिया जाएगा। यह निर्णय करदाताओं पर छोटे मामलों का बोझ कम करने के लिए लिया गया है। इससे जीएसटी प्रणाली में और अधिक स्पष्टता आएगी। यह कदम प्रक्रियाओं को सरल बनाने में सहायक होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मुताबिक 57वीं जीएसटी ...शेष पृष्ठ 10 पर

आरबीआई ने बढ़ायी रेपो दर अब कर्ज लेना होगा महंगा

एजेंसी



नई दिल्ली। महंगाई बढ़ गई है, यह और बढ़ने वाली है, यह तय है। साथ में बैंकों से कर्ज लेना भी महंगा होने वाला है। ये बातें रिजर्व बैंक, यानी आरबीआई की हैं। इसके चलते आरबीआई को फरवरी 2023, यानी करीब 4 साल बाद रेपो रेट बढ़ाना पड़ा है। रेपो रेट 5.25% से बढ़ाकर 5.50% कर दिया है।

रेपो रेट वो ब्याज दर है जिस पर बैंक आरबीआई से कर्ज लेता है। फॉर्मूला ये है कि रिजर्व बैंक महंगा कर्ज बैंकों को देगा तो बैंक लोगों को और महंगा कर्ज देंगे। इससे लोग कम कर्ज लेंगे और खर्च भी कम करेंगे। खर्च कम करेंगे तो मांग कम होगी, मांग कम होने से महंगाई काबू में रहेगी। आरबीआई ने महंगाई का अनुमान भी बढ़ाया है। अब 2026-27 में महंगाई दर 5.2% रहने का अनुमान है, जो पहले 5.0% था। हालांकि, अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। आरबीआई ने 2026-27 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.7% से बढ़ाकर 7.1% कर दिया है। आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी यानी एमपीसी की तीन दिन चली बैठक के ...शेष पृष्ठ 10 पर

गांव की प्राथमिकताओं से तय हो विकास का एजेंडा

पंचायतें बनें योजनाओं की निगरानी का केन्द्र : धामी

प्रमुख संवाददाता



हरिद्वार (उत्तराखंड)। गांवों में विकास की योजनाओं का वास्तविक असर तभी दिखाई देगा, जब उनकी रूपरेखा स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की जाए और उनके क्रियान्वयन पर पंचायत स्तर से लगातार नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को प्रभावी बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। हरिद्वार में आयोजित त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संवाद एवं विकास संकल्प सेतु सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें गांव की सामाजिक और विकास संबंधी जरूरतों को समझने वाली सबसे नजदीकी संस्थाएं हैं। इसलिए सरकारी योजनाओं और ग्रामीणों के बीच बेहतर तालमेल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतों की कार्ययोजना बनाते समय गांव की वास्तविक समस्याओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने पेयजल, सड़क, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को विकास योजनाओं में प्रमुखता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं में अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और उनकी जरूरतों व सुझावों को विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने में शामिल किया जाए। साथ ही स्वीकृत कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा कर उनकी गुणवत्ता पर भी नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकारी योजनाओं की उपलब्धि केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि लाभार्थियों के जीवन में आए बदलाव से दिखाई देनी चाहिए। पंचायत प्रतिनिधियों को ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 30.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- दलितों की प्रखर आवाज थे राम विलास पासवान (पृष्ठ-02)
- शिक्षा में 17 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया तेज (पृष्ठ-02)
- टाटा समूह विवाद: सात ट्रस्टों ने दाखिल की कैविएट(पृष्ठ-10)
- कच्चे तेल की कीमतों में आया उबाल (पृष्ठ-10)
- रतन टाटा ट्रस्ट पर पहले से लगी रोक (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — पश्चिमांचल से बुंदेलखंड तक औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ्तार

यूपी में 7000 परियोजनाओं से आयेगा 7.55 लाख करोड़ का निवेश

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की दिशा में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी)@5.0 की तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को उच्चस्तरीय बैठक में समारोह की तैयारियों और प्रस्तावित निवेश परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मौजूदा स्थिति के अनुसार जीबीसी@5.0 के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जिलों में करीब 7,000 परियोजनाओं के जरिए 7.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतरने की तैयारी है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं से संबंधित सभी स्वीकृतियां, भूमि, आधारभूत सुविधाएं और अन्य प्रक्रियाएं समयबद्ध ढंग से पूरी कराई जाएं, ताकि निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने निवेशकों से नियमित संवाद रखने और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के भी निर्देश दिए। बैठक में इन्वेस्ट यूपी की ओर से बताया गया कि प्रस्तावित परियोजनाओं में विभागों के माध्यम से करीब 3,500 परियोजनाएं, जिलों के स्तर पर निवेश सारथी पोर्टल से जुड़ी 3,500 से अधिक परियोजनाएं और इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से 100 से अधिक बड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें 1,000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली करीब 90 बड़ी परियोजनाएं हैं, जिनमें लगभग पौने पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार पश्चिमांचल में करीब 4.75 लाख करोड़ रुपये, पूर्वांचल में 1.20 लाख करोड़ रुपये से अधिक, मध्यांचल में 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक और बुंदेलखंड में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव तैयार हैं। इससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के साथ क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक अवसर बढ़ने की उम्मीद है। सेक्टरवार निवेश में डेटा सेंटर, ऊर्जा, रियल एस्टेट, बुनियादी ढांचा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, इस्पात एवं सीमेंट, फार्मा एवं रसायन, वस्त्र एवं परिधान, ...शेष पृष्ठ 10 पर

सऊदी अरब में हूती का भीषण हमला, तीन की मौत

एजेंसी

❍ भारतीय विदेश मंत्रालय ने जारी किये निर्देश

रियाद। सऊदी अरब के दो एयरपोर्ट्स पर हूती विद्रोहियों ने ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई है। साथ ही 36 लोग घायल हुए हैं। सऊदी अरब की जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन ने बुधवार को यह जानकारी दी। आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 6 और 7 अक्टूबर को निशाना बनाया गया। हूती विद्रोहियों ने दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है। वहीं, यमन में सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा कि उसने हूतियों के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की है। हूती हमलों के बाद इंडिगो और एयर इंडिया ने रियाद आने-जाने वाली उड़ानें 10 अक्टूबर तक रद्द कर दी हैं।

उधर सऊदी अरब के भीतर रहने वाले भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा को लेकर रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने एक बड़ा और कड़ा कदम उठाया है। खाड़ी देश में मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए दूतावास ने सभी भारतीयों को बेहद सतर्क रहने के निर्देश जारी किए हैं। विदेश में रह रहे नागरिकों की सुरक्षा भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। ऐसे में दूतावास की तरफ से आया यह आधिकारिक बयान सीधे तौर पर वहां काम कर रहे ...शेष पृष्ठ 10 पर

दलितों की प्रखर आवाज थे रामविलास पासवान : योगी

पूर्व केंद्रीय मंत्री को उत्तर प्रदेश में भी दिलायेंगे बिहार जैसा सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान जुझारू तेवर वाले जननेता थे। उन्होंने दलितों और वंचितों की आवाज को मजबूती देने के साथ सामाजिक चेतना को नया आयाम दिया। बिहार में रामविलास पासवान को जो सम्मान मिला है, वही सम्मान उत्तर प्रदेश में भी दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पासवान ने अपना पूरा जीवन सामाजिक न्याय की लड़ाई और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सपनों का भारत बनाने के लिए समर्पित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को सुशांत गोल्फ सिटी स्थित दयालबाग एन इको रिजॉर्ट में पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की छठी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी



- चिराग पासवान उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे

मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 50 वर्ष पहले बिहार की राजनीति में एक युवा नेता के रूप में रामविलास पासवान का अभ्युदय हुआ। उस दौर में उन्होंने दलितों और वंचितों की प्रखर आवाज बनकर अपनी पहचान बनाई। बिहार की जनता ने उन्हें सर्वाधिक मतों से विजयी बनाकर संसद भेजा और उनके नेतृत्व को बड़ा सम्मान दिया। उन्होंने भारतीय राजनीति के माध्यम से सामाजिक चेतना को जागृत करने और वंचित वर्गों को न्याय एवं सम्मान दिलाने के लिए निरंतर काम किया।

योगी ने कहा कि रामविलास पासवान ने जो कहा, उसी के अनुरूप जीवन जिया। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाया और समाज के प्रत्येक वर्ग को मुख्यधारा में सम्मानजनक स्थान दिलाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने संसद में रामविलास पासवान के साथ बिताए दिनों को याद करते हुए कहा कि उन्हें लंबे समय तक उनके साथ संसद में कार्य करने का अवसर मिला। राजनीतिक विचारों में अंतर हो सकता था, लेकिन भारतीय परंपराओं के प्रति रामविलास पासवान के मन में सदैव गहरी श्रद्धा और सम्मान था। दलितों और वंचितों को न्याय दिलाने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में उचित स्थान दिलाने का उनका संकल्प स्पष्ट था। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य करते हुए भी रामविलास पासवान का सहज, स्नेहपूर्ण और सदाशयतापूर्ण व्यवहार सभी को प्रभावित करता था। चुनावी जनसभाओं और सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी उनकी सहजता लोगों के हृदय को छू लेती थी। मुख्यमंत्री ने रामविलास पासवान की पुण्यतिथि को बिहार में राष्ट्रीय समारोह के रूप में आयोजित किए जाने पर बिहार सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस आयोजन के लिए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का भी आभार है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि रामविलास पासवान को बिहार में जो सम्मान मिला है, वही सम्मान उत्तर प्रदेश में भी दिलाया जाएगा। योगी ने कहा कि रामविलास पासवान की भौतिक अनुपस्थिति आज भी महसूस होती है, लेकिन संतोष की बात है कि उनके पुत्र चिराग पासवान उनके मिशन को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री के रूप में चिराग पासवान विभिन्न मंचों से सामाजिक न्याय और वंचितों के अधिकारों की आवाज को आगे बढ़ा रहे हैं। श्रद्धांजलि सभा में भजनों का गायन भी हुआ। हरे राम, हरे कृष्ण के भजनों से कार्यक्रम स्थल का वातावरण भक्तिमय हो गया।

चेन्नई एयर शो से सबक, काशी में तीन स्तर पर इमरजेंसी रिस्पॉन्स

विशेष संवाददाता (vol)

- योगी आदित्यनाथ के सामने रखा गया तैयारियों का खाका, बोले- हमारे लिए स्टेट इवेंट
- डिफेंस एक्सपो और महाकुंभ का दिया उदाहरण, उसी स्तर पर तैयारी करने के निर्देश

लखनऊ। चेन्नई एयर शो में अक्टूबर 2024 में सामने आई स्थिति से सबक लेते हुए काशी में एयरफोर्स डे एरियल डिस्प्ले की तैयारी की जा रही है। यहां किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए हवा, गंगा और जमीन, तीनों स्तर पर अलग रिस्पॉन्स प्लान रहेगा। एनडीआरएफ की विशेषज्ञता भी ली जाएगी। तैयारियों का पूरा खाका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखा गया है। प्रजेंटेशन देखने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए स्टेट इवेंट है। उत्तर प्रदेश डिफेंस एक्सपो और महाकुंभ में अपनी शक्ति और तैयारी दिखा चुका है। उन्होंने उसी स्तर पर एयर शो की तैयारी करने के निर्देश दिए।

वाराणसी में 22, 24 और 25 अक्टूबर को एयरफोर्स डे एरियल डिस्प्ले प्रस्तावित है। तैयारियों के प्रजेंटेशन में चेन्नई एयर शो के दौरान भीड़ की स्थिति को अलग से रखा गया। इसके बाद काशी के लिए तैयार क्राउड मैनेजमेंट प्लान बताया गया है। इससे साफ है कि चेन्नई में सामने आई स्थिति को ध्यान में रखकर यहां आपात इंतजाम किए जा रहे हैं। एयर शो के दौरान किसी आपात स्थिति में अलग-अलग विभागों को मौके पर व्यवस्था तय करने का इंतजार नहीं करना होगा। कार्ययोजना में हवा, पानी और जमीन पर होने वाली संभावित घटनाओं के लिए डिजास्टर मैनेजमेंट और कंटिंजेंसी प्लान बनाने की बात है। इसके लिए एनडीआरएफ की विशेषज्ञता ली जाएगी। यानी हवा में कोई आपात स्थिति बने, गंगा में घटना हो या जमीन पर अचानक हालात बिगड़ें, तीनों के लिए पहले से रिस्पॉन्स तय रहेगा। इसके लिए एयरफोर्स, रेलवे, रोडवेज, जलमार्ग, जिला प्रशासन और पुलिस को आपस में जोड़ा जाएगा। कार्ययोजना में इन एजेंसियों के बीच समन्वय को प्रमुख जरूरत के रूप में रखा गया है। जरूरत पर दूसरे जिलों से मजिस्ट्रेट बुलाने और अतिरिक्त संसाधन जुटाने का भी प्रस्ताव है। इमरजेंसी में सूचना मिलने से मरीज को अस्पताल पहुंचाने तक का नेटवर्क भी तैयार किया जा रहा है। इसके लिए इंटीग्रेटेड, सीएमओ और इमरजेंसी लाइन के तीन कंट्रोल रूम होंगे। अस्पताल तक एंबुलेंस की निर्बाध आवाजाही के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाने की योजना है। सरकारी और निजी अस्पतालों में 170 इमरजेंसी और 44 आईसीयू बेड चिह्नित किए गए हैं। मेडिकल बैकअप में आयोजन स्थल से 20 किमी के दायरे के सात सरकारी अस्पताल और 15 किमी के दायरे के सात निजी अस्पताल शामिल किए गए हैं। 23 ब्लड बैंक भी चिह्नित हैं। वाराणसी में 58 एंबुलेंस उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा दूसरे जिलों से 39 एंबुलेंस मंगाई जाएंगी। इस तरह जरूरत पड़ने पर 97 एंबुलेंस उपलब्ध होंगी। एयर शो की तैयारियों के लिए 21 समितियां बनाई गई हैं। किसी समिति को घाट संभालने हैं तो किसी को कंट्रोल रूम और मेडिकल कवर। नमो घाट से अस्सी और रविदास घाट तक के लिए एक घाट प्रबंधन समिति और रामनगर-डोमरी क्षेत्र के लिए दूसरी समिति बनाई गई है। तैयारी में एक अलग बर्ड कंट्रोल कमेटी भी बनाई गई है। एयर शो के दौरान पक्षियों से जुड़ी चुनौती पर यह समिति काम करेगी। सड़क और गंगा के रास्ते आवाजाही के लिए अलग ट्रांसपोर्ट कमेटी (लैंड एंड रिवर) बनाई गई है। कंट्रोल रूम के संचालन और मेडिकल कवर की जिम्मेदारी भी अलग-अलग समितियों को दी गई है।

17 हजार करोड़ से बदली जेलों की सूरत

विशेष संवाददाता (vol)

- पिछले नौ वर्षों में जेल विभाग के बजट में 215 फीसदी का इजाफा

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश की जेल व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और बेहतर सुविधाओं से लैस करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। इस दौरान जेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिकीकरण और नई तकनीक पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए योगी सरकार ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की। इसमें सबसे अधिक धनराशि जेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च की गयी।

डीजी, कारागार एवं सुधार सेवाएं पीसी मीना ने बताया कि योगी सरकार ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही जेलों की व्यवस्थाओं को भी समय के अनुरूप बनाने पर जोर दिया है।

योगी सरकार के प्रयासों से प्रदेश की जेल व्यवस्था में एक ओर जहां क्षमता विस्तार हो रहा है, वहीं दूसरी ओर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीक के जरिए सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में जेल विभाग के लिए बजट में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वित्तीय वर्ष 2017-18 में जेल विभाग के लिए कुल 913.07 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया था। इसके मुकाबले वित्तीय वर्ष 2026-27 में यह बढ़कर 2,877.58 करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि में जेल विभाग के बजट में करीब 215 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2021-22 के बीच जेल विभाग के लिए कुल 5,494.41 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया जबकि वर्ष 2022-23 से 2026-27 तक यह राशि बढ़कर 11,913.53 करोड़ रुपये हो गई। यह बढ़ोतरी योगी सरकार की ओर से जेलों के विकास और आधुनिकीकरण को दी जा रही प्राथमिकता को दर्शाती है। डीजी ने बताया कि योगी सरकार की ओर से प्रदेश में नई जेलों के निर्माण के साथ ही बंदी क्षमता बढ़ाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। अमेठी में 176.12 करोड़, महोबा में 203.42 करोड़, हाथरस में 184.94 करोड़, कुशीनगर में 228.31 करोड़, जौनपुर में 179.79 करोड़, और हापुड़ में 190.08 करोड़ की लागत से जिला कारागार का निर्माण किया जा रहा है।

नई जेलों के निर्माण के साथ ही प्रस्तावित कारागारों के लिए भूमि की खरीद की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जा रही है। संभल में प्रस्तावित जेल के लिए शासन की ओर से 24.56 करोड़, शामली में 96.20 करोड़, बलिया में 24.12 करोड़, सहारनपुर में 50.87 करोड़, अमरोहा में 32.28 करोड़ और चंदौली में 34.27 करोड़ रुपये भूमि के लिए स्वीकृत किए गये हैं।

सपाइयों ने किया प्रदर्शन, फूंका पुतला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सात दिवसीय जिला स्तर तक लोकतंत्र बचाओ सप्ताह एवं वोट बचाओ-देश बचाओ मार्च के तहत जिला कार्यालय, लखनऊ में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिला कार्यालय से जिला कलेक्ट्रेट तक जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ सांसद, विधायक, पूर्व विधायकों एवं वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में मार्च निकाला। सबसे पहले कलेक्ट्रेट पहुंचकर अनुच्छेद 326 को सार्वजनिक रूप से पढ़ा गया, उसके बाद राष्ट्रगान गाया गया और इसके बाद ज्ञानेश कुमार के पुतले फूंके गये।

इस अवसर पर सांसद आरके चौधरी, विधायक रविदास मेहरोत्रा, राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी, रामसिंह राणा, निर्मल सिंह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, पूर्व विधायक



गोमती यादव, एवं राजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अम्ब्रिश सिंह पुष्कर, पूजा शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव, वीरपाल सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा सिकन्दर यादव, पायल सिंह, वन्दना चतुर्वेदी, देवीबक्श सिंह, राजबाला रावत, जिला उपाध्यक्ष रामनरेश पाल, छात्र नेता महेन्द्र यादव, वीना रावत, नेहा यादव, मेहनाज खान, सुहागवती रावत, सतीष गुप्ता, जिला सचिव मनमोहन सिंह, पार्षद केशव रावत के साथ तमाम पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है : आराधना मिश्रा

विशेष संवाददाता (vol)

- कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के विरूद्ध की गयी कार्रवाई के विरोध में पूरे प्रदेश में मनाया गया काला दिवस

लखनऊ। निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग करने के लिए कल शांतिपूर्वक जंतर-मंतर की ओर बढ़ रहे नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं इंडिया ब्लाक के सांसदों के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में काला दिवस मनाते हुए शांति मार्च निकाला गया। माल एवेन्यू चौराहे से आगे बढ़ने पर लालबहादुर शास्त्री मार्ग से पहले सुन्नी वक्फ बोर्ड के पास भारी संख्या में पुलिस बल द्वारा बैरीकेडिंग लगाकर कांग्रेसियों को रोका गया, जहां से आगे बढ़ने को लेकर कांग्रेसियों और पुलिस बल में धक्का मुक्की हुई, जहां पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेसी के साथ सड़क पर बैठ गयीं।

इसके बाद सड़क पर नारेबाजी कर रहे कांग्रेसजनों को पुलिस द्वारा बल प्रयोग कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित कांग्रेसजनों को गिरफ्तार कर



बस में भरकर इको गार्डेन ले जाया गया जहां इको गार्डेन से थोड़ा पहले बस खराब हो गयी जहां घंटों खड़ी बस में बैठाकर परेशान किया गया। इसके बाद दूसरी बस से पुलिस लाइन के लिए ले जाया गया जहां दूसरी बस भी खराब हो गयी। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित कांग्रेसजनों को पुलिस लाइन ले जाया गया, जहां पर पुलिस लाइन में रखा गया।

वहां पर न लाइट की व्यवस्था और न ही पंखे की कोई व्यवस्था रही, पंखे, लाइटें लगी हुई हैं और यह कहा गया कि आंधी के आने से बिजली खराब हो गयी है, जबकि ग्राउण्ड और चारों तरफ पूरी तरह लाइट की व्यवस्था रही है। प्रदर्शन में महिलाओं की भारी संख्या रही। मार्च के दौरान कई महिला कार्यकर्ताओं और आराधना मिश्रा मोना को कार्यकर्ताओं को बचाने में पुलिस की धक्का-मुक्की में चोटें आयीं। दो-दो बार पुलिस द्वारा मंगायी गयी बसें खराब हुईं।

आराधना मिश्रा मोना ने इस मौके पर कांग्रेसियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह आंदोलन जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते हैं तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा। इस देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सड़कों पर लाठियां और पुलिस की बर्बरता और मुकदमें झेल रहे हैं आज प्रदेश के कांग्रेसजन पूरी आवाज और ताकत के साथ पूरे प्रदेश में और जिले में संघर्ष कर रहे हैं और यह तब तक करते रहेंगे जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं दे देते।

शिक्षा क्षेत्र में 17 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया तेज

योगी सरकार के छह माह में एक लाख भर्ती के संकल्प में शिक्षा क्षेत्र की 17 प्रतिशत हिस्सेदारी

विशेष संवाददाता (vol)

- प्राचार्य से लेकर प्राथमिक शिक्षक तक के पदों पर होगी पारदर्शी भर्ती, नवंबर व दिसंबर में प्रस्तावित हैं परीक्षाएं: प्रशांत कुमार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के युवाओं को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'मिशन रोजगार' तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। छह माह में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए विभिन्न विभागों में चयन प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। इसी क्रम में अकेले शिक्षा क्षेत्र में 17,059 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को गति प्रदान की गई है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा वर्ष 2026 में जारी विज्ञापनों में उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण पदों को शामिल किया गया है।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग की प्राथमिकता पारदर्शी और शुचितापूर्ण चयन प्रक्रिया के माध्यम से समयबद्ध नियुक्तियां संपन्न कराना है। उच्च शिक्षा विभाग में कुल 2,047 पदों के लिए प्रक्रिया जारी है, जिसमें प्राचार्य के 111 पद और सहायक आचार्य (असिस्टेंट प्रोफेसर) के 1,936 पद विज्ञापित किए गए हैं। सहायक आचार्य पदों के लिए लिखित परीक्षा 19 और 20 नवंबर को प्रस्तावित की गई है, जिससे विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित होगा।

माध्यमिक शिक्षा विभाग में कुल 3,504 पदों पर चयन प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। इसमें सहायक अध्यापक के 897 पद तथा प्रवक्ता (पीजीटी) के 2,607 पद शामिल हैं। सहायक अध्यापक पद के लिए परीक्षा 03 एवं 04 दिसंबर 2026 को तथा प्रवक्ता पद हेतु परीक्षा 15 एवं 16 दिसंबर 2026 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्तावित भर्तियों में सबसे बड़ा हिस्सा बेसिक शिक्षा विभाग का है, जहां प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक प्राथमिक शहरी (अर्बन) के 11,508 रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। इन पदों के लिए भी परीक्षा 03 और 04 दिसंबर 2026 को प्रस्तावित की गई है। इसके अतिरिक्त बेसिक शिक्षा विभाग में विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा (स्पेशल टीईटी) का भी आयोजन किया जा रहा है। छह माह में एक लाख सरकारी नौकरियों के लक्ष्य में अकेले शिक्षा क्षेत्र के विज्ञापित 17,059 पद लगभग 17 प्रतिशत की भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। इनमें 11,508 प्राथमिक सहायक अध्यापक, 2,607 प्रवक्ता, 1,936 सहायक आचार्य, 897 माध्यमिक सहायक अध्यापक तथा 111 प्राचार्य के पद शामिल हैं।

बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना प्राथमिकता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रालोद के प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश संगठन की गतिविधियों, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, सदस्यता अभियान तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वांचल तक राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा दिखाई दे रही है। पार्टी के कार्यकर्ताओं की सक्रियता यह दर्शाती है कि रालोद की विचारधारा को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों, मजदूरों, ग्रामीण समाज और आम आदमी के हितों को राजनीति के केंद्र में स्थापित किया। रालोद उसी विचारधारा और मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने पदाधिकारियों का आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करें और जनता से सीधा संवाद स्थापित करें।

प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने कहा कि



कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। प्रदेश के सभी क्षेत्रों में संगठन को सक्रिय करने तथा कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सुझावों को संगठनात्मक स्तर पर उचित महत्व दिया जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव एवं संसदीय बोर्ड के सदस्य अनिल दुबे ने कहा कि रालोद की विचारधारा हमेशा किसान, मजदूर, युवा और समाज के विभिन्न वर्गों के हितों से जुड़ी रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जनता तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि बैठक के दौरान रालोद के राष्ट्रीय महासचिव एवं संसदीय बोर्ड के सदस्य अनिल दुबे की माताजी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी व नेता मौजूद रहे।

'शुद्ध ही शुभ है' अभियान में 73 खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित

- 253 प्रतिष्ठानों की जांच, 152 को सुधार नोटिस, कमियां दूर करने पर 56 के लाइसेंस बहाल

लखनऊ। प्रदेश में लोगों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) का शुद्ध ही शुभ है अभियान लगातार जारी है। 17 सितंबर 2026 से शुरू इस अभियान के तहत अब तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में 253 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा चुका है। गंभीर खाद्य सुरक्षा कमियां मिलने पर 73 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, जबकि सुधार योग्य कमियों के लिए 152 प्रतिष्ठानों को सुधार नोटिस जारी किए गए हैं। कमियां दूर करने और दोबारा जांच में व्यवस्था संतोषजनक पाए जाने पर 56 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस बहाल कर उन्हें दोबारा कारोबार की अनुमति दी गई है।

अभियान लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद, नोएडा, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मुरादाबाद और बरेली समेत प्रदेश के कई जिलों में चलाया जा रहा है। इसके दायरे में फास्ट फूड चेन, रेस्टोरेंट चेन, सामान्य रेस्टोरेंट, स्टार होटल के रेस्टोरेंट और बेकरी समेत विभिन्न प्रकार के खाद्य प्रतिष्ठान शामिल हैं। जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी कई गंभीर कमियां सामने आईं। कुछ प्रतिष्ठानों में कालातीत खाद्य सामग्री रखी मिली, जबकि कई जगह चूहे और कॉकरोच जैसे कीड़े-मकौड़े पाए गए। कई प्रतिष्ठानों के किचन और स्टोरेज एरिया में गंदगी मिली। पेस्ट कंट्रोल की व्यवस्था भी कई जगह संतोषजनक नहीं थी। नालियों की सफाई, खाद्य सामग्री के सुरक्षित रखरखाव और कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता में भी लापरवाही सामने आई। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा से संबंधित जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के मामले भी पाए गए। कमियों की गंभीरता के आधार पर विभाग ने कार्रवाई की। सुधार योग्य मामलों में 152 नोटिस जारी किए गए, जबकि गंभीर कमियों पर 73 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर संचालन रोक दिया गया।

एफएसडीए ने लाइसेंस निलंबित करने के साथ संबंधित प्रतिष्ठानों को कमियां दूर करने का अवसर भी दिया। जांच में यह देखा गया कि सुधार केवल कागजों पर हुआ है या वास्तव में प्रतिष्ठान की व्यवस्थाओं में बदलाव किया गया है। संतोषजनक सुधार मिलने पर रिपोर्ट मुख्यालय भेजी गई और जांच के बाद 56 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस बहाल कर दिए गए। अभियान में केवल रेस्टोरेंट और किचन की सफाई ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन खाद्य कारोबार में उपभोक्ताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया जा रहा है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेचे जा रहे फ्रोजन, प्री-कुक्ड और पार्शियली कुक्ड खाद्य पदार्थों के बारे में ग्राहक को स्पष्ट जानकारी देना जरूरी होगा। यदि कोई खाद्य पदार्थ पहले से फ्रोजन, पकाया हुआ या आंशिक रूप से पकाया गया है और उसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए बेचा जा रहा है तो इसकी जानकारी ग्राहक को दी जानी चाहिए। इससे उपभोक्ता को उत्पाद की प्रकृति की जानकारी रहेगी और वह अपनी पसंद के अनुसार खरीदारी का निर्णय ले सकेगा। लखनऊ के अलीगंज स्थित रेबेल फूड्स जैसी इकाइयों में ऑनलाइन बेचे जा रहे फ्रोजन और प्री-कुक्ड/पार्शियली कुक्ड उत्पादों की जानकारी स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया जा रहा है। एफएसडीए ने खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस में दर्ज गतिविधियों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की है। विभाग के अनुसार हुक्का या हुक्का बार खाद्य कारोबार की श्रेणी में नहीं आता। इसलिए फूड लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन में हुक्का बार जैसे शब्द दर्ज नहीं किए जा सकते। एफएसडीए ने रेस्टोरेंट कारोबार के लिए खाद्य सुरक्षा नियमों के पालन से संबंधित एसओपी और दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

विकसित भारत यात्रा में देश का नेतृत्व करें युवा : डॉ. एल. मुरुगन

युवाओं को आधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में अवसरों का पता लगाने के लिए किया प्रोत्साहित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने आज युवाओं से 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में योगदान देने के लिए अपने कौशल, रचनात्मकता और नवाचार क्षमता का सदुपयोग करने का आह्वान किया। नोएडा स्थित एक संस्थान में छात्रों और शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने उभरते अवसरों के लिए भारत के युवाओं को तैयार करने में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आजीवन अधिगम, कौशल विकास और उद्यमिता के महत्व पर बल दिया।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की केंद्रीय भूमिका की रूपरेखा के बारे में डॉ. मुरुगन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के युवा शक्ति को भारत के 2047 तक के विकसित भारत के सफर के केंद्र में रखने वाले दृष्टिकोण का हवाला दिया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विकसित भारत कोई दूर का सपना नहीं बल्कि एक ऐसा भविष्य है और



आज के युवा इसे आकार देने में योगदान देंगे। उन्होंने शिक्षा को कौशल, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, उद्यमिता और रोजगार से जोड़ने वाले एक इकोसिस्टम की आवश्यकता पर बल दिया।

बदलती दुनिया के लिए शिक्षा सुधार : केंद्रीय मंत्री ने शिक्षा को अधिक लचीला, बहुविषयक और कौशल-उन्मुख बनाने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में, जीवन भर सीखना जारी रहना चाहिए ताकि व्यक्ति अपने करियर के विभिन्न चरणों में नए कौशल और योग्यताएं प्राप्त कर सकें। डॉ. मुरुगन ने ऑनलाइन शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए विविध आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुरूप सुलभ शिक्षण अवसरों की मांग की। इसका उद्देश्य है कि शिक्षार्थी अपने कौशल को उन्नत करने के साथ ही विकसित हो रही व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुकूल हो सकें।

ज्ञान तक पहुंच का लोकतंत्रीकरण : डॉ. मुरुगन ने गुणवत्तापूर्ण अकादमिक अनुसंधान और वैश्विक ज्ञान संसाधनों तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में सरकार की 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' पहल को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान तक पहुंच संस्थागत या भौगोलिक सीमाओं से बाधित नहीं होनी चाहिए, और कहा कि प्रतिभा हर जगह है, और अवसर भी हर जगह होने चाहिए।

शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसर : रोजगार के अवसरों के बारे में केंद्रीय मंत्री ने रोजगार सृजन में अवसंरचना विकास, विनिर्माण, सेवाओं, उद्यमिता और कौशल विकास की भूमिका के बारे में भी बताया। आरबीआई-केएलईएमएस के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि भारत ने 2014-15 और 2023-24 के बीच लगभग 17.1 करोड़ नौकरियां सृजित की गईं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे डिग्री से आगे बढ़कर व्यावहारिक कौशल, समस्या-समाधान क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करें ताकि बदलती अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा कर सकें। उन्होंने युवाओं को ऐसी क्षमताएं विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जो उन्हें नवाचार करने और दूसरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में सक्षम बनाएंगी। डॉ. मुरुगन ने विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, गेमिंग, एनीमेशन, दृश्य प्रभाव, विस्तारित वास्तविकता और डिजिटल सामग्री जैसे क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी और रचनात्मकता से मिलकर पैदा होने वाले मौजूद अवसरों का पता लगाने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने भारत के युवाओं से प्रौद्योगिकी और सामग्री के उपभोक्ता बनने से आगे बढ़कर विश्व के लिए निर्माता बनने का आह्वान किया। निरंतर सीखने और नवाचार के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने छात्रों को उभरते प्रौद्योगिकी-आधारित उद्योगों में भाग लेने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

केंद्रीय म

बाढ़: फैजुल्लागंज से गोमती नगर विस्तार तक हाल-बेहाल

इकाना के बाहर 26 पंपिंग सेट से पानी निकासी, आईआईआईटी बंद, जुगाड़ की नाव से आवाजाही के लिए लोग विवश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमती नदी की बाढ़ से लखनऊ में हालात लगातार गंभीर बने हुए हैं। प्लासियो मॉल और आसपास का इलाका पानी से घिर गया है, जबकि आपदा प्रबंधन कार्यालय तक बाढ़ का पानी पहुंच गया है। इकाना स्टेडियम के बाहर जलभराव से निपटने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 26 पंपिंग सेट लगाए हैं। उधर, आईआईआईटी परिसर में भारी जलभराव के कारण संस्थान को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है और परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं।

फैजुल्लागंज में पिछले करीब 10 दिनों से बड़ी संख्या में परिवार बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। लोग घरों का जरूरी सामान छतों पर रखकर रहने को मजबूर हैं। प्रशासन के मुताबिक प्रभावित इलाकों में 40 से अधिक नावें राहत और आवाजाही के लिए लगाई गई हैं, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि हजारों परिवारों की जरूरत के मुकाबले नावों की संख्या बेहद कम है। कई जगह लोग खुद जुगाड़ की नाव बनाकर बुजुर्गों, बच्चों और परिजनों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा रहे हैं।



हालांकि राहत की बात यह है कि बुधवार रात से गोमती का जलस्तर स्थिर बताया जा रहा है। प्रशासन ने भी जलस्तर में स्थिरता की पुष्टि की है। हालांकि, जलस्तर स्थिर होने के बावजूद प्रभावित इलाकों में मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। कई मोहल्लों में घरों और रास्तों पर पानी भरा है। लोगों को आने-जाने, भोजन-पानी जुटाने और बच्चों, बुजुर्गों तथा बीमार लोगों को सुरक्षित रखने में परेशानी हो रही है। मिल्लत नगर की कच्ची ढाल कॉलोनी में एक बीमार बच्ची घर में पानी भर जाने के कारण फंस गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्ची का रेस्क्यू किया और उसे अस्पताल पहुंचाया। वहीं, गोमती का पानी दुबग्गा तक पहुंचने से वहां भी लोगों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जलस्तर और बढ़ा तो दुबग्गा में भी फैजुल्लागंज जैसे हालात बन सकते हैं।

महापौर ने नाव से लिया जायजा, दोनों वक्त पहुंच रहा भोजन

सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन, नगर निगम, एलडीए, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस की टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव अभियान चला रही हैं। महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ जोन-3 के लोहरामऊ, फैजुल्लागंज, दाउद नगर और मिल्लत नगर सहित विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया। जोन-6 के हयात नगर, सेहठा गांव और गुल्मी खेड़ा में वह नाव से पहुंचीं और प्रभावित नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। महापौर ने प्रभावित लोगों को भोजन के पैकेट, पेयजल और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। नगर निगम के अनुसार दाऊद नगर, मामा कॉलोनी और लोहरामऊ में करीब 800 भोजन पैकेट बांटे गए। इसके अलावा अलग-अलग प्रभावित बस्तियों और गलियों में दोनों समय 1450 से अधिक भोजन पैकेट वितरित किए गए। जरूरत और मांग के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में नियमित रूप से भोजन पहुंचाया जा रहा है। महापौर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लगाए गए हेल्थ कैंप और कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य टीम से दवाओं और उपचार की उपलब्धता की जानकारी ली और निर्देश दिया कि किसी भी बीमार व्यक्ति को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही प्रभावित नागरिकों को स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

पानी स्थिर, लेकिन खतरा बरकरार : गोमती का जलस्तर स्थिर होने से प्रशासन को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन निचले इलाकों में जलभराव और आवागमन की समस्या अभी बनी हुई है। फैजुल्लागंज सहित कई इलाकों में लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित है। प्रशासन और राहत एजेंसियां लगातार जल निकासी, भोजन, पेयजल, चिकित्सा और बचाव कार्यों में जुटी हैं। स्थानीय लोगों की नजर अब गोमती के जलस्तर पर टिकी है, क्योंकि जलस्तर में दोबारा वृद्धि होने पर हालात और गंभीर होने की आशंका बनी हुई है।



इकाना-पलासियो क्षेत्र में एलडीए ने झोंकी पूरी ताकत

गोमती नगर विस्तार में गोमती का पानी इकाना स्टेडियम, प्लासियो मॉल और आसपास के योजना क्षेत्र में पहुंचने के बाद एलडीए ने जल निकासी के लिए अभियान तेज कर दिया है। जिस स्थान से नदी का पानी योजना क्षेत्र में प्रवेश कर रहा था, वहां बोल्डर और मिट्टी डालकर मजबूत अस्थायी अवरोध बनाया गया है। इसके साथ ही 26 पंपिंग सेट लगाकर लगातार पानी बाहर निकाला जा रहा है। एलडीए के अनुसार गुरुवार शाम पांच बजे तक जलभराव की स्थिति में काफी सुधार दर्ज किया गया। राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में मैनपावर करीब डेढ़ गुना बढ़ाया गया है। अधिकारी, अभियंता और कर्मचारी तीन शिफ्ट में 24 घंटे ड्यूटी कर रहे हैं, ताकि जल निकासी के साथ किसी भी आकस्मिक स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार और सचिव सुशील प्रताप सिंह ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। सुरक्षा के मद्देनजर सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड और नौसेना शौर्य वाटिका को अग्रिम आदेश तक आगंतुकों के लिए बंद कर दिया गया है।

गोसाईंगंज और मोहनलालगंज में 5 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरूवार को गोसाईंगंज व मोहनलालगंज क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना 100 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में की जा रही 05 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने यह कार्रवाई की। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि गोसाईंगंज के ग्राम-बेली, मोहारी कला, उदवतखेड़ा व शिवलर माइनर के किनारे अभियान चलाया गया। जिसमें सुरेश कुमार राठौर, प्रगति साहू, मनीष मिश्रा, अनिल अग्रवाल, प्रशांत मिश्रा, सौरभ सिंह, दीपक सिंह, विष्णु गुप्ता व अन्य की ओर से लगभग 90 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 04 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त मोहनलालगंज के ग्राम-खुजौली में सरस्वती लॉन के पीछे अभिषेक सिंह, राजू व अन्य की ओर से लगभग 18 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 01 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया।

डॉ. बोरा ने की धैर्य-संयम की अपील



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रक्षामंत्री के विशेष कार्याधिकारी के.पी. सिंह एवं जनसंपर्क अधिकारी पुष्कर शुक्ला ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने लोगों से धैर्य एवं संयम बनाए रखने तथा किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। राहत अभियान के तहत मथुरा विहार, सावित्री नगर, लोहरामऊ, ऊंचा टीला, शिव शक्ति नगर एवं राम विहार में प्रभावित परिवारों को राशन सामग्री, पका हुआ भोजन एवं पेयजल उपलब्ध कराया गया। विधायक डॉ. बोरा के नेतृत्व में गठित राहत टीम ने नाव के माध्यम से बाढ़ प्रभावित अलग-अलग कॉलोनियों में पहुंचकर लोगों को राशन सामग्री एवं पानी की बोतलें भी वितरित कीं। डॉ. बोरा ने कहा कि संकट की इस घड़ी में फैजुल्लागंजवासियों के साथ वे स्वयं, उनकी टीम और कार्यकर्ता निरंतर खड़े हैं। हर प्रभावित परिवारों तक अधिक से अधिक राहत एवं बचाव सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन भी अपने स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह प्राकृतिक आपदा है, इसलिए लोग घबराएं नहीं और किसी भी अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें। राहत, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रभावित परिवारों तक पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा।

युवाओं की भागीदारी से टीबी पर लगेगी रोक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में टीबी उन्मूलन की दिशा में जनभागीदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से टीबी मुक्त भारत अभियान-जोश टीम टीम का शुभारंभ बृहस्पतिवार को किया गया। केंद्रीय स्तर पर नयी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअली मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनबी सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डा. एके सिंघल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के कर्मचारी जुड़े।

मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कहा कि टीबी को खत्म करने के लिए केवल स्वास्थ्य विभाग के प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। भारत सरकार टीबी मुक्त भारत अभियान को सरकार के साथ-साथ समाज की भागीदारी से आगे बढ़ा रही है और इसमें जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। युवाओं को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। एनसीसी कैडेट और माई भारत स्वयंसेवक अपने क्षेत्र में लोगों को टीबी के लक्षणों, जांच और समय पर इलाज के प्रति जागरूक करेंगे। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से टीबी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और जरूरतमंद लोगों को जांच एवं उपचार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जोश टीमों का गठन ब्लॉक और वार्ड स्तर पर किया जाएगा। प्रत्येक टीम में 5 एनसीसी कैडेट और 5 माई भारत स्वयंसेवक शामिल होंगे। ये युवा अपने क्षेत्र में टीबी के लक्षणों, जांच और इलाज के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। साथ ही, समुदाय के बीच नियमित संपर्क बनाए रखते हुए टीबी से जुड़े अभियान में जमीनी स्तर पर सहयोग करेंगे। यह पहल राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चल रहे प्रयासों को और मजबूत करने में मदद करेगी। कार्यक्रम के दौरान जोश टीम के सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। टीम में 10 एनसीसी कैडेट और 8 माई भारत के स्वयंसेवक शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने टीबी मुक्त जनपद बनाने की शपथ ली।



- टीबी मुक्त भारत अभियान की जोश टीम की शुरुआत

सपा ने बीएलओ की सूची उपलब्ध कराने की उठायी मांग

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा वोटर लिस्ट के विशेष अभियान के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक करके विशेष अभियान के सम्बन्ध में समाजवादी पार्टी ने भाग लिया। बैठक में पार्टी की तरफ से वोटर लिस्ट के विशेष अभियान के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि भाजपा को लाभ पहुंचाने की नियत से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वोटर लिस्ट में एसआईआर प्रक्रिया 166 दिन चलाई गई और अभी वोटर लिस्ट का संक्षिप्त पुनरीक्षण भी चलाया जायेगा। विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2027 में 100 दिन से कम दिन बचे हैं। ऐसे में विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता नहीं है। राजनैतिक दलों की बैठक में सपा की ओर से बीएलओ के नाम व मो.नं. की सूची तत्काल बीएलए को उपलब्ध कराने, बीएलए को चिन्हित मतदाताओं की सूची बीएलओ द्वारा प्रतिदिन उपलब्ध कराने और बीएलओ द्वारा भ्रमण में जाने से पहले बीएलए को सूचित करने, राजनैतिक दलों को प्रत्येक सप्ताह बूथ वार व विधान सभा वार सूची उपलब्ध कराने, निरंतर पुनरीक्षण के नियम के अनुसार फार्म 6 ईआरओ के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने की मांग की गई।

दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में एकेटीयू के प्रो. अरूण तिवारी शामिल



लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एवं घटक संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रो. अरूण कुमार तिवारी को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से जारी विश्व के टॉप दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में स्थान मिला है। प्रो. तिवारी को यह सम्मान पिछले छह वर्षों से लगातार मिल रहा है। प्रो. तिवारी की उपलब्धि से विश्वविद्यालय का मान बढ़ा है।

कवियों की रचनाओं से गूंज उठा एकेटीयू



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज, मैनेजमेंट संकाय एवं फॉर्मेसी संकाय के नवप्रवेशी छात्रों की फ्रेशर्स पार्टी कवियों की गूंज से यादगार बन गयी। कवियों ने अपनी एक से बढ़कर एक रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाया, हंसाया और सोचने पर भी मजबूर कर दिया। वीर रस के प्रख्यात कवि डॉ हरिओम पंवार ने अपनी रचनओं से देशभक्ति का जोश भर दिया।

इसके बाद मंच संभाला प्रसिद्ध हास्य कवि शंभू शिखर ने। अपनी चुटीली रचनाओं से उन्होंने लोगों को खूब हंसाया। साथ ही विभिन्न मुद्दों पर अपनी रचना से व्यंग्य भी किया। अपनी रचना लम्बे जीवन का ये तरीका है, मुस्करा कर जियो सुनाया....इसके बाद माइक संभाला लखनऊ के हास्य कवि सर्वेश अस्थाना ने रिश्तों में तकरार बहुत है, लेकिन इनमें प्यार बहुत है। अपनी हाजिर जवाबी और तुकबंदी से उन्होंने श्रोताओं का जमकर मनोरंजन किया। इस तरह उनकी रचना ने सुनने वालों की शाम यादगार बना दिया। इसके बाद मंच प्रख्यात मिश्रा ने संभाला। उन्होंने अपनी रचना जेन जी पर जो कटी जींस पहनकर... सुनाया। मेरी कविता मजलूमों की पीड़ा संदेश है पढ़ा। हाय हैलो वालों को श्रीराम कहना सिखा कर जाऊंगा... गाकर खूब वाहवाही लूटी। शबीना अदीब ने कौमी एकता का संदेश देते हुए मां सरस्वती की वंदना मां शारदे, वरदान दो, वरदान दो, हो सत्य जीवन सारथी, तेरी करूं आरती सुनाया।

युवाओं के लिए आसान हुई चुनावी प्रक्रिया

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं (जेन जी) के लिए मतदाता पंजीकरण और चुनावी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाया है। 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवा साल में चार अर्हता तिथियों एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर के आधार पर प्रपत्र छह भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। आयोग के अनुसार 24 जून 2025 के बाद 2.37 करोड़ से अधिक नई पीढ़ी के मतदाता सूची में शामिल हुए हैं। वर्तमान में 17.38 करोड़ नई पीढ़ी के मतदाता पंजीकृत हैं। रिवर बैंक में जागरुकता कार्यक्रम में अंबर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने बताया कि कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से जागरुकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। बफा अब्बास ने बताया कि आयोग के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान प्रपत्र-छह की मूल प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मतदाता सूची के सत्यापन के लिए बूथ लेवल अधिकारी घर-घर पहुंचते हैं। नाम हटाने का निर्णय उचित सूचना व सुनवाई के बाद ही किया जाता है। ईसीआईनेट सुरक्षित डिजिटल मंच है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने का अंतिम वैधानिक अधिकार संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी का है। चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन इंटरनेट, वाईफाई या ब्लूटूथ से जुड़ी नहीं होती। मतदान से पहले तकनीकी जांच, दोहरा यादृच्छिकीकरण, नमूना मतदान और वीवीपैट पर्चियों के मिलान जैसी व्यवस्थाएं पारदर्शिता सुनिश्चित करती हैं। युवा मतदाता सहायता मोबाइल ऐप या निर्वाचन आयोग के पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे जीवंत लोकतंत्र है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था की असली ताकत देश की युवा आबादी में निहित है। विशेष रूप से जेन जी और पहली बार मतदान करने वाले युवा देश के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाते हैं।

नियमितीकरण लेकर एनएचएम कर्मियों का ईको गार्डन में प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

- धरने के दौरान पांच सूत्री मांगों के लिए आवाज की बुलंद



लखनऊ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत काम कर रहे कर्मचारियों ने आज अपनी लंबित मांगों को लेकर ईको गार्डन में एकजुटता दिखाते हुए प्रदर्शन किया। संयुक्त संघर्ष समिति, एनएचएम उत्तर प्रदेश के बैनर तले विभिन्न संवर्गों के हजारों कर्मचारी, पदाधिकारी और प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि एनएचएम कर्मचारी सालों से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को संभाल रहे हैं लेकिन उन्हें आज भी उचित वेतन, नियमितीकरण और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। इसी को लेकर कर्मचारियों में भारी असंतोष है।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में समान कार्य-समान वेतन के तहत न्यूनतम 18 हजार रुपये वेतन और नियमित वेतन वृद्धि लागू हो। लंबे समय से काम कर रहे एनएचएम कर्मियों को राज्य स्वास्थ्य व्यवस्था में शामिल कर नियमित किया जाए, जैसा कि केंद्र सरकार ने 2011 और 2018 में सुझाव दिया था।

एनएचएम के खाली पदों को भरा जाए और सभी के लिए पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी बनायी जाए। सभी कर्मचारियों को ग्रेच्युटी और हेल्थ इंश्योरेंस जैसी सामाजिक सुरक्षा दी जाए और आउटसोर्स और कोविड काल में रखे गए कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा देकर समायोजित किया जाए। धरने में डॉ. अनिल गुप्ता, योगेश कुमार उपाध्याय, हिमालय कुमार, हरिओम सिंह, प्रेमलता पाण्डेय, सुनेना अरोड़ा, सनत सिंह मौजूद रहे।

वैश्विक सूची में पीजीआई के 20 डाक्टर-वैज्ञानिक शामिल

लखनऊ। मरीजों के बेहतरीन इलाज के साथ-साथ चिकित्सा अनुसंधान (मेडिकल रिसर्च) के क्षेत्र में लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) ने वैश्विक स्तर पर अपनी सफलता का परचम लहराया है। अमेरिका की प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा जारी दुनिया के ह्यशीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकोंह्ल की सूची में एसजीपीजीआई के 20 डॉक्टर-वैज्ञानिकों ने अपनी जगह बनाई है। इनमें 18 प्रोफेसर और 2 पोस्ट-डॉक्टोरल फेलो शामिल हैं। संस्थान के वैज्ञानिकों ने चिकित्सा विज्ञान की कई अलग-अलग विशेषज्ञताओं में यह मुकाम हासिल किया है। सूची में स्थान पाने वाले वैज्ञानिकों में हेपेटोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, गैस्ट्रो सर्जरी, क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, क्रिटिकल केयर मेडिसिन, एंडोक्राइनोलॉजी, एंडोक्राइन सर्जरी, पेडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और बायोस्टैटिस्टिक्स एंड हेल्थ इंफॉर्मेटिक्स जैसे विभागों के विशेषज्ञ शामिल हैं। वैश्विक सूची में स्थान पाने वाले प्रमुख शोधकताओं में संस्थान के निदेशक व हेपेटोलॉजी प्रो. आरके धीमन, प्रो. अमित गोयल, डॉ. अजय कुमार मिश्रा, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी व पेडियाट्रिक गैस्ट्रो प्रो. राकेश अग्रवाल, प्रो. उदय चंद्र घोषाल, प्रो. उज्ज्वल पोद्दार, प्रो. अंशु श्रीवास्तव, न्यूरोलॉजीः स्वर्गीय प्रो. यू.के. मिश्रा, प्रो. जयंती कालिता नेफ्रोलॉजी व क्रिटिकल केयरः प्रो. नारायण प्रसाद, प्रो. मोहन गुर्जर और अन्य विभाग से प्रो. गौरव अग्रवाल (एंडोक्राइन सर्जरी), प्रो. रमा देवी मित्तल (मेडिकल जेनेटिक्स), प्रो. प्रभाकर मिश्रा व डॉ. मोना पाठक (बायोस्टैटिस्टिक्स), डॉ. रोहित सिन्हा (एंडोक्राइनोलॉजी), प्रो. स्वस्ति तिवारी (मॉलिक्यूलर मेडिसिन), डॉ. दुर्गा प्रसन्ना मिश्रा (इम्यूनोलॉजी) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त युवा शोधकर्ताः एंडोक्रिनोलॉजी विभाग की पोस्ट-डॉक्टरल फेलो डॉ. सना रजा और हेपेटोलॉजी विभाग की रिसर्च एसोसिएट डा. मनीषा दुबे भी हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पीजीआई अब केवल बेहतर इलाज का ही नहीं, बल्कि विश्वस्तरीय अनुसंधान का भी प्रमुख केंद्र बन चुका है।

अब दुनिया देखेगी यूपी के तराई जंगलों की अनकही कहानियां

विशेष संवाददाता (vol)

- अनटेम्ड तराई परियोजना शुरू, तीन साल तक दुधवा समेत प्रमुख वन क्षेत्रों में होगा फिल्मांकन



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की तराई की समृद्ध जैव विविधता, वन्यजीवों और प्राकृतिक विरासत को वैश्विक मंच तक पहुंचाने की पहल शुरू हो गई है। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल और एनवायरमेंट वॉरियर्स के प्रयासों से अनटेम्ड तराई परियोजना की शुरूआत की गई है। इसके तहत तराई के जंगलों और वन्यजीवों पर करीब तीन वर्षों तक फिल्मांकन किया जाएगा।

लखनऊ स्थित नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में उत्तर प्रदेश वन विभाग, पांच बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित वन्यजीव फिल्मकार एवं निर्देशक सुब्बैया नल्ला मुथु की संस्था नल्लाज आर्क और एनवायरमेंट वॉरियर्स के बीच परियोजना को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। परियोजना के तहत दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य, रानीपुर टाइगर रिजर्व और अमानगढ़ टाइगर रिजर्व सहित तराई के प्रमुख वन क्षेत्रों में लंबे समय तक फिल्मांकन किया जाएगा। इस दौरान वन्यजीवों, जैव विविधता, प्राकृतिक आवास, वन्यजीवों के व्यवहार और संरक्षण के प्रयासों को कैमरे में दर्ज किया जाएगा। परियोजना का उद्देश्य तराई की उन अनकही प्राकृतिक कहानियों को सामने लाना है, जो अभी देश-दुनिया के बड़े हिस्से तक नहीं पहुंच सकी हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि तराई उत्तर प्रदेश की अमूल्य प्राकृतिक विरासत है। अनटेम्ड तराई के माध्यम से इसकी अनकही कहानियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने के साथ युवाओं और समाज को प्रकृति एवं वन्यजीव संरक्षण से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिल्मांकन के माध्यम से तराई की जैव विविधता और संरक्षण की चुनौतियों को दुनिया के सामने लाने में मदद मिलेगी। एनवायरमेंट वॉरियर्स की ओर से भी पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। संस्था युवाओं और नागरिकों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने तथा प्रदेश की प्राकृतिक विरासत के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सुनील चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव अनुराधा वेमुरी मौजूद रहीं।

पीजीआई में लिवर कैंसर से पीड़ित सात माह के दो बच्चों का हुआ सफल इलाज

विशेष संवाददाता (vol)



- चुनौतीपूर्ण स्थिति में दो मासूमों को मिला नया जीवन

लखनऊ। पीजीआई के पीडियाट्रिक सर्जिकल सुपर स्पेशलिटी विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विभाग के डॉ. बसंत कुमार के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने लिवर कैंसर (हेपेटोब्लास्टोमा) से पीड़ित 6 किलोग्राम से कम वजन वाले दो मासूम शिशुओं की रोबोटिक लिवर सर्जरी (लिवर रिसेक्शन) करने में बड़ी सफलता पायी है।

एसजीपीआई पीडियाट्रिक सर्जिकल सुपर स्पेशलिटी के डॉ. बसंत कुमार के मुताबिक भारत में शिशुओं पर की गई ये पहली रोबोटिक लिवर रिसेक्शन सर्जरी हैं। यह उपलब्धि बहुत कम उम्र और कम वजन वाले बच्चों की जटिल हेपेटोबिलियरी सर्जरी में रोबोटिक तकनीक के इस्तेमाल की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। चिकित्सकों ने पहले दी कीमोथेरेपी, फिर सर्जरी कर लिवर का हिस्सा निकाला।

डॉ. बसंत कुमार ने बताया कि करीब 5 किलो वजन के एक सात माह के बच्चे के लिवर के बाएं हिस्से में कैंसर था। डॉक्टरों ने पहले उसे कीमोथेरेपी (कैंसर की दवाएं) दी, जिससे ट्यूमर वाले हिस्से का आकार थोड़ा कम हो सके। इसके बाद 5 सितंबर को रोबोटिक सर्जरी के जरिए लिवर के उस प्रभावित हिस्से को सफलतापूर्वक काटकर अलग कर दिया गया। इसी तरह का दूसरा मामला एक 7 महीने की बच्ची का भी था, जिसका वजन लगभग 6 किलो था। बच्ची के भी लिवर के बाएं हिस्से में ट्यूमर था। उसे भी पहले कीमोथेरेपी दी गई और फिर 3 अक्टूबर को रोबोटिक तकनीक से उसके लिवर के बाएं हिस्से की सफल सर्जरी की गई। उन्होंने बताया कि इतने छोटे और कम वजन के बच्चों की रोबोटिक लिवर सर्जरी करना डॉक्टरों के लिए एक बड़ी चुनौती थी। राहत की बात यह है कि दोनों ही बच्चे ऑपरेशन के बाद बिल्कुल ठीक हैं और तेजी से रिकवर कर रहे हैं। डॉक्टरों की देखरेख में कैंसर को पूरी तरह खत्म करने के लिए उनकी आगे की कीमोथेरेपी की प्रक्रिया जारी है। डॉ. बसंत कुमार ने बताया कि इस सर्जरी में बच्चों के लिवर का कुछ हिस्सा निकालना (लिवर रिसेक्शन) सबसे मुश्किल प्रक्रियाओं में से एक है। पेट में काम करने के लिए बहुत कम जगह मिलती है, साथ ही शरीर की नाजुक बनावट भी सर्जरी को जटिल बनाता है, ऐसे में बहुत पतली रक्त वाहिकाएं और पित्त नलिकाएं और लिवर की कार्यक्षमता को बनाए रखते हुए खून बहने पर सटीक नियंत्रण की जरूरत जैसी चुनौतियां इसे और भी मुश्किल बना देती हैं, लेकिन रोबोटिक सर्जरी के जरिये 6 किलोग्राम से कम वजन वाले इन बच्चों की सर्जरी सफल रही है।

भाजपा सरकार में भर्तियों में हो रही धांधली : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भर्तियों में बड़े पैमाने पर धांधली और बेईमानी हो रही है। केजीएमयू में नर्सिंग की भर्ती में जयपुर के एक कोचिंग से 500 छात्रों की भर्ती हो जाना इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद, नर्सिंग भर्ती में ये कोई पहला संदिग्ध मामला नहीं है। इसके पहले भी 500 क्या 700 तक, उन कोचिंग संस्थानों के अभ्यर्थियों को नौकरी मिली है जिनके अवैध तार अंडरग्राउंड-अनरजिस्टर्ड लोगों से सीधे जुड़े हैं।

श्री यादव ने कहा कि ये घपलेबाज संगी-साथियों के आपसी लेन-देन का पुराना खुफिया रिश्ता है, जिसका पैटर्न एक जैसा है। भाजपा सरकार आने के बाद चाहे लोहिया इंस्टीट्यूट हो, पीजीआई, सैफई मेडिकल और अब केजीएमयू नर्सिंग व पैरामेडिकल टेक्नीकल स्टाफ का भर्ती घपला, इस पैटर्न के पीछे ह्यसंगी-साथियों की आपराधिक संलिप्तता है। देखते हैं जाँच एजेंसियाँ इस पहलू को उजागर करती हैं या दूध का दूध, पानी का पानी करनेवालों के झूठे वादे-दावे की तरह, यहाँ भी आपस में हिसाब-किताब करके और दोषियों को क्लीन चिट देकर पतली गली से ये गुनगुनाते हुए निकल लेती हैं कि तेरा-मेरा साथ अमर, फिर मुझको काहे का डर।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा चिकित्सा के क्षेत्र में अपने अयोग्य लोगों को पिछले दरवाजे से लाकर लोगों के जीवन से बेहद खतरनाक खिलवाड़ कर रही है। भाजपा और उनके संगी-साथियों के बेइंतहा लालच का अंतरिक्ष जितना असीमित खुला मुँह देखकर तो सुरसा भी शर्म के मारे अपना मुख बंद कर लेती है।



महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

दुबग्गा : हुक्का बार में दबिश पांच गिरफ्तार, मालिक फरार

80 हजार के हुक्के और तंबाकू बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद राजधानी पुलिस कार्रवाई के मूड में है। पुलिस ने गुरुवार को दुबग्गा क्षेत्र में अवैध हुक्का बार पर छापा मारा और मौके पर पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए तीन नाबालिगों को संरक्षण में लिया है जो प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों का सेवन कर रहे थे। पुलिस ने करीब 80 हजार रुपये के हुक्के और तंबाकू बरामद किए हैं। बार संचालक मौकेसे फरार हो गभया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

हाईकोर्ट सख्त तेवर होने केबाद लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस लगातार अवैध रुप से संचालित हुक्का बार और संचालकों पर कार्रवाई कर रही है। इससे पूर्व कैसरबाग क्षेत्र स्थित सिटी होटल में संचालित हुक्का बार पर कार्रवाई की थी। इसके बाद पारा पुलिस ने दुबग्गा इलाके में चल रहे अवैध हुक्का बार पर छापा मारा। छापे के दौरान आठ लोगों को पकड़ा गया, जिनमें तीन नाबालिग हैं। पुलिस ने अधिक मात्रा में हुक्का, तंबाकू उत्पाद बरामद किया है। हुक्का बार संचालक फरार हो गया।



पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि दुबग्गा में सर्विस लेन स्थित बहुमंजिला इमारत के दूसरे तल पर अवैध हुक्का बार में नाबालिगों को नशा परोसने की शिकायत मिली थी। इसी आधार पर बुधवार रात पुलिस टीम ने अवैध हुक्का बार में छापेमारी और हुक्का बार में आठ लोग पकड़े गए। इसमें पांच आरोपी पारा निवासी अनिकेत, दीपक सिंह, बालेंद्र कुमार, शिवा कनौजिया व ठाकुरगंज का सैफ अली है। साथ ही तीन नाबालिग को भी मौके पर ही प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद का सेवन करते हुए पकड़ा गया। बुद्धेश्वर चौकी प्रभारी विनय पटेल ने सिगरेट एवं तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

शिक्षक-स्नातक चुनाव : भाजपा लखनऊ महानगर ने तेज की संगठनात्मक तैयारी

- सभी विधानसभाओं में बूथ इंचार्जों की बैठक, मतदाता संपर्क और बूथ प्रबंधन पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शिक्षक एवं स्नातक खंड चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा लखनऊ महानगर ने संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करते हुए महानगर की सभी विधानसभाओं में बूथ इंचार्जों की बैठक आयोजित की। बैठकों में बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने, मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने तथा चुनावी तैयारियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठकों में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सह-प्रभारी प्रदीप कुमार वर्मा तथा भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बूथ इंचार्जों से अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षक एवं



स्नातक मतदाताओं के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने और संगठनात्मक समन्वय के साथ चुनाव की तैयारियों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

कैंट विधानसभा में आयोजित बैठक में गौरव भाटिया, मान सिंह एवं सुशील तिवारी पम्मी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं पश्चिम विधानसभा में पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी, चुनाव उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, महानगर महामंत्री सत्येंद्र सिंह, मंत्री अर्चना साहू, मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण एवं बूथ इंचार्ज मौजूद रहे।

विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में लविवि के 14 शोधकर्ता शामिल

लखनऊ। संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार किए गए वैश्विक वैज्ञानिकों के डेटाबेस (2026 संस्करण) में लखनऊ विश्वविद्यालय के 14 संकाय सदस्यों को विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में स्थान प्राप्त हुआ है। इसमें प्रो. ओमकार (प्राणि विज्ञान विभाग), प्रो. मधुकमले (बायोकेमिस्ट्री विभाग), डॉ. विनोद कुमार वशिष्ठ (रसायन विज्ञान विभाग), प्रो. अमृतांशु शुक्ला (भौतिकी विभाग), प्रो. मोहम्मद इस्त्राइल अंसारी (प्राणि विज्ञान विभाग), डॉ. नलिनी पांडे (वनस्पति विज्ञान विभाग), डॉ. चंद्रकिरण गौतम (भौतिकी विभाग), डॉ. मनोज कुमार जैन, डॉ. विवेक कुमार सिंह (भौतिकी विभाग), प्रो. अभिनव कुमार (रसायन विज्ञान विभाग), प्रो. इंद्र बीर सिंह (भूविज्ञान विभाग), डॉ. शशि भूषण (सांख्यिकी विभाग), प्रो. मोनिशा बनर्जी (प्राणि विज्ञान विभाग), डॉ. प्रदीप कुमार (वनस्पति विज्ञान विभाग) ने जगह बनाई है। आजीवन प्रभाव सूची में 5 वैज्ञानिकों ने परचम लहराया। इसमें प्रो. विष्णु जी राम, प्रो. इंद्र बीर सिंह (भूविज्ञान विभाग), प्रो. ओमकार (प्राणि विज्ञान विभाग), प्रो. अमृतांशु शुक्ला (भौतिकी विभाग) और डॉ. चंद्रकिरण गौतम (भौतिकी विभाग) है।

एजेंसी से ई-रिक्शा के चार्जर व बैटरियां चोरी

लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी स्थित ई रिक्शा एजेंसी में बैखोफ चोर एजेंसी की पिछली दीवार तोड़कर अंदर खड़े नये ई रिक्शा के चार्जर व बैट्रियां चोारी कर ले गए। चोरी गए मालकी कीमत करीब तीन लाख रुपए है। चोर सामान केसाथ सीसीटीवी कैमरो का डीवीआर भी चोरी कर ले गए। एजेन्सी मालिक का कहना है कि इसके पहले भी एजेंसी में हो चुकी है। उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके परपहुंची और डॉग स्क्वायर्ड बुलाकर जांच की। एजेंसी मालिक ने पुलिस को चोरी के संबंध में तहरीर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

दोस्त को बचाने नदी में कूदा युवक देर रात तक नहीं मिला सुराग

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तरौना गांव के सामने गुरुवार शाम करीब चार बजे बेहता नदी में एक युवक अपने दोस्त को बचाने के प्रयास में तेज धारा में बह गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कराई। देर रात तक उसका कोई पता नहीं चल सका था। गोताखोरों को बुलाकर नदी में तलाश कराई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, तरौना गांव निवासी रोहित पुत्र विष्णु मौर्य (17) लखनऊ-हरदोई हाईवे के किनारे बेहता नदी के पुल के पास अपनी भैंस चरा रहा था। इसी दौरान उसकी भैंस नदी के पानी में चली गई। भैंस को निकालने के लिए रोहित पानी में उतर गया। बताया गया कि रोहित को पानी में डूबता देख उसका दोस्त सूरज पुत्र विजय मौर्य (19) भी उसे बचाने के लिए नदी में कूद गया।

सूरज ने रोहित को तो बचा लिया, लेकिन भैंस को बचाने के प्रयास में वह खुद तेज धारा की चपेट में आ गया। देखते ही देखते सूरज और भैंस पानी में बह गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कराई। सूरज की मां दुलारी और पिता विजय मौर्य ने बताया कि सूरज करीब 15 दिन पहले ही पुणे से काम करके घर लौटा था। परिवार में उसकी बहन गीता, मोना और छोटा भाई राज हैं। अचानक हुए हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। खबर लिखे जाने तक न तो सूरज का कोई पता चल सका था।

रिटायर्ड अधिकारी से 33 लाख की साइबर ठगी

लखनऊ । जालसाजों ने औद्योगिक विकास विभाग से रिटायर अधिकारी को साइबर ठगी का शिकार बनाया। जालसाजों ने उनके मोबाइल सिम बंद रहने के दौरान बैंक खाते से करीब 33 लाख निकाल लिए। सिम दोबारा चालू होने के बाद पासबुक अपडेट कराने पर उन्हें ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

नजरबाग कैसरबाग निवासी मोहज्जम वारसी औद्योगिक विकास विभाग से रिटायर्ड हैं। उन्होंने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 29 सितंबर को अचानक उनके मोबाइल नंबर की सिम सस्पेंड हो गई। उन्होंने जियो के ऑनलाइन नंबर 199 पर संपर्क किया तो बताया गया कि सिम को ऑनलाइन चालू करने के कई प्रयास होने के कारण अब यह तीन दिन बाद ही एक्टिव हो सकेगी। इसके बाद 5 अक्टूबर को जियो पोर्टल के माध्यम से संपर्क करने पर सिम दोबारा चालू हुआ।

सिम चालू होने के बाद उन्हें मोबाइल और बैंक खाते में किसी तरह की धोखाधड़ी की आशंका हुई। उन्होंने यूनियन बैंक की पासबुक अपडेट कराई तो पता चला कि 29 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच खाते से करीब 33 लाख की रकम अलग-अलग माध्यमों से निकाल ली गई।

वारसी का कहना है कि उनके एसबीआई कैसरबाग शाखा के बचत खाते से भी 3 अक्टूबर को 95,424 रुपए ट्रांसफर किए गए। यह रकम शैलेन्द्र कुमार सिंह के एसबीआई हजरतगंज शाखा के खाते में भेजी गई। उन्होंने 6 अक्टूबर को एसबीआई हजरतगंज शाखा में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर 5 और 6 अक्टूबर को कई शिकायतें दर्ज कराई हैं। इंस्पेक्टर साइबर थाना ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

साइबर ठगों ने तीन बैंक खातों से उड़ाये 7 लाख 66 हजार : कृष्णानगर थाना क्षेत्र में रहने वाले तीन बैंक खाताधारकों को निशाना बना साइबर जालसाजों ने अलग अलग तरीकों से 7 लाख 66 हजार रुपये की ठगी कर ली । तीनों पीडितों ने साइबर हेल्पलाइन समेत स्थानीय थाने में मामले की लिखित शिकायत दी । पीड़ित खाता धारकों की शिकायत पर बुधवार देर शाम मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है । कृष्णानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कानपुर रोड के एलडीए कॉलोनी सेक्टर-डी में रहने वाले राजीव कनौजिया पुत्र रामविलास कनौजिया के अनुसार बीते सोमवार को यह घटना हुई।

सेंध लगाकर जेवरात व नकदी चोरी

लखनऊ। निगोहां के कांटा करौंदी गांव में गुलशन कुमार के घर में सेंध लगाकर चोरों ने जेवर और पांच हजार रुपये चोरी कर लिए। सुबह घर का सामान बिखरा देखकर उन्हें चोरी का पता चला। गुलशन ने एक पड़ोसी पर चोरी में शामिल होने का शक जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। निगोहां थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित ने एक पड़ोसी पर चोरी में शामिल होने का शक जताते हुए निगोहां पुलिस को तहरीर दी है। निगोहां थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिली है।

तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरायी, चालक की मौत

लखनऊ। काकोरी में किसान पथ के मोहद्दीनपुर ओवरब्रिज पर बुधवार रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक और पीछे बैठा साथी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया जहां बाइक चालक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने गुरुवार को गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर के मुताबिक बुधवार रात करीब नौ बजे दुबग्गा के जेहटा निवासी रविकांत (30) साथी सुभाष के साथ नादरगंज से जेहटा बाइक से आ रहे थे। बाइक रविकांत चला रहे थे। काकोरी में किसान पथ के मोहद्दीनपुर ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बाइक फिसल कर डिवाइडर पर रगड़ते हुए चली गयी। हादसे की सूचना पर काकोरी और दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को एंबुलेंस से ट्रॉमा सेंटर भेजा गया।

इलाज के दौरान रविकांत ने ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रविकांत वाहन चालक का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी संगीता और दो बच्चे हैं। परिजनों ने गुरुवार को अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ। लखनऊ-सुलतानपुर नेशनल हाईवे पर लूट के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न किए जाने पर पीड़ित ने एसीजेएम-3 लखनऊ की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराई है। अदालत में दाखिल की गई अर्जी के अनुसार सचिन पुत्र महेश प्रसाद निवासी 244/131 याहियागंज लखनऊ 5 फरवरी 2026 की रात करीब 9.30 से 10.30 बजे अपनी निजी कार से लखनऊ-सुलतानपुर हाईवे से गुजर रहे थे। आरोप है कि गोसाईंगंज के नायरा पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार तीन लोगों ने उनकी गाड़ी को घेरने का प्रयास किया और स्कार्पियो से रास्ता रोककर 8 से 10 साथियों को बुला लिया। आरोपितों ने नकदी व सोने के आभूषण लूटने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि उस दौरान पंप पर मौजूद दो पुलिसकर्मियों ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया।

वारंटी गिरफ्तार

लखनऊ। चौक पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्त में आये किशन कश्यप के खिलाफ न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लखनऊ द्वारा निर्गत एनबीडब्ल्यू केस नं0 9850/21, एनसीआर नं0- 30/20 धारा 323 आईपीसी के तहत कार्रवाई की गयी है। अभियुक्त किशन कश्यप पुत्र संतलाल कश्यप निवासी कश्यप नगर थाना चौक को उसकेघर के पते से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

दहेज लोभियों ने विवाहिता को घर से निकाला

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र में जगननाथअमित गंज निवासी गुंजा ने अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और दहेज की मांग का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। गुंजा ने बताया की वह सोनू रावत की पत्नी हैं और मूलरूप से ग्राम जगननाथगंज, थाना गोसाईगंज की रहने वाली हैं। 11 जून को पति सोनू, सोनू की मामी और संदीप ने मिलकर उनके साथ मारपीट कीऔर जान से मार देने की धमकी दी। आरोप है कि सोनू ने मायके वालों से पाँच लाख रुपये, एक दोपहिया गाड़ी और एक तोला सोने की चेन माँगी। कहा गया कि पूरा सामान लेकर आओ, तभी घर में रखूँगा। इसके बाद तीनों ने मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया। गुंजा ने, कोतवाली गोसाईगंज से ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर दे कार्रवाई की माँग की।

राज्य विधि अधिकारी बार चुनाव लड़ सकेंगे या नहीं, विचार करे सरकार

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति और कार्यप्रणाली को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार को यह विचार करने का निर्देश दिया है कि पद पर रहते हुए राज्य विधि अधिकारी बार एसोसिएशन अथवा बार काउंसिल का चुनाव लड़ सकते हैं या नहीं। इस संबंध में कोई निर्णय लेने से पहले बार, बार एसोसिएशन, बार काउंसिल और राज्य विधि अधिकारियों समेत सभी संबंधित पक्षों से परामर्श करने को कहा गया है।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की पीठ ने कहा कि राज्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति से पहले मुकदमों के कार्यभार के आधार पर उनकी वास्तविक जरूरत का उचित आकलन किया जाना चाहिए। चयन प्रक्रिया पारदर्शी और वस्तुनिष्ठ हो तथा नियुक्तियां योग्यता, अनुभव, दक्षता, ईमानदारी, आचरण और पद के लिए उपयुक्तता के आधार पर की जाएं। पीठ ने शासकीय अधिवक्ता, अपर शासकीय अधिवक्ता, मुख्य स्थायी अधिवक्ता, अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता, स्थायी अधिवक्ता तथा दीवानी और आपराधिक मामलों के ब्रीफ होल्डरों की नियुक्ति के संबंध में आठ बिंदुओं वाले दिशा-निर्देश तय किए हैं।

कोर्ट ने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि अथवा



अवांछनीय आचरण वाले व्यक्ति को राज्य विधि अधिकारी नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए। चयन और नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया, पात्रता मानदंड के आकलन की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। कानून की अनुमति की सीमा तक जानकारी भी की जानी चाहिए।

पीठ ने निर्देश दिया कि किसी राज्य विधि अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने अथवा आपराधिक मामला दर्ज किए जाने पर उसकी प्रति तत्काल महाधिवक्ता को भेजी जाए। महाधिवक्ता को मामले में पेशेवर ईमानदारी और न्याय प्रशासन के मानकों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करनी होगी। निर्णय लेने से पहले बार, बार एसोसिएशन, बार काउंसिल और राज्य विधि अधिकारियों समेत संबंधित हितधारकों की राय ली जाएगी। इसके बाद ही इस संबंध में उचित निर्णय लिया जाएगा। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसके द्वारा की गई टिप्पणियों और जारी दिशा-निदेशों का उद्देश्य पहले से की गई राज्य विधि अधिकारियों की नियुक्तियों को प्रभावित करना नहीं है।

मध्यस्थता से विवाद निपटाने के लिए वादकारियों से हाईकोर्ट ने की अपील

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ अथवा अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित मुकदमों के पक्षकारों से वर्तमान में चल रहे मध्यस्थता फॉर द नेशन 3.0 अभियान के तहत अपने विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने की अपील की गई है। यह अभियान एक अक्टूबर से 31 दिसंबर तक चलेगा। इसके तहत ऐसे मामलों में पक्षकारों को लंबे समय तक चलने वाली मुकदमेबाजी से बचते हुए आपसी सहमति से विवाद का समाधान करने का अवसर दिया जा रहा है।

मध्यस्थता से जुड़े रजिस्ट्रार भगीरथ वर्मा ने हुए बताया कि लंबित मुकदमों के पक्षकार स्वयं भी मध्यस्थता का विकल्प चुनकर आपसी समझौते की संभावना तलाश सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित मामलों के पक्षकार संबंधित जिले के सिविल कोर्ट परिसर में संचालित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) से संपर्क कर सकते हैं। वहीं, इलाहाबाद हाई कोर्ट की प्रयागराज स्थित प्रधान पीठ या लखनऊ खंडपीठ में लंबित मामलों के पक्षकार प्रयागराज स्थित हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति अथवा लखनऊ स्थित उसकी उपसमिति से संपर्क कर मामलों में संबंधित न्यायालय भी विवाद को मध्यस्थता के लिए भेज सकता है। रजिस्ट्रार मध्यस्थता भगीरथ वर्मा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में करीब 1700 मध्यस्थ नियुक्त हैं।

अभियान के तहत मध्यस्थता के लिए उपयुक्त माने गए 15 श्रेणियों के विवादों को शामिल किया गया है। इनमें वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा मामले, चेक बाउंस के मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली एवं सरफेसी से जुड़े मामले, डिक्री के निष्पादन संबंधी मामले, मध्यस्थता संबंधी विवाद, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, बंटवारे के विवाद, बेदखली के मामले, भूमि अधिग्रहण तथा श्रम विवाद शामिल हैं।

ठेका बन्द होने के बाद अधिक दाम पर बेचता था शराब, गिरफ्तार

लखनऊ। महिगवां पुलिस ने अवैध देशी शराब बेचने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से विंडीज देशी शराब के 12 पाउच (200 एमएल) व 12 पाउच (100 एमएल) के बरामद हुए हैं। अभियुक्त ने बताया कि वह शराब ठेकों से शराब खरीदकर ठेका बंद होने के समय अधिक कीमत पर शराब बेचता है। पुलिस का कहना है कि गुरुवार को थाना महिगवां पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी मिली सूचना पर कन्हईपुर शराब ठेका से पलाखर गांव की ओर जाने वाली नहर की पटरी के पास अवैध रूप से देशी शराब बेच रहे शिवकुमार पुत्र स्व. रामलाल निवासी ग्राम रमपुरवा ग्राम पंचायत कुम्हरावां थाना महिगवां को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से विंडीज ब्रांड की कुल 24 देशी शराब के पाउच (कुल 3,600 एमएल) बरामद हुए, जिसमें 200 एमएल के 12 पाउच व 100 एमएल के 12 पाउच शामिल हैं। अभियुक्त बरामद शराब के संबंध में कोई वैध अधिकार पत्र/लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। अभियुक्त की तलाशी से शराब बिक्री से प्राप्त शेष 230 रुपये भी बरामद हुए। पुलिस ने अभियुक्त को आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

खेल प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ। पीएम श्री बेसिक विद्यालय पहाड़ नगर में न्याय पंचायत स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार से आयोजन किया गया। इसमें न्याय पंचायत के सभी विद्यालयों ने अपने बच्चों के साथ हर एक खेलों में प्रतिभाग किया। खेल का आयोजन शिक्षण संकुल विनोद राय व प्रभात कुमार ने। किया । 100 मीटर दौड़ में पीएम श्री बेसिक विद्यालय के लकी गौतम प्रथम, निशांत तृतीय, 200 व 400 मीटर में लकी गौतम प्रथम तथा निशांत द्वितीय स्थान पर रहे 100 मी बालिका वर्ग में पहाड़ नगर की श्रद्धा गौतम प्रथम तथा मनीषा द्वितीय. 400 मीटर में अंकिता सिकंदरपुर प्रथम, मनीषा द्वितीय। पहाड़ नगर के 50 और 100 मीटर में विधेय प्रथम तथा बालिका में तान्या प्रथम रही. इसमें इसी प्रकार से जूनियर कबड्डी में बालक प्रथम द्वितीय मौसम नगर प्राथमिक स्तर बालक और बालिका दोनों पहाड़ नगर प्रथम स्थान पर रहे । प्रतियोगिता में शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष प्रभात कुमार, संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य, मीना सिंह, अनीता देवी, बृजेश कुमार,सीमा सिंह, अलका गुप्ता, इंदु जायसवाल सुमन राय, विशाल पांडे, निधि अग्रवाल, शाजिया बानो, मोहन कुमार, रमन रावत सागर वर्मा और अरुण कुमार पाल, ने प्रतिभाग किया अंत में विनोद राय द्वारा सभी विजेता बच्चों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान की गई।

डायबिटीज का स्वयं से उपचार करने से करें परहेज : डा. नरसिंह



लखनऊ। टाइप -2 डायबिटीज से निजात पाना संभव है। डायबिटीज से निजात दिलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को गोमती नगर के एक होटल में उत्तर प्रदेश डायबिटीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में एसोसिएशन अध्यक्ष डा. मनोज कुमार श्रीवास्तव, आयोजन सचिव डॉक्टर नरसिंह वर्मा एवं डॉ अभिषेक अरुण, अजय तिवारी ने संयुक्त रूप से जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि डायबिटीज होने पर डॉक्टर के परामर्श बगैर स्वयं उपचार करने से बचना चाहिए। साथ ही बताया कि उत्तर प्रदेश डायबिटीज एसोसिएशन की रजत जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 9 से 11 अक्टूबर को होटल ताज पैलेस में तीन दिवसीय भव्य वार्षिक महासम्मेलन यूपीडाकॉन-2026 का आयोजन किया जा रहा है। पिछले 25 वर्षों से मधुमेह की रोकथाम व उपचार में अग्रणी भूमिका निभा रही इस संस्था का यह सम्मेलन आधुनिक चिकित्सा जगत में मील का पत्थर साबित होगा।

सूचना

सूचित हो कि मेरे अन्य अभिलेखों में मेरी जन्मतिथि 15.03.1965 दर्ज है जोकि गलत है। मेरी सही जन्मतिथि 26.06.1967 है। मेरी सही जन्मतिथि ही नगर निगम में दर्ज कर मेरा जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाये। जिससे आधार व अन्य अभिलेखों में मैं अपनी जन्मतिथि सही करवा सकूं। **प्रहलाद पुत्र स्व. गुलाब नि.- 537/14 निकट एल.के.एस. कालोनी, थाना अलीगंज, पुरनिया, सीतापुर रोड, लखनऊ।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अक्षय मणि त्रिपाठी पुत्र विद्यामणि त्रिपाठी, निवासी ग्राम इटौंजा, पोस्ट इकौना, तहसील इकौना, जनपद श्रावस्ती का निवासी हूँ भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 217004328 में पूर्व में नाम छोटू पुत्र विद्यामणि त्रिपाठी दर्ज है। छोटू एवं अक्षय मणि त्रिपाठी दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अतः उक्त पॉलिसी की परिपक्वता राशि का भुगतान अक्षय मणि त्रिपाठी पुत्र विद्यामणि त्रिपाठी के नाम से किया जाए।

इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में जुटे देश-विदेश के शिक्षाविद

विशेष संवाददाता (vol)

ट्रांसपोर्टेशन जियो-टेक्निक्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू



लखनऊ। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में गुरुवार को उन्नत, सुदृढ़ अवसंरचना के लिए परिवहन जियो-टेक्निक्स और सतत निर्माण सामग्री पर केंद्रित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन का आयोजन विवि के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 8 से 10 अक्टूबर तक किया जा रहा है। सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधकताओं, उद्योग विशेषज्ञों और तकनीकी क्षेत्र के पेशेवरों ने भाग लिया।

इस अवसर पर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के चांसलर एवं सम्मेलन के मुख्य संरक्षक प्रो. सैयद वसीम अख्तर ने आयोजकों और प्रतिभागियों को चरित्र निर्माण, जिम्मेदारी तथा प्राकृतिक एवं तकनीकी संसाधनों के टिकाऊ उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के पूर्व चांसलर मौलाना सईद-उर-रहमान आजमी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार रामनचारला, निदेशक रुड़की ने आर्थिक एवं सामाजिक विकास में परिवहन अवसंरचना की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने टिकाऊ, प्रमाण-आधारित और नवाचार पर आधारित अवसंरचना समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया। विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर एवं संरक्षक डॉ. सैयद नदीम अख्तर ने साक्ष्य एवं टिकाऊ परिवहन प्रणालियों की आवश्यकता पर जोर दिया। विशेष अतिथि अशोक कुमार द्विवेदी, इंजीनियर-इन-चीफ (डेवलपमेंट) एवं विभागाध्यक्ष, उप्र लोक निर्माण विभाग ने सड़क निर्माण में जियो-टेक्निकल एवं स्ट्रक्चरल पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

जापान की होक्काइडो यूनिवर्सिटी के प्रो. तत्सुया इशिकावा तथा इंडोनेशिया की यूनिवर्सिटी ऑफ बेंगकुलु के प्रो. लिंडुंग जालबुइन मासे ने भी परिवहन जियो-टेक्निक्स, टिकाऊ अवसंरचना और अंतरराष्ट्रीय शोध सहयोग से जुड़े अपने विचार साझा किए। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख एवं सम्मेलन के संयोजक प्रो. सैयद अकील अहमद ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सम्मेलन के उद्देश्यों और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

इस अवसरय पर विश्वविद्यालय की अतिरिक्त प्रो-चांसलर डॉ. निदा फातिमा, कुलपति प्रो. फुरकान कमर, रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद हारिस सिद्दीकी तथा फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन एवं सम्मेलन के सह-संरक्षक प्रो. सुनील कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर TG-SMART 2026 Souvnir का विमोचन किया गया। साथ ही TG-SMART Expo का भी उद्घाटन किया गया, जिसमें परिवहन एवं अवसंरचना क्षेत्र से संबंधित तकनीकों और नवाचारों को प्रदर्शित किया गया।

यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विभिन्न प्रमुख शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य परिवहन अवसंरचना के क्षेत्र में अंतर-विषयक एवं अंतरराष्ट्रीय शोध सहयोग को मजबूत करना तथा भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप नवीन, टिकाऊ और मजबूत परिवहन अवसंरचना के विकास को बढ़ावा देना है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी०एण्डडब्ल्यू० लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 304-Mech-CW-ICD-VB-BSB-26 के अंतर्गत एकल निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 29.10.2026, 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in**पर उपलब्ध है। टेन्डर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| कार्य का नाम | कम्प्रेहेन्सिव एनुअल मेन्टेनेन्स कान्ट्रैक्ट (ट्रिप, मन्थली एण्ड क्वार्टर्ली) एण्ड प्रोविजन आफ सप्लाई एण्ड रिपलेसमेन्ट ऑ

लखनऊ में दुर्गा पूजा को लेकर सजने लगी मां भवानी की प्रतिमा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शारदीय नवरात्र में दुगार्पूजा को लेकर तैयारियां शुरू होने लगी है। सभी मां दुर्गे के स्वागत में जुटे हुए हैं। बाजारों में जहां दुकानें सजने लगी हैं तो वहीं दूसरी तरफ मूर्तिकार भी देवी की मूर्ति को अंतिम रूप देने में जी जान से जुट गए हैं। भारत में नवरात्र का पर्व, एक ऐसा पर्व है जो हमारी संस्कृति में महिलाओं के गारिमामय स्थान को दशार्ता है। इस बार नवरात्र का पर्व 11 अक्टूबर से शुरू हो रहा है।

नवरात्र में देवी मां के व्रत रखे जाते हैं। जगह-जगह पर देवी की मूर्तियां बनाकर उनकी विशेष पूजा की जाती हैं। घरों में भी अनेक स्थानों पर कलश स्थापना कर दुर्गा सप्तशती पाठ आदि होते हैं। भगवती के नौ प्रमुख रूप है जिसकी पूजा की जाती है। नवरात्र हिन्दू धर्म ग्रंथ पुराणों के अनुसार माता भगवती की आराधना का श्रेष्ठ समय होता है। साल के चार नवरात्रों में चैत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ की शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक नौ दिन के होते हैं, परंतु प्रसिद्धि में चैत्र और आश्विन के नवरात्र ही मुख्य माने जाते हैं। रविंद्रपल्ली के मूर्तिकार अविनाश ने बताया कि कई समितियों ने अपने हिसाब से देवी-देवताओं के प्रतिमाओं को बनाने के लिए आर्डर दिया है। सभी मूर्तियां लगभग बन चुकी हैं। बस उन्हें अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही ये मूर्तियां नवरात्रि में अलग-अलग जगहों पर दिखेंगी। शारदीय नवरात्र पर्व शुरू होने जा रहा है। पर्व के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राजधानी सहित पूरे देश मे नवरात्र पर्व आस्था और भक्ति के साथ मनाया जाता है। कई जगहों पर मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना कर 9 दिन तक उनकी विशेष पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्र को लेकर अन्य संस्थाओं की भी तैयारी तेज हो गई है। इन दिनों श्राद्ध चल रहे हैं। श्राद्धपक्ष की समाप्ति के बाद से ही नवरात्र शुरू होंगे।

मां जगदंबा की मूर्ति बनाने का काम तेज : प्रदेश भर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का बड़ा पर्व नवरात्र इस बार 11 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। नवरात्र के आगमन से पहले ही राजस्थान के विभिन्न जिलों में दुर्गा माता की भव्य मूर्तियां बनाने का काम तेजी से चल रहा है। कारीगर दिन-रात जुटकर मां दुर्गा की विविध स्वरूपों वाली प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं। बता दें कि लखनऊ सहित कई जिलों में कारीगरों की बस्तियों में इन दिनों खास रौनक देखने को मिल रही है। कहीं मिट्टी और प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां बनाई जा रही हैं, तो कहीं बड़े आकार की फाइबर मूर्तियां तैयार हो रही हैं। कारीगरों के अनुसार इस बार मूर्तियों में पारंपरिक कला के साथ आधुनिक रंग-रूप का मेल देखने को मिलेगा। मूर्तियों को सजाने के लिए विशेष रंग, गहने और आकर्षक पोशाकों का उपयोग किया जा रहा है। कारीगर बताते हैं कि नवरात्र करीब आते ही मूर्तियों की मांग बढ़ गई है। जयपुर के एक कारीगर ने बताया कि इस बार खासकर 5 से 12 फीट तक की मूर्तियों की अधिक डिमांड है। मूर्तियों की कीमत आकार और सजावट के आधार पर 5 हजार रुपए से लेकर लाखों रुपए तक पहुंच रही है। नवरात्र के दौरान राजस्थान के मंदिरों और पंडालों में दुर्गा माता की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और नौ दिनों तक श्रद्धालु माता की पूजा-अर्चना करते हैं। इस दौरान विशेष धार्मिक आयोजन, भजन संध्या और गरबा-डांडिया कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

नवरात्र में बंगाल के मूर्तिकारों की दुर्गा प्रतिमा की डिमांड ज्यादा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। शारदीय नवरात्रि रविवार से शुरू हो रही है और पंचमी (पांचवें दिन) पर पूजा पंडालों में दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। मूर्तियों की पूजा षष्ठी (छठे दिन) से शुरू होगी।

लखनऊ के तालकटोरा इलाके में कोलकाता के फेमस मूर्तिकार निलॉय मित्रा अपने आठ मजदूरों के साथ तेजी से मां दुर्गा के प्रतिमा को अंतिम रूप दे रहे हैं, उनको मूर्तियों के 60 से अधिक ऑर्डर मिला है। निलॉय मित्रा के पिता ने दशकों पहले केवल दो ऑर्डर के साथ मूर्ती बनाने का काम शुरू किया था। आज उनके पास शहर के अधिकतर बड़े पंडालों के लिए ऑर्डर मिलते हैं, जिनकी मांग को पूरा करने के लिए उन्हें हर साल तीन महीने से अधिक समय के लिए कोलकाता से आठ सहायकों को बुलाना पड़ता है. निलॉय मित्रा ने लखनऊ विश्वविद्यालय के आर्ट्स कॉलेज से स्नातक किया है. उन्होंने बताया कि जब मैं बहुत छोटा था तब हमने केवल दो ऑर्डर के साथ मूर्ती बनाने का काम शुरू किया था। आज यह ऑर्डर की संख्या बढ़ गई है। यह सब मां दुर्गा की कृपा है। अब शहर में दुर्गा पूजा पहले की तुलना में बहुत बड़े पैमाने पर मनाई जा रही है। निलॉय की तरह ही उनके 21 वर्षीय चचेरे भाई रॉबिन मित्रा को भी लगभग 50-60 ऑर्डर मिले हैं, जिनमें नादरगंज पूजा के लिए 11 फीट ऊंची और मॉडल हाउस दुर्गा पूजा के लिए 9 फीट ऊंची मूर्तियां भी शामिल हैं. उन्होंने भी कोलकाता से 10 मजदूरों को बुलाकर काम पर रखा है. बता दें कि मित्रा बंधुओ के तहखानों में सैकड़ों से अधिक मूर्तियां हैं जो अपना अंतिम आकार ले रही हैं क्योंकि उन्हें अगले कुछ दिनों के भीतर शहर के दुर्गा पंडालों में स्थापित किया जाना है। मित्रा परिवार की तरह एक दूसरे फेमस मूर्तिकार सुजीत पाल हैं, जो हर साल 25 से अधिक मूर्ति बनाने का ऑर्डर नहीं लेते हैं। मूर्ति निमार्ताओं की तीन पीढ़ियों द्वारा लखनऊ और उसके आसपास के इलाके में पूजा समितियों से ऑर्डर लेने की एक समृद्ध परंपरा के बाद सुजीत पाल अपने तीन मूर्तिकारों की एक टीम के साथ काम करते हैं जो बहराईच से आते हैं. टीम में कुछ चित्रकार कोलकाता से आते हैं। उन्होंने पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी रवीन्द्र पल्ली और बंधु महल के लिए मूर्तियाँ बनाई हैं. यहां तक कि लखीमपुर खीरी और बाराबंकी में पूजा के लिए भी मूर्तियाँ बनाई है।

लखनऊ में मूर्ती पूजा : मूर्तिकारों और पूजा समितियों का मानना है कि शहर में दुर्गा पूजा उत्सव तेजी से बढ़ रहा है, खासकर महामारी के बाद और कई नए और पुराने पूजा पंडालों ने शहर में उत्सव को शानदार बना दिया है. बंगाली समुदाय के बाहर के लोग भी उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। शहर में 1914 में केवल एक पूजा की शुरूआत बंगाली क्लब से हुई थी, आज यह संख्या 250 से अधिक पंजीकृत बड़े और छोटे पंडालों तक पहुंच गई है। लखनऊ पुलिस के पास 2025 में दुर्गा पूजा के पंजीकरण के अनुसार पूरे शहर में 121 पंडाल और 133 गैर-पंडाल स्थापित किए जाने थे। कुल 54 रामलीलाएँ और 55 रावण दहन भी हुए थे। वहीं रवीन्द्र पल्ली दुर्गा पूजा समिति के सचिव डिंपल दत्ता ने बताया कि पहले, दुर्गा पूजा का मतलब शहर के केवल कुछ पंडालों में जाना होता था. अब पंडाल हर जगह हैं। अलीगंज में ट्रांस-गोमती दुर्गा पूजा समिति के प्रशासक तुहिन बंजर्जी ने कहा कि यह अब बढ़ गया है, हालांकि हम अभी भी कोलकाता से पीछे हैं. एक अन्य मूर्ति निमार्ता और मूर्तिकार अभिजीत बिस्वास ने बताया कि हमें पहले के दिनों के विपरीत अपार्टमेंट में आयोजित होने वाली विभिन्न छोटी पूजाओं से भी मांग मिल रही है।

बंगाल के कलाकारों के लिए रोजगार का अवसर: पश्चिम बंगाल से हजारों कलाकार विभिन्न प्रकार के काम के लिए शहर में आ रहे हैं, जिनमें मूर्ति निमार्ता, पंडाल निमार्ता, ढाकी पुजारी और अन्य शामिल हैं. जेल रोड पर एक पंडाल में 45-50, रवींद्रपल्ली में 20, जानकीपुरम सेक्टर एफ में पश्चिम बंगाल के मिदनापुर से 50 और सहारा एस्टेट में 20 कर्मचारी काम कर रहे हैं. इसी तरह शहर के अधिकांश पंडालों में यूपी और पश्चिम बंगाल के मजदूरों को काम पर लगाया गया है. तालकटोरा में कोलकाता स्थित मूर्ति निमार्ता मोनोजीत पाल और उनके सहकर्मी गोपाल प्रमाणिक ने कहा कि हम हर साल यहां आते हैं क्योंकि हमें भोजन और आवास के अलावा यहां अधिक भुगतान मिलता है।

प्रतिमाएं बनाने का काम मेहनत और धैर्य मांगता है: कारीगरों का कहना है कि भले ही प्रतिमाएं बनाने का काम मेहनत और धैर्य मांगता है, लेकिन जब लोग माता की आराधना करते हैं और उनकी प्रतिमाओं की भव्यता की सराहना करते हैं, तो सारी थकान दूर हो जाती है। नवरात्र के शुभारंभ से पहले ही बाजारों और गलियों में भक्ति और उत्साह का माहौल दिखाई देने लगा है।

बुक फेयर : किताबों में समायी स्त्री चुनौतियों की पड़ताल

बलरामपुर गार्डन में 23वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला : आठवां दिन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। हमारे यहां नारी को या तो त्याग की प्रतिमा बनाया गया या प्रलोभन का प्रतीक; दोनों ही स्थितियां उसकी स्वतंत्र नहीं रहने देतीं। ये 23वें राष्ट्रीय पुस्तक मेले में मिल रही नारी विमर्श की एक पुस्तक का निचोड़ है। बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग में चल रहा यह मेला 11 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

आज मेले का आठवां दिन था और पुस्तक प्रेमियों की भारी भीड़ थी। बहुतों की दिलचस्पी नारी विमर्श की पुस्तकों में है। महिलाओं के खिलाफ इस्तेमाल हो रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल चुनौतियों को उजागर करती लौरा बेट्स की पुस्तक 'द न्यू एज ऑफ सेक्सिज्म' विश्व स्तर पर चर्चा में है, तो इधर नीलिमा पाण्डेय की 'स्त्रीः मिथक और यथार्थ' बताती है कि देश और दुनिया के अधिकांश भागों में पुरुष के मुकाबले स्त्री दूसरे दर्जे पर है। ये दर्जा कायम करने के लिए किंवदती, धर्म और मिथ्या का खूब इस्तेमाल किया जाता रहा हैं। नीलिमा पाण्डेय की किताबें 'साइलेंस्ड वायसेज' और 'इतिहास में स्त्री अस्मिता की तलाश'' भी चर्चित रही हैं। अंजू दुआ जैमिनी की किताब 'मोर्चे पर स्त्री' पहली बार पेपरबैक में छपकर आई है। ऐसी ही बहुत सी किताबें मेले में पुस्तक प्रेमी खंगाल रहे हैं। बोधरस प्रकाशन में सीता हरण के आगे के प्रसंग को लेकर रची गई रमाकांत उपाध्याय की 'सीतायणम' स्त्री पक्ष का एक अलग कथात्मक विस्तार है। राजकमल के स्टाल पर मृणाल पाण्डे की स्त्री देह की राजनीति से देश की राजनीति तक, जहां औरतें गढ़ी जाती हैं जैसी बहुत सी किताबें हैं। स्त्री विमर्श की किताबें प्रभात, वाणी, ज्ञानपीठ, सेतु, दिनकर पुस्तकालय, नवपल्लव, सस्ता साहित्य मंडल, लोकभारती आदि स्टालों पर हैं।

मुख्य मंच पर आज शाम उभरते युवा उद्यमियों को अपने विचारों को नोटबुक से बाहर निकालकर मंच पर लाने का मौका मिला। यहां विजन स्टार्टअप्स एक्सेलेरेटर ने यूपी सुपर के एसोसिएशन में मंच पर लान्चअप पिच फेस्ट 2.0 आयोजित था। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए नवाचारकताओं ने निवेश क्षेत्र की एएसआर वेंचर्स, यूनीकार्न जैसी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के पैनल के सामने अपने व्यावसायिक विचार और माडल प्रस्तुत किए। स्टार्टअप्स के लिए इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पांच लाख रुपये तक की फंडिंग के लिए शॉर्टलिस्ट होने का अवसर मिला। साथ ही प्रतिभागियों ने पुरस्कारों के लिए भी प्रतिस्पर्धा की। विजन स्टार्टअप्स के सीईओ सुधांशु रस्तोगी ने कहा कि कुल 28 संस्थापकों ने भाग लिया, जिनमें से 8 संस्थापकों ने अपने बिजनेस आइडिया प्रस्तुत किये। तरुण कुमार विजेता और उपविजेता अंकित शंकर और इम्तियाज हुसैन रहे। इससे पहले अथर्व इण्डिया अन्तर्राष्ट्रीय शोध संस्थान व लखनऊ लिटरेरी क्लब के संयोजन में डा. करुणा पाण्डे की किताबों राजा राममोहन राय, स्वामी श्रद्धानन्द व संवेदना से वेदना का विमोचन हुआ। प्रो. सूर्यप्रकाश दीक्षित ने अनेक उदाहरण देते हुए राजा राममोहन राय के समाज सुधारक कार्यों का जिक्र किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में पद्मश्री विद्याविंदु सिंह ने नयी पीढ़ी के लिये ऐसे साहित्य की जरूरत बतायी। लेखिका के संग ही अन्य पुस्तकों के बारे में डा. सुधाकर अदीब व अलका प्रमोद ने समीक्षात्मक टिप्पणियां रखीं। सुबह कविता लोक और नव्यभारती के पुस्तक विमोचन और काव्य गोष्ठी के बाद शाम को वर्तमान अंकुर का कवि सम्मेलन चला। इस बीच गौरव निगम की पुस्तक 'स्कैण्डल इन लखनऊ' पर चर्चा की गयी। दूसरे क्रियेटर लाउंज में उप्र साहित्य सभा की बन्ना-बन्नी और सइयां मिले लरकइयां... जैसे लोकगीतों की अनौपचारिक सी महफि ल सजी। यहां रश्मि सिंह, अंजू अग्रवाल, विनीता त्रिपाठी, रश्मि श्रीवास्तव, रोली सक्सेना, श्वेता श्रीवास्तव और राजीव वत्सल ने गीत गाये। शाम को यहां परिचर्चा में पुरुषों का दर्द श्रोताओं के सामने आया।

संतोष दीक्षित को मिलेगा 2026 का कथाक्रम सम्मान

यह सम्मान 22 नवम्बर को लखनऊ में प्रदान किया जाएगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। वर्ष 2026 का आनन्द सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान वरिष्ठ कथाकार संतोष दीक्षित को दिया जाएगा। कथाक्रम सम्मान समिति जिसमे कथाक्रम संयोजक शैलेन्द्र सागर वरिष्ठ कहानीकार शिवमूर्ति रंगकर्मी राकेश एवं चर्चित लेखिका रजनी गुप्त सदस्य हैं ने यह निर्णय लिया। 8 दिसम्बर 1958 को बिहार के ग्राम लालूचक जिला भागलपुर में जन्मे संतोष दीक्षित हिंदी कथा साहित्य के चर्चित कथाकार हैं। पेशे से पशु चिकित्सक रहे दीक्षित ने भागलपुर पटना और रांची में शिक्षा ग्रहण की तथा 1994-95 से कथा लेखन में सक्रिय हुए।

हिंदी की शीर्षस्थ पत्रिकाओं में आपकी कहानिया प्रकाशित हुई और अनेक रचनाओं के अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद हुए। अब तक आपके पांच कहानी संग्रह तथा छह उपन्यास प्रकाशित हो चुके हैं। उनके उपन्यास केलिडोस्कोप 'घर बदर बैल की आख खलल तथा छाया सच खासे चर्चित रहे हैं। इनके अतिरिक्त उनके 3 व्यग्य संग्रह और व्यंग्य कहानियों का एक संग्रह भी प्रकाशित हुआ है। आपने बिहार के कथाकारों पर केन्द्रित एक कथा संग्रह कथा बिहार का संपादन भी किया है। संतोष दीक्षित की रचनाओं में आम आदमी के निरंतर चलते सघर्षों की सूक्ष्म पड़ताल की गई है जिसके केंद्र में तमाम सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक धार्मिक एव राजनीतिक टकराहटें हैं। वह बदलते देश की परिस्थितियों का अत्यंत मार्मिक एवं प्रामाणिक आख्यान रचते हैं। अपने उपन्यासों में वह परिवार की संरचना सियासत व पूंजी के गठजोड से उपजती त्रासदी और विस्थापन की समस्या जैसे विविध मुददों की गहन शिनाख्त करते नजर आते हैं। छाया सच को सेतु पांडुलिपि पुरस्कार के अतिरिक्त आपको बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान से भी समादृत किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष एक चर्चित कथाकार को प्रतिष्ठित आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान दिया जाता है जिसके अंतर्गत इक्कीस हजार रुपए की धनराशि सम्मान चिन्ह व पत्रक प्रदान किया जाता है। विगत सालों में सजीव कमलाकांत त्रिपाठी चंद्रकिशोर जायसवाल मैत्रेयी पुष्पा दूधनाथ सिंह ओमप्रकाश बाल्मीकि शिवमूर्ति असगर वजाहत भगवान दास मोरवाल उदय प्रकाश प्रियवद मधु काकरिया महेश कटारे अब्दुल बिस्मिल्ला स्वय प्रकाश तेजिन्दर जयनंदन नासिरा शर्मा अखिलेश राकेश कुमार सिंह जया जादवानी, मनोज रूपड़ा, एस आर हरनोट, नवीन जोशी, पकज मित्र हृषीकेश सुलभयोगेन्द्र आहुजा और भालचंद जोशी को यह सम्मान दिया जा चुका है। यह सम्मान कथाक्रम 2026 समारोह के अवसर पर दिनांक 22 नवम्बर 2026 को लखनऊ में प्रदान किया जाएगा।

राम राज्य की स्थापना मात्र कल्पना नहीं, अपितु एक सार्थक प्रयास है : स्वामी विष्णु दास जी महाराज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्राचीन श्री लेटे हुए हनुमान जी मंदिर, पंचवटी घाट, चौक, लखनऊ में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिवस कथा व्यास परम पूज्य स्वामी विष्णु दास जी महाराज ने विभीषण शरणागति, रावण वध एवं श्रीराम राज्याभिषेक जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।

स्वामी विष्णु दास जी महाराज ने शरणागति के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम की शरण में आने वाले प्रत्येक जीव के लिए भगवान के द्वार सदैव खुले हैं। विभीषण की शरणागति का प्रसंग यह संदेश देता है कि जब मनुष्य अहंकार और अधर्म का त्याग कर सत्य एवं धर्म का मार्ग अपनाता है, तब प्रभु उसे स्वीकार करते हैं। रावण वध के प्रसंग के माध्यम से महाराज श्री ने कहा कि रावण केवल लंका में नहीं था, बल्कि उसके अहंकार, काम, क्रोध, लोभ, मोह और मद के रूप आज भी मनुष्य के भीतर विद्यमान हैं। वास्तविक रामकथा तभी सार्थक होगी, जब हम अपने मानस में बसे इन विकारों रूपी रावण का वध करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि राम राज्य की स्थापना मात्र कल्पना नहीं, बल्कि एक सार्थक प्रयास है, जिसे सनातन धर्म ही पोषित कर सकता है। राम राज्य केवल राजनीतिक व्यवस्था का नाम नहीं, बल्कि सत्य, न्याय, करुणा, मर्यादा, सेवा और लोककल्याण पर आधारित जीवन व्यवस्था का प्रतीक है। कथा के दौरान श्रीराम के दस लक्षणों के माध्यम से उनके आदर्श चरित्र को सहजता से समझाया गया। वहीं श्रीराम के राज्याभिषेक का प्रसंग आते ही कथा पंडाल आनंद और उत्सव से भर उठा। श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर श्रीराम के जयकारे लगाए। इन प्रसंगों के दौरान पूरे कथा पंडाल में भक्तिमय एवं भावुक वातावरण बना रहा। श्रद्धालु श्रीराम नाम और भक्ति रस में डूबे नजर आए तथा समय-समय पर जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा।

कथा संयोजक डॉ. पंकज सिंह भदौरिया ने सप्त दिवसीय श्रीराम कथा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, यजमानों, व्यवस्थापकों, ट्रस्टियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के सहयोग और सहभागिता से ही यह आयोजन सफल एवं भव्य रूप से संपन्न हो सका। इस अवसर पर कथा के समापन पर व्यवस्थापकों, यजमानों एवं ट्रस्टियों को सम्मानित भी किया गया। पवित्र श्रीराम कथा के समापन में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति, स्वामी श्री श्री 1008 दीपेकेश्वरानंद महाराज, स्वामी इंद्रेश कौशिक महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लखनऊ विभाग प्रचारक अनिल, रजनीश गुप्ता एवं कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दी।

बनारस चित्रकला घराने की सात पीढ़ियों की जीवित परंपरा पर हुआ संवाद

प्रख्यात कलाकार एवं फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हुई कार्यक्रम की शुरुआत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्रदेश की राजधानी स्थित 115 वर्ष पुराने कला महाविद्यालय में बनारस चित्रकला घराने की छठवीं और सातवीं पीढ़ी के चित्रकार डॉ. गोपाल प्रसाद एवं अंकित प्रसाद के साथ कला संवाद आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रख्यात कलाकार एवं फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हुई। कार्यक्रम में बनारस चित्रकला घराने और उसके कलाकारों पर बनी दो वृत्तचित्र फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। भारत सरकार के फिल्म डिवीजन द्वारा 1978 में तथा दूरदर्शन द्वारा 2022 में निर्मित इन फिल्मों में घराने के इतिहास, विभिन्न पीढ़ियों और उसकी चित्रकला परंपरा को प्रस्तुत किया गया है। डॉ. गोपाल प्रसाद ने बनारस चित्रकला की पारंपरिक लघुचित्र तकनीक, चित्र निर्माण की प्रक्रिया तथा विभिन्न पीढ़ियों के कलाकारों के योगदान पर विस्तार से जानकारी दी। सातवीं पीढ़ी के चित्रकार अंकित प्रसाद ने पारंपरिक मुगल शैली के साथ अपने समकालीन प्रयोगों और इस कला परंपरा को आगे बढ़ाने के प्रयासों को साझा किया।

कला महाविद्यालय के डीन डॉ. रतन कुमार ने कलाकारों का सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पारंपरिक कला विधाओं के कलाकारों के साथ विद्यार्थियों का प्रत्यक्ष संवाद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में पिछले कई वर्षों से कलाकारों के साथ संवाद, परिचर्चा एवं कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं और विभिन्न विधाओं के कलाकारों को विद्यार्थियों से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने कहा कि 18वीं सदी से विकसित बनारस चित्रकला परंपरा लगभग तीन सौ वर्षों से पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ रही है। मुगल लघुचित्र शैली के प्रभाव के साथ बनारस के जीवन, संस्कृति और स्थापत्य की झलक इस शैली को विशिष्ट बनाती है। उन्होंने कहा कि आज घराने के कलाकार अपनी परंपरा को जीवित रखने के साथ उसे व्यापक जनमानस और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस क्रम में महिला चित्रकार वंश श्री का योगदान भी उल्लेखनीय है। कलाकारों ने बताया कि इस परंपरा में चित्रकार बनने की प्रक्रिया वर्षों की साधना और अनुशासन से जुड़ी है। बचपन से ही पिता गुरु के रूप में रेखांकन, रंग-तैयारी और ब्रश संचालन का अभ्यास कराया जाता है। प्रतिदिन अभ्यास और लगभग 15-20 वर्षों की निरंतर साधना के बाद कलाकार को सूक्ष्म रेखांकन पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त होता है। चित्रांकन से पूर्व ब्रश को मस्तक से स्पर्श करना तथा जय गणपति बाबा की का स्मरण करने की परंपरा को कामनाधाना कहा जाता है। कार्यक्रम का संचालन कला शिक्षिका पल्लवी सिंह ने किया। इस अवसर पर रवि कांत पांडेय, दिनेश कुमार, सुमित कुमार, संजय राज, पूनम जायसवाल, रीना गौतम, संध्या यादव, अजय कुमार, अमर नाथ गौड़, श्रेयांशी, महती वशिष्ठ एवं खुर्शीद जेहरा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि विलुप्त होती पारंपरिक कलाओं के संरक्षण के साथ उनके कलाकारों, तकनीकों, परंपराओं और मौखिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण भी जरूरी है। ऐसे कला संवाद इस विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं।

कार्यालय -प्रक्षेत्र प्रबन्धक, राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, नीलगांव-सीतापुर

पत्रांकः- 679 /सामान्य/निविदा पत्रावली 2026-27/ दिनांक 06.10.2026

पशु नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र नीलगाँव-सीतापुर जो कि अटरिया से 13 कि.मी. की दूरी पर नीलगाँव लालपुर रोड पर व सिधौली से 18 कि.मी. की दूरी अटरिया रोड़ पर स्थित इस प्रक्षेत्र कार्यालय पर निम्न तालिकानुसार पशुओं का निस्तारण खुली बोली द्वारा दिनांक 03.11.2026 दिन के 11.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक डेरी प्रांगण में मण्डलीय क्रय विक्रय परिषद के समक्ष किया जायेगा।

क्र.सं.	निविदा विवरण	
1	2	3
1	निविदा वर्ष	2026-27
2	धरोहर धनराशि (डिमाण्ड ड्रॉफ्ट/एफ.डी.आर/नगद)	10000/- (रू. दस हजार मात्र)
3	खुली बोली की नियत तिथि एवं समय	03.11.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से
4	धरोहर धनराशि जमा करने तिथि एवं समय	03.11.2026 प्रातः 09.30 बजे से 10.30 बजे तक
5	अर्हता हेतु अनिवार्य अभिलेख	स्व-प्रमाणित आधार कार्ड/पैन कार्ड, आदि

पशु विवरण

क्र.सं.	विवरण	पशुओं की संख्या
1	सहीवाल गाय	06
2	सहीवाल हीफर	02
3	सहीवाल मादा बच्चे	16
4	मुर्रा भैंस	20
5	मुर्रा मादा बच्चे	10

विस्तृत नियम व शर्तें एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए कार्यालय पर किसी भी कार्यदिवस अवधि में या fmneelgaon2294@gmail.com पर ज्ञात की जा सकती है एवं विभागीय वेबसाईट https://www.animalhusb.upsdc.govin पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

(डॉ. सुनील कुमार)
राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र
नीलगांव-सीतापुर

UPID-257778 Date: 08.10.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

नशे में दो लड़कियों का हाईवोल्टेज ड्रामा

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के खरका तिराहा पर शराब के नशे में दो लड़कियों का हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है। दोनों की विडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दोनों के नशे की हालत में इस कारनामें को देखकर लोगों की अच्छी खासी भीड़ वहां जमा हो गई। बताया गया है कि दोनों लड़कियां सगी बहनें बताई जा रहीं हैं। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंची महिला पुलिस से भी दोनों हाथापाई करने का प्रयास करने लगीं। पुलिस शराब के नशे में रही दोनों लड़कियों को हिरासत में लेकर थाने चली गई। दोनों लड़कियां कहां की हैं इस बात की जानकारी अभी तक नहीं पता चल सकी है।

मंदिर से घंटा, दानपात्र और बर्तन चोरी

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत राईपुर में प्राथमिक विद्यालय के समीप स्थित हनुमान मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। बुधवार की रात चोरों ने मंदिर परिसर में लगा घंटा, पूजा के बर्तन और दानपात्र चुरा लिया। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह तब हुई जब मंदिर के पुजारी विक्रम गिरी पूजा करने मंदिर पहुंचे। मंदिर से सामान गायब देख उन्होंने तत्काल ग्रामीणों को सूचना दी।सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मंदिर परिसर में जमा हो गई और 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची 112 की पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी उक्त मंदिर में चोरी की घटना हो चुकी है, जिसका आज तक पता नहीं चल सका है। इस बार फिर हुई चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द चोरी का खुलासा कर सामान बरामद करने की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुरेरी गंगासागर मिश्र ने बताया चोरी की जानकारी मिली है जांच की जा रही है।

पूर्व मा.विद्यालय रेही में बाल संसद का गठन

लालगंज, मीरजापुर। विकास खंड लालगंज क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रेही में गुरुवार को प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार मौर्या के नेतृत्व में बाल संसद का गठन किया गया। इसी के साथ विद्यालय में ईको क्लब और मीना मंच की भी शुरूआत की गई। चुनाव प्रभारी राजेश कुमार ने सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। छात्र-छात्राओं के मतदान और पारदर्शी मतगणना के बाद बाल मंत्रीमंडल के सदस्यों की घोषणा की गई। बाल संसद में नितिन कुमार को प्रधानमंत्री आदर्श को उप प्रधानमंत्री चुना गया। सृष्टि मौर्य को सांस्कृतिक मंत्री प्रेमसागर को पर्यावरण मंत्री अमन कुमार को व्यवस्थापक मंत्री सक्षम तिवारी को खोया पाया मंत्री शुभम तिवारी को पुस्तकालय मंत्री देव कुमार को खेल मंत्री प्रिया को स्वच्छता मंत्री चुना गया। यह पहल छात्रों को लोकतांत्रिक मूल्यों से परिचित कराने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार मौर्या ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करना और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। साथ ही उन्होंने छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन किशून लाल विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार मौर्या, अमरेश चन्द तिवारी, किशून लाल विश्वकर्मा, राजेश कुमार व विद्यालय परिवार मौजूद रहे।

चुनाव आयोग के खिलाफ इंडिया गठबंधन का जोरदार प्रदर्शन



सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर गुरुवार को इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं ने रॉबर्ट्सगंज के स्वर्ण जयंती चैक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद कचहरी तिराहे पर मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। कार्यकताओं ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव प्रक्रिया में कथित धांधली के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। इसके बाद कचहरी परिसर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों और संविधान की रक्षा के सवाल पर सपा मजबूती से आवाज उठाती रहेगी। जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा, ह्लभाजपा हटेगी, तभी विकसित भारत बनेगा और हिंदुस्तानियत बचेगी ह्व उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफे की मांग करते हुए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता राघवेंद्र तिवारी और जिलाध्यक्ष रामराज गौड़ ने कहा कि इंडिया गठबंधन संघर्ष से पीछे हटने वाला नहीं है। कम्युनिस्ट नेता नंदलाल आर्य ने भाजपा सरकार पर पीडीए से घबराने का आरोप लगाते हुए एकजुट संघर्ष का आह्वान किया। पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा, राजेंद्र सिंह पटेल सहित अन्य नेताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि विपक्ष की आवाज उठाने पर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया से कई सवाल खड़े होते हैं।

एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र नारायण जनपद सोनभद्र में कांग्रेस द्वारा आहूत इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन में एनडीए सरकार ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला और कहा ज्ञानेश कुमार ने देश के लोकतंत्र की हत्या की है। इसका खामियाजा उनको मिलेगा जिन लोगों के इशारे पर और उनके गोद में बैठकर के उन्होंने काम किया है उन लोगों को भी इसकी सजा मिलेगी चाहे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह जो लोग भी लोकतंत्र की हत्या में शामिल रहे हैं उन लोगों को इसकी सजा जरूर मिलेगी वह बच के नहीं पाएंगे। कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राखड़ लदी हाईवा का टायर फटने से उछली गिट्टियां, कई ग्रामीण घायल

बीजपुर,सोनभद्र। रेनुकूट-बीजपुर मुख्य मार्ग पर जरहां ग्राम पंचायत के पोतीपाथर टोले में गुरुवार की सुबह राखड़ लदे हाईवा का पिछला टायर तेज धमाके के साथ फट गया। टायर फटने के दौरान सड़क पर पड़ी गिट्टियां उछलकर आसपास बैठे ग्रामीणों को जा लगीं। हादसे में कई ग्रामीण घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति को अधिक चोट लगने की



सूचना है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह एनटीपीसी के राख बंधे से राखड़ लादकर हाईवा रेणुकूट की ओर जा रहा था। पोतीपाथर टोले में पेट्रोल पंप के समीप पहुंचते ही वाहन का पिछला टायर अचानक तेज आवाज के साथ फट गया। टायर फटने से सड़क पर पड़ी गिट्टियां दूर तक उछल गईं और सड़क किनारे मौजूद ग्रामीण, इसकी चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए भेजा। घटना के बाद ग्रामीणों में राखड़ परिवहन को लेकर नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में राखड़ ढोने वाले वाहनों की संख्या अधिक है, लेकिन वाहनों की फिटनेस और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था पर प्रभावी निगरानी नहीं हो रही है। उनका कहना है कि कई बार पुराने एवं जर्जर वाहनों के संचालन से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने कहा कि राखड़ परिवहन में लगे वाहनों की नियमित फिटनेस जांच के साथ उनकी तकनीकी स्थिति की भी निगरानी की जानी चाहिए। सड़क पर गिट्टियां अथवा अन्य सामग्री बिखरी रहने से भी राहगीरों के लिए खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित प्रबंधन से राखड़ परिवहन व्यवस्था की जांच कराने, वाहनों की नियमित फिटनेस जांच सुनिश्चित करने तथा मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।

अंतर महाविद्यालयी बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंकिता यादव उपविजेता, नॉर्थ जोन के लिए चयनित



आजमगढ। प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज में आयोजित अंतर महाविद्यालयी बैडमिंटन प्रतियोगिता में आजमगढ़ की खिलाड़ी अंकिता यादव, सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, लालगंज, प्रतापगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन के अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त मार्गदर्शक अजेंद्र राय के निर्देशन में उनके प्रदर्शन के आधार पर अंकिता का चयन नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय की टीम में किया गया है। अंकिता की इस उपलब्धि पर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन, आजमगढ़ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कहा कि अंकिता की सफलता आजमगढ़ के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास जताया कि अंकिता नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन कर आजमगढ़ और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगी। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन, आजमगढ़ ने अंकिता के विश्वविद्यालय एवं परिवार को भी इस उपलब्धि पर बधाई दी। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन, आजमगढ़ के अध्यक्ष डॉ. डी. पी. राय, सचिव डॉ. पीयूष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रमाकांत वर्मा तथा पदाधिकारियों राजेंद्र यादव, पुनीत राय, प्रवीण सिंह, विजय कुमार सिंह, मनीष रत्न अग्रवाल, राघवेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, प्रज्ञा राय, डॉ. अर्चना सिंह, सुनील दत्त विश्वकर्मा, सत्येंद्र उपाध्याय, पवन पांडेय एवं स्त्रोत सिंह ने अंकिता के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

लेखपाल को मारने के लिए दौड़ाया, केस दर्ज

आजमगढ़। जनपद के फूलपुर तहसील क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में राजस्व जांच करने पहुंचे लेखपाल से कथित तौर पर सरकारी अभिलेख छीनने, गाली-गलौज करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, जहानागंज थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार गौतम फूलपुर तहसील के सुल्तानपुर लेखपाल मंडल में लेखपाल के पद पर तैनात हैं। वह चार अक्टूबर को आईजीआरएस शिकायत के निस्तारण के लिए सुल्तानपुर गांव में स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच करने पहुंचे थे। लेखपाल का आरोप है कि जांच के दौरान गाटा संख्या 408/0.081 हेक्टेयर, जो घेरा (जंगल) खाते की धारा 77 के अंतर्गत दर्ज भूमि है, वहां नीम और महुआ के पेड़ गिरने के बाद उनकी लकड़ी सूर्यभान पुत्र बाबूलाल और परमीला पत्नी सूर्यभान द्वारा काटकर घर ले जाई जा रही थी। लेखपाल के अनुसार, उन्होंने मौके पर पहुंचकर लकड़ी ले जाने से रोक दिया। आरोप है कि इसके बाद सूर्यभान आबादी की भूमि गाटा संख्या 398/0.040 हेक्टेयर का सीमांकन कराने के लिए दबाव बनाने लगे। लेखपाल ने उन्हें सीमांकन की वैधानिक प्रक्रिया के बारे में बताया। इससे नाराज होकर आरोपियों ने कथित तौर पर उनके हाथ से सरकारी अभिलेख, नक्शा, प्रार्थना पत्र और अन्य कागजात छीन लिए तथा गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि दोबारा मौके पर दिखाई देने पर हाथ-पैर तोड़ दिए जाएंगे। लेखपाल ने तहरीर में आरोप लगाया कि सूर्यभान, परमीला, अर्पित पुत्र सूर्यभान और मनोज यादव पुत्र स्व. हरिराम ने उन्हें दौड़ा लिया और मारपीट की धमकी दी। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाकर वहां से निकाला। घटना के बाद लेखपाल ने उपजिलाधिकारी फूलपुर को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की। अधिकारियों के आदेश के बाद सात अक्टूबर को पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जताया विरोध

आजमगढ़। सरकार और एनपीसीआई द्वारा यूपीआई डिजिटल लेन-देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) के रूप में नया शुल्क लगाए जाने के फैसले का उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर, आजमगढ़ ने कड़ा विरोध किया है। व्यापारियों ने इसे व्यापारी विरोधी फैसला बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की। नगर अध्यक्ष मनोज कुमार बरनवाल ने कहा कि यूपीआई डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के बजाय उस पर शुल्क लगाने का निर्णय डिजिटल इंडिया अभियान की भावना के विपरीत है। इससे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा और डिजिटल लेन-देन प्रभावित हो सकता है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने नगर अध्यक्ष मनोज कुमार बरनवाल के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार द्वारा व्यापारियों पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाने की घोषणा को वापस लेने की मांग की गई। व्यापारियों ने कहा कि वे किसी भी अतिरिक्त शुल्क का बोझ उठाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस फैसले पर पुनर्विचार कर इसे तत्काल वापस लिया जाए। इस दौरान व्यापार मंडल के नगर महामंत्री जय प्रकाश वर्मा, वरिष्ठ महामंत्री आशीष गोयल, उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, पवन अग्रवाल, उद्योग मंच महामंत्री असीम अब्बासी समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

कांग्रेस ने निर्वाचन कार्यालय का किया घेराव



जौनपुर । नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी को जंतर-मंतर से गिरफ्तार किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा से कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन कार्यालय तक कांग्रेसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पैदल विरोध मार्च किया। कांग्रेसियों का विरोध मार्च अंबेडकर तिराहे से होते हुए निर्वाचन कार्यालय पहुंच कर ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त कर जेल भेजे जाने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। विरोध मार्च को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि ज्ञानेश कुमार शाह और तानाशाह के इशारे पर देश के करोड़ों मतदाताओं का नाम काटकर लोकतंत्र और संविधान की हत्या की है, शहर अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि वोट चोरी के दम पर बनी भाजपा सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाये। आरिफ खान ने आगे कहा कि नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को गिरफ्तार कर नरेंद्र मोदी की सरकार ने वोट चोरी करने वाले ज्ञानेश कुमार को संरक्षण देते हुए संविधान का अपमान किया है। कांग्रेसियों ने निर्वाचन कार्यालय पहुंच कर हल्ला बोल किया। विपिन शर्मा, विजय वर्मा, संदीप निषाद, सीताराम पटेल, विरेंद्र सेठ गौतम, छोटू पंडित, गोविंद गौतम, मुहम्मद ताहिर आदित्य राज सिंह, तौफीक अहमद अमल राजू, प्रेमचंद मौर्या,देवराज पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सत्य और जनहित के पक्ष में आवाज उठाने का प्रयास रहेगा जारी : सुनील शुक्ला

आजमगढ़। पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले बर्खास्त सिपाही सुनील शुक्ला को गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन प्रयास की ओर से सम्मानित किया गया। सिविल लाइन स्थित प्रयास सामाजिक संगठन के कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में सुनील शुक्ला को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान कर उनके साहस और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को सम्मान दिया गया। सम्मान से अभिभूत सुनील शुक्ला ने कहा कि सम्मान उनके लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी को और मजबूती से निभाने की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी सत्य और जनहित के पक्ष में आवाज उठाने का प्रयास अनवरत जारी रहेगा। समाज के लोगों का सहयोग और सम्मान संघर्ष को नई ऊर्जा प्रदान करता है।



वहीं प्रयास सामाजिक संगठन के आजमगढ़ मण्डल अध्यक्ष राणा बलवीर सिंह ने कहा कि संगठन हमेशा उन लोगों के साथ खड़ा रहेगा, जो जनहित और सामाजिक न्याय के लिए अपनी आवाज बुलंद करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव केवल सरकार या संस्थाओं के प्रयास से नहीं, बल्कि जागरूक नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से संभव है। प्रयास जरूरतमंदों की सहायता के साथ-साथ सामाजिक विषयों पर जागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। अध्यक्षीय संबोधन में केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि सुनील शुक्ला का सम्मान उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों के साथ खड़े रहते हैं। प्रयास टीम ने कहा कि सामाजिक हित में उल्लेखनीय कार्य करने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रयास खड़ा रहेंगा और उन्हें सम्मानित कर समाज को भ्रष्टाचार मुक्त करने में अपना सहयोग प्रदान करेगा। संचालन आदित्य आजमी ने किया।

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार व एनडीए गठबंधन के विरोध में पीडीए की हुंकार

मीरजापुर। जिले में गुरुवार को कलेक्ट्रेट का दृश्य गहमागहमी भरा रहा। पुलिस छावनी में तब्दील कलेक्ट्रेट परिसर में सपा के यंग टीम ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुलिस को चकमा देकर आखिरकार पुतला फूंक दिया। देश में वोट चोरी तथा सीईसी को हटाने की मांग को लेकर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर सपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा कार्यकताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर विरोध जताया। पुतला दहन के दौरान पुलिस और सपा कार्यकताओं में जमकर नुराकुशत्ती हुई जिससे गहमागहमी का माहौल उत्पन्न हो गया था। बता दें कि गुरुवार को सुबह से ही कलेक्ट्रेट परिसर से लगाए तहसील तिराहा तक पुलिस बल की तैनाती की गई थी। उधर इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियां और नेता पूरे देश में जिला स्तर पर वोट चोरी और सीईसी को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने के लिए भी पूरी तरह से कमर कसे हुए थे। कांग्रेस नेताओं ने जहां सबसे पहले कलेक्ट्रेट पहुंचकर डेरा डाल दिया था वहीं सपा कार्यकर्ता वोट बचाओ देश बचाओ ह्र पैदल मार्च निकालकर तहसील चौराहा, पुलिस लाइंस, रमईपट्टी होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष पहुंचें थे। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर 'वोट चोर कहां मिलेंगे, बीजेपी के दफ्तर में' इत्यादि नारे लगाते हुए डीएम कार्यालय के समझ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यवाह जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा देश के मुख्य चुनाव आयुक्त को बीजेपी सरकार बचा रही है। वोट चोरी का उन्हें इनाम देते हुए उनका संरक्षण किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व मंत्री, पूर्व कैलाश चौरसिया, पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री गुलाब चंद यादव उर्फ मुन्नी यादव, आकाश यादव, श्याम अचल यादव, आदर्श यादव, लल्लू शुक्ला, इत्यादि सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करते हुए केन्द्र सरकार पर तानाशाही बरताव करने और विपक्ष की आवाजा को कुचलने का आरोप लगाया। इस दौरान पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह पटेल, नगर अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक, मनीष दुबे, मुन्ना लाल मौर्या, छोटे खान आदि मौजूद रहे हैं।

- भारी जुलूस के बीच फूंका पुतला, पुलिस और सपा इयों में पुतले को लेकर छीना-झपटी

गलत इंजेक्शन से मरीज की हुई मौत

लालगंज, मीरजापुर। लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत तेंदुआ कला गांव निवासी 41 वर्षीय उमाशंकर की तबीयत खराब चल रही थी। बुधवार की रात में ज्यादा खराब होने पर परिजन गांव में स्थित एक झोला छाप डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे जहां गलत इंजेक्शन के कारण युवक की हालत और बिगड़ते देख चिकित्सक द्वारा मीरजापुर के लिए रेफर कर दिया गया जाते समय रास्ते युवक की मौत हो गई। शव को लहंगपुर पुलिस चौकी पर लेकर पहुंचे स्वजनों ने झोला छाप डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए तहरीर दिया। पुलिस ने तहरीर देने के बाद गुरुवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तेंदुआ गांव में मरीज को स्वजन गांव में एक निजी चिकित्सक के पास ले गए थे। उपचार के दौरान चिकित्सक ने उसे इंजेक्शन लगाया, इसके बाद उमाशंकर की तबीयत और बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे मीरजापुर ले जाने की सलाह दी। परिजनों ने उमाशंकर को गंभीर हालत में मीरजापुर ले जा रहे थे। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इससे नाराज परिजन शव लेकर लहंगपुर चौकी पहुंचे और पोस्टमार्टम कराने की मांग की। मृतक की पत्नी मुघुना देवी ने झोलाछाप चिकित्सक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी।पत्नी का आरोप है कि उपचार के दौरान इंजेक्शन लगाने के बाद उमाशंकर की हालत बिगड़ी और मीरजापुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्टहोगा। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है मामले में तहरीर मिली है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- ,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

मानसिक स्वास्थ्य के बिना शारीरिक स्वास्थ्य अधूरा



जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के मुक्तांगन में मानव श्रृंखला बनाकर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश दिया। प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि मन और शरीर का संबंध समग्र स्वास्थ्य का अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है। व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ हो सकता है, लेकिन यदि उसका मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो वह अपने शारीरिक स्वास्थ्य का भी पूर्ण लाभ नहीं उठा सकता। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं तथा दोनों एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं पर माइंड-बॉडी रिलेशन का प्रभाव पड़ता है। इसलिए स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए मानसिक स्वास्थ्य को भी शारीरिक स्वास्थ्य के समान महत्व दिया जाना आवश्यक है। उज्मा खान, संजीव कुमार यादव, प्रीती सिंह, उमम अंसारी, शम्भू नाथ, संतोष, पंकज सिंह सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दो निजी स्कूलों को नोटिस जारी

जौनपुर। जिले में स्कूली वाहनों की दुर्घटनाओं व नियमों की अनदेखी पर प्रशासन सख्त है। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. समीर ने सुजानगंज के दो निजी स्कूलों को नोटिस जारी किया है। 9 अक्टूबर तक संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनकी मान्यता रद्द होगी। डीओआरएम इंटरनेशनल स्कूल का टाटा मैजिक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। जांच में सात सीटर गाड़ी में क्षमता से ज्यादा बच्चे मिले, जिससे छह बच्चे घायल हुए। बेलवार स्थित सार्वजनिक प्राथमिक विद्यालय के वाहन एक्सीडेंट में भी क्षमता से दोगुने बच्चे पाए गए। इस स्कूल में खेल का मैदान नहीं था और उपस्थिति रजिस्टर गायब मिले। बीएसए ने पहले भी इन स्कूलों से वाहनों के दस्तावेज, भवन की एनओसी व मान्यता कागजात मांगे थे। 9 अक्टूबर दोपहर 2 बजे तक सभी सबूत व दस्तावेज बीएसए कार्यालय में जमा करने का अंतिम मौका है। जवाब न मिलने पर मान्यता रद्द करने की कार्रवाई शुरू होगी।

टी.बी. मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ

जौनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा टी.बी. मुक्त भारत अभियान - जोश टीम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय मंत्री, युवा एवं खेल मंत्रालय, केंद्रीय राज्य मंत्री, स्पोर्ट एवं डिफेंस मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। जनपद मुख्यालय से जिलाधिकारी के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभाकक्ष में जनपद के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वर्चुअल प्रतिभाग किया गया। टी.बी. मुक्त भारत अभियान जोश टीम लांचिंग कार्यक्रम के उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के समस्त ब्लॉकों एवं नगर पंचायतों में टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अनुश्रवण एवं प्रगति की समीक्षा हेतु खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों को जनपद स्तर से नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अधिकारी के सहयोग के लिये जनपद के एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. कार्यकत्ताओं की टीम तैयार करते हुए माई भारत वालंटियर्स के रूप में जोश टीम का गठन कर लिया गया है। यह जोश टीम अपने-अपने क्षेत्रों में संभावित टी.बी. मरीजों की खोज हेतु स्क्रीनिंग में सहयोग प्रदान करते हुए इस बीमारी से जनसमुदाय को संवेदीकृत भी करेगी। जिला क्षय नियंत्रण केन्द्र के माध्यम से कार्यक्रम के जिला समन्वयक द्वारा टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद में संचालित गतिविधियों एवं प्रगति से समस्त को अवगत कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. गंगाराम गौतम की अध्यक्षता में जनपद से एस.डी.एम. सदर शिवप्रताप, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, एन.एस.एस. के जनपदीय अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

हिंडाल्को यूटिलिटीज विभाग का अभिनंदन समारोह आयोजित

रेणुकूट,सोनभद्र। हिण्डाल्को रेणुकूट में यूटिलिटीज विभाग की तरफ से ऑडिटोरियम में अभिनंदन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मुख्य अतिथि हिंडाल्को के मुखिया समीर नायक ने वरिष्ठ अधिकारियों जयेश पवार, अजय सिन्हा, राजेश कपूर, जय तिवारी, पंकज जोशी, सत्यजीत आचार्या, यशवंत कुमार, विजय व्यास, अनिल झा, विवेक अग्रवाल, परमार्थ राय, तापस चैधरी, अंकुर अग्रवाल, तमन्ना गिरी राव व अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पूर्वहिण्डाल्को के मुखिया नायक, एचआर हेड अजय सिन्हा का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। तत्पश्चात गणेश वंदना की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की शुरूआत सत्यजीत आचार्या वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत कर की गई। इसके उपरांत घनश्याम द्वारा



यूटिलिटीज टीम की सालभर की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई। एक ओर जहां किशन पांडेय ने एकल नृत्य, तो वहीं किशन-सोमेशके युगल नृत्य प्रस्तुति ने समां बांध दिया। गर्ल्स के ग्रुप डांस को देखकर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

अनामयमिश्रा का कविता पाठ भी काबिल-ए-तारीफ रहा। किशन व महेन्द्र तिवारी द्वारा भोजपुरी गानेह्लराजा जी के दिलवा टूट जाईह्वपर किये गए नृत्य को देखकर वहां मौजूद सभी लोगों ने खूब ठुमके लगाए। इस दौरान किशन पांडे, एवं गुंजन सिंह की बेहतरीन एंकरिंग ने सभी का खूब मनोरंजन किया

संक्षेप

14 दिन बाद केली कुंज पहुंचे संत प्रेमानंद महाराज

मथुरा। अपने शिष्य रसिक दुलारी शरण के निधन के 14 दिन बाद संत प्रेमानंद महाराज गुरुवार सुबह वृंदावन नगर के केली कुंज आश्रम पहुंचे। सुबह करीब सवा पांच बजे गाड़ियों के काफिले के साथ मांट के जहांगीरपुर खादर स्थित अपने एकांतवास (यमुना विहार कुंज आश्रम) से केली कुंज पहुंचने पर उनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वृंदावन परिक्रमा मार्ग में सुबह तड़के संत प्रेमानंद महाराज को देखकर भक्तों में खुशी की लहर दौड़ गई। अनुयायी उनकी एक झलक पाने के लिए गाड़ियों के पीछे दौड़ पड़े और पूरा मार्ग श्री हरिवंश तथा राधे-राधे के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। केली कुंज आश्रम में लगभग 20 मिनट रुकने के बाद, संत प्रेमानंद महाराज वाराह घाट स्थित अपने गुरु श्री हित गौरांगी शरण महाराज के आश्रम पहुंचे। वहां करीब 20 मिनट रुककर गुरुदेव के दर्शन और नमन करने के बाद वे पुनः मांट स्थित यमुना विहार कुंज आश्रम लौट गए। गौरतलब है कि गत 25 सितंबर की सुबह उनके शिष्य रसिक दुलारी शरण ने गौ कृपा कुंज की चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी थी, जिनका 26 सितंबर को यमुना किनारे अंतिम संस्कार किया गया था। इस घटना से जुड़े चार वीडियो भी सामने आ चुके हैं, वहीं घटना के नौवें दिन आश्रम प्रबंधन की ओर से आधिकारिक पत्र जारी कर गहरा दुख व्यक्त किया गया था।

दो सप्ताह से लापता युवक का शव मकान में मिला

मथुरा। थाना राया क्षेत्र के गांव सरूपा में दो सप्ताह से लापता 20 वर्षीय युवक का शव बुधवार शाम एक बंद मकान में फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। शव जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। घटना की जानकारी उस समय हुई जब ग्रामीणों ने एक कुत्ते को नरमुंड मुंह में दबाकर ले जाते देखा। ग्रामीणों ने कुत्ते से नरमुंड छुड़ाया और इसकी सूचना युवक के परिजनों तथा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चैकी बिचपुरी प्रभारी कुशलपाल सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। परिजनों ने अपने बंद पड़े मकान को खोलकर देखा तो अंदर 20 वर्षीय विमल पुत्र सोनवीर का शव फंदे से लटका मिला। शव काफी खराब अवस्था में था। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पूर्व विधायक प्रदीप माथुर व शहर अध्यक्ष मुकद्दम चतुर्वेदी के नेतृत्व में किया प्रदर्शन

मथुरा। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक प्रदीप माथुर एवं शहर अध्यक्ष मुकद्दम चतुर्वेदी के संयुक्त नेतृत्व में कार्यकताओं ने होली गेट से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी विशाल पदयात्रा निकाली। इस विरोध प्रदर्शन में महिला, बुजुर्ग एवं युवा कार्यकताओं सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान पूर्व विधायक प्रदीप माथुर ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 13 करोड़ वोटों की हेराफेरी करने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना पड़ेगा। माथुर ने कहा कि जिस तरह दिल्ली में अमित शाह के इशारे पर पुलिस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ दुर्व्यवहार किया, उसके खिलाफ पूरे देश में आक्रोश है।

हेमा मालिनी ने पत्र लिखकर रेलवे को दिखाया मथुरा के विकास का रोडमैप



Hema Malini
MEMBER OF PARLIAMENT (LOK SABHA)
17-Mathura (Uttar Pradesh)

Mumbai Office : "ADVITIYA", 17, Jaihind Society, 12th Road, J.V.P.D. Scheme, Juhu, Mumbai - 400 049. (India).
E-mail : h.malini@sansad.nic.in

Ref.NO. MPO/5859/26-27/Mathura Date:- 14/09/2026

श्रीमान महाप्रबन्धक,
उत्तर मध्य रेलवे,
प्रयागराज।

विषयः– उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मण्डल के सम्बन्धित क्षेत्र में रेल सेवाओं को और बेहतर बनाने हेतु सुझाव के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपके पत्र सं:म.रे.प्र./वा./आगरा/सांसद मीटिंग/2026 दिनांक 27.08.2026 के सम्बन्ध में आपके द्वारा मांगे गये बहुमूल्य सुझाव (पूर्व प्रेषित सुझाव के अतिरिक्त) निम्नलिखित बिन्दुवार आपको प्रेषित है।

1. मथुरा जं. स्टेशन पर जनहित में गतिमान एक्सप्रेस का ठहराव किया जाना आवश्यक है, यह प्रस्ताव पूर्व बैठक में दिया जा चुका है, जिसके उत्तर में अवगत कराया गया था कि मांग के सम्बन्ध में बोर्ड को पत्र भेजा जा रहा है, अवगत कराया जाये।
2. आगरा कैण्ट से वाराणसी तक चलने वाली वंदेभारत ट्रेन (गाड़ी सं0–20175/20176) को जनहित में मथुरा जंक्शन तक संचालन किया जाये।
3. मथुरा–वृन्दावन रेल मार्ग की जगह सड़क मार्ग बनाये जाने हेतु प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है।

ी चौड़ाई कम होने की वजह से
रपास की चौड़ाई बढ़ाये जाने की

नं0 1, 2, 8, 9, 10 को आपस में
) एक फुट ओवर ब्रिज (FOB) की

मथुरा। सांसद हेमा मालिनी ने गुरुवार उत्तर मध्य रेलवे (आगरा मंडल) से संबंधित मथुरा संसदीय क्षेत्र में रेल सेवाओं और यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए रेलवे प्रबंधन के समक्ष कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे हैं। सांसद ने उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर मथुरा जंक्शन पर गतिमान एक्सप्रेस के ठहराव सहित कुल 12 प्रमुख सुझावों पर जल्द कार्रवाई की मांग की है। सांसद ने मथुरा जंक्शन पर गतिमान एक्सप्रेस के ठहराव को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि यह मांग पूर्व में भी रखी जा चुकी है। इसके अलावा उन्होंने आगरा कैंट से वाराणसी के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 20175/20176) का विस्तार मथुरा जंक्शन तक करने का सुझाव दिया है। पत्र में मथुरा को अलीगढ़ से रेल मार्ग द्वारा सीधे जोड़ने के लिए मथुरा जंक्शन-हाथरस-कासगंज लाइन को उत्तर मध्य रेलवे के मंड से अलीगढ़ की ओर जोड़ने के प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति मांगी गई है। वहीं, शहर में बढ़ते यातायात को देखते हुए धौली प्याऊ स्थित रेलवे फाटक संख्या 357 और 358 पर रेल ओवरब्रिज निर्माण की जोरदार मांग की गई है। सांसद ने नए बस स्टैंड और भूतेश्वर अंडरपास की कम चैड़ाई के कारण लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए दोनों अंडरपास को चौड़ा करने की बात कही है। साथ ही मथुरा-वृंदावन रेल मार्ग की जगह सड़क बनाने के प्रस्ताव तथा गोपाल नगर की ओर नए बस स्टैंड से हाईवे को जोड़ने वाले 30 मीटर चैड़े मार्ग के लिए रेलवे भूमि की डीलिजिंग प्रक्रिया की स्थिति से अवगत कराने को कहा है। मथुरा जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 1, 2, 8, 9 और 10 को आपस में जोड़ने के लिए नए फुट ओवरब्रिज के निर्माण तथा जंक्शन के तीनों प्रवेश द्वारों के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव दिया गया है। इसके अतिरिक्त मथुरा जंक्शन, छाता, कोसीकलां और गोवर्धन रेलवे स्टेशनों पर सफाई व्यवस्था बेहतर करने और पर्याप्त कूड़ेदान स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही पंडित दीनदयाल जी को सच्ची श्रद्धांजलि : ब्रजेश पाठक

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। पंडित दीनदयाल धाम (फरह) में आयोजित मेले के दौरान गुरुवार उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब, किसान, युवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि है।



उपमुख्यमंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी नीतियों के क्रियान्वयन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2026-27 के बजट आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जिनमें 45 सरकारी और 36 निजी क्षेत्र के हैं। जिन जिलों में अभी मेडिकल कॉलेज नहीं हैं, वहां भी स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा का विस्तार प्राथमिकता पर है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार की नीतियां अंत्योदय और एकात्म मानव दर्शन के सिद्धांतों पर आधारित हैं। नकारात्मक माहौल बनाने के प्रयासों के बीच लोगों को पंडित जी के विचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इसके अलावा कार्यक्रम को केबिनेट मंत्री भूपेन्द्र चैधरी ने भी संबोधित किया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद, अंत्योदय एवं राष्ट्रसेवा पर प्रकाश डाला।मेले के दौरान उपमुख्यमंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में आयोजित प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। अभियान के तहत जोश (ज्वाइंट स्क्वाड फॉर हेल्थ) टीमों का प्रथम चरण 11 राज्यों के 55 जिलों में शुरू किया जा रहा है। युवाओं की ऊर्जा और सहभागिता के माध्यम से गांव-गांव तक टीबी उन्मूलन और समय पर उपचार का संदेश पहुंचाना है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री के साथ राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी, समाजसेवी सोहनलाल कातिब के अलावा मेला समिति के पदाधिकारी और अधिकारी मौजूद रहे।

प्रेक्षक ने की विधान परिषद चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान की तैयारियों को लेकर प्रेक्षक डॉ.हीरालाल ने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी/उप निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल तथा समस्त उप जिलाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रेक्षक ने पोलिंग पार्टियों, माइक्रो आब्जर्वर तथा वेब कास्टिंग की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान छोटी-सी गलती भी गंभीर रूप ले सकती है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में बताया गया कि स्नातक निर्वाचन में कुल 15,399 मतदाता हैं, जिनमें 10,066 पुरुष और 5,333 महिला मतदाता हैं। वहीं शिक्षक निर्वाचन में कुल 3,075 मतदाता हैं, जिनमें 2,113 पुरुष और 962 महिला मतदाता शामिल हैं। स्नातक निर्वाचन के लिए 22 मतदान केंद्र, जबकि शिक्षक निर्वाचन के लिए 11 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। स्नातक निर्वाचन में 13 और शिक्षक निर्वाचन में 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पांच जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। प्रेक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन संबंधी सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करते हुए पूरी निष्ठा एवं सावधानी के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य सहित समस्त उप जिलाधिकारी मौजूद रहे।

मेगा कैम्प की तैयारियों को लेकर बैठक जिला न्यायाधीश ने दिये निर्देश



फिरोजाबाद। आगामी एक नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले मेगा कैम्प की तैयारियों को लेकर गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश डॉ.बब्बू सारंग ने की। इसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मेगा कैम्प के माध्यम से पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं और विधिक सेवाओं का लाभ दिलाने तथा अधिकाधिक लाभार्थियों को कार्यक्रम से जोड़ने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।जनपद न्यायाधीश ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मेगा कैम्प से पहले प्री-कैम्प आयोजित कर पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन किया जाए और उनके आवेदन तथा आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पहले ही पूरी करा ली जाए, ताकि मेगा कैम्प में अधिकाधिक लोगों को मौके पर योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिल सके।उन्होंने मेगा कैम्प के व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए। इसके लिए बैनर, पोस्टर, पंपलेट, सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों का उपयोग करने को कहा गया। साथ ही विभागों को अपने-अपने स्टॉल, योजनाओं की जानकारी और आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा ने सभी विभागों से आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ कार्य करते हुए मेगा कैम्प को सफल और जनोपयोगी बनाने का आह्वान किया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की तैयारियों की जानकारी दी तथा अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित कराने पर जोर दिया।

तीन दोस्तों ने दोस्त की हत्या कर जंगल में दबाया, पुलिस डॉग ने किया राजफाश

मथुरा। पुलिस डॉग ने जंगल में गड्ढे के अंदर दबे शव का राजफाश बीतीरात कर दिया। थाना कोसीकलां के गांव बरका में युवक को साथ लेकर जंगल गए तीन दोस्तों ने उसकी हत्या करके शव को गड्ढा खोदकर जमीन में दफना दिया। देर शाम तक युवक के नहीं लौटने पर स्वजन ने दोस्तों से पूछताछ की, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं बताया। इसके बाद तीनों दोस्त गांव से फरार हो गए। स्वजन ने हत्या की आशंका जताते हुए तीनों दोस्तों के खिलाफ थाने में प्रार्थना-पत्र दिया है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जंगल में तलाश की। बीतीरात युवक का शव गड्ढे से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने दोस्तों की तलाश शुरू कर दी है।

गौरतलब हो कि कोसीकलां के गांव बरका निवासी शौकीन बुधवार सुबह आठ बजे अपने तीन दोस्त विष्णु, लक्ष्मण और आशीष के साथ जंगल गए थे। साथ गए तीन युवक वापस लौट आए। लेकिन शौकीन के घर न पहुंचने पर स्वजन को अनहोनी की आशंका हुई। स्वजन ने तीनों युवकों के घर पहुंचकर शौकीन के बारे में जानकारी मांगी, लेकिन आरोप है कि उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद तीनों युवक वहां से गायब हो गए। इससे स्वजन का शक गहरा गया और उन्होंने तीनों पर शौकीन की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ लापता युवक की तलाश शुरू कर दी। रात करीब नौ बजे पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जंगल में तलाश शुरू कराई। यहां एक गड्ढे से शौकीन के शव को पुलिस ने बरामद कर लिया। कोसीकलां थाना प्रभारी कमलेश सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया सामने आया है कि चारों ने जंगल में एक साथ शराब पी है। किसी बात को लेकर हुए झगड़े में शौकीन की हत्या करके शव को जमीन में दफना दिया है। तीन नामजद युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार करके वारदात का राजफाश किया जाएगा।

राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए स्वर्णकार समाज एकजुट

टूंडला। राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार के टूंडला आगमन पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने शारदा वैंकट हॉल में फूल मालाओं एवं स्वर्ण मुकुट पहनाकर जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार ने कहा कि स्वर्णकार समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए संगठन लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्णकार समाज की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार से मांग की जा रही है तथा समाज की आवाज को शासन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन मिशन-2027 के तहत देशभर में संगठन को मजबूत करने के साथ उत्तर प्रदेश, गुजरात और पंजाब में होने वाले आगामी चुनावों को लेकर समाज के बीच जनसंवाद कर रहा है। उत्तर प्रदेश में स्वर्णकार जनसंवाद यात्रा के दो चरणों में 22 जिलों का भ्रमण पूरा किया जा चुका है। तीसरे चरण की शुरूआत टूंडला से की गई है। यात्रा टूंडला के बाद फिरोजाबाद और शिकोहाबाद तक जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि संगठन की ओर से उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 में भाजपा से स्वर्णकार समाज के लिए 20 विधानसभा सीटों पर टिकट की मांग की जा रही है। स्वर्णकार समाज ने हमेशा समाज और व्यवस्था की शोभा बढ़ाने का काम किया है, अब सदन की शोभा बढ़ाने के लिए भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व जरूरी है।उन्होंने बताया कि काशी और बुंदेलखंड में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं तथा संगठन की ओर से 75 जिलों का भ्रमण किया जा चुका है। उन्होंने दावा किया कि प्रत्येक जिले में संगठन की इकाई मौजूद है और समाज को संगठित करने के लिए लगातार जनसंवाद कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद दुर्गेश वर्मा, जिला महामंत्री विष्णु सोनी, प्रदेश संगठन मंत्री संजय वर्मा, नगर अध्यक्ष टूंडला रेखा वर्मा, नगर महामंत्री शिवांग वर्मा, नगर उपाध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा, सचिन वर्मा, राजीव वर्मा, दीपक वर्मा, राजू लवानिया, राजेश अग्रवाल, प्रतिभा उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

महिला की हत्या का वांछित 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना नगला खंगर क्षेत्र के गांव कोरारी खेड़ा में महिला की कुल्हाड़ी मारकर हत्या के मामले में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, बाइक और नकदी बरामद की है। घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस के अनुसार दो अक्टूबर को कोरारी खेड़ा निवासी सोनी पत्नी संदीप की उसके जेठ नेपाल सिंह पुत्र जगदीश ने खेतों पर कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी। मामले में वादी की तहरीर पर थाना नगला खंगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई थीं। बुधवार को थाना नगला खंगर पुलिस टीम भदान चौराहा के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध बाइक सवार दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया और अन्य टीमों को सूचना दी। बिरई अंडरपास सर्विस रोड के पास पुलिस ने बाइक सवार की घेराबंदी कर ली। पुलिस का कहना है कि घिरने के बाद आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल की पहचान नेपाल सिंह के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक तमंचा दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक स्पलेंडर मोटरसाइकिल और 560 रुपये बरामद हुए। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार, विशाल सोरान, अमित कुमार तथा कांस्टेबल अवनीश दीपांशु, कपिल और लाल बहादुर शामिल रहे।

श्री अग्रसेन मानव सेवा मंडल की विविध प्रतियोगिताओं व महिला सम्मेलन आयोजित



मथुरा। श्री अग्रसेन मानव सेवा मंडल (रजि.) महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सरस्वती कुंड रोड स्थित अग्र-वाटिका में तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं और 39वें महिला सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल अग्रवाल (नौहझील वाले) एवं जयंती प्रसाद अग्रवाल सहित उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अग्रसमाज के बच्चों ने महाराजा अग्रसेन की आरती की मधुर प्रस्तुति दी।सुबह 12:30 बजे से आयोजित प्रतियोगिताओं में अग्र समाज के बच्चों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 6 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए रंगभरो, 9 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए बिना आग के व्यंजन बनाओ, 14 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं के लिए नेल आर्ट तथा महिलाओं के लिए कड़े सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। कुल 125 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सायंकाल 6:30 बजे से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की चीर हरण लीला का सुंदर मंचन किया गया। इसके साथ ही भोजन की बबार्दी रोकने और अन्न को डस्टबिन में न फेंककर जरूरतमंदों को दान करने का संदेश देता हुआ एक प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया गया। समारोह के दौरान समाज की 75 वर्ष से अधिक आयु की 5 वरिष्ठ माताओं को वरिष्ठ माता सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके अतिरिक्त आए हुए सभी अतिथियों एवं मीडिया बंधुओं का सम्मान कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन आदित्य भोज के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संयोजिका मोनिका अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष सीए मोहिनी अग्रवाल, स्वागत अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजिका मिनी बिंदल, वरिष्ठ माता सम्मान संयोजिका नीलम अग्रवाल, मीता अग्रवाल आदि का विशेष योगदान रहा।

डिप्टी सीएमओ ने नगला किला में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का लिया जायजा

फिरोजाबाद। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनस्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (डिप्टी सीएमओ) डॉ. पवन कुमार वर्मा ने ग्राम नगला किला का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांव में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. वर्मा ने गांव में साफ-सफाई, जलभराव की स्थिति, एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग आशा एवं एएनएम द्वारा किए जा रहे सर्वे तथा दस्तक अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि संचारी रोगों से बचाव के लिए प्रत्येक घर तक जागरूकता संदेश पहुंचाया जाए और बुखार, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य संचारी रोगों के संभावित मरीजों की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, पानी को ढककर रखने, जलभराव समाप्त करने और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने के लिए जागरूक किया। निरीक्षण में सामने आई स्थिति के आधार पर संबंधित विभागों एवं कर्मचारियों को शासन के निदेर्शों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डॉ.वर्मा ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को जनसहभागिता के माध्यम से ही प्रभावी बनाया जा सकता है। सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय ने जनपदवासियों से अपील की है कि अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा बुखार या अन्य संचारी रोगों के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

छाता चीनी मिल पर किसानों का विशाल प्रदर्शन, रहेड़ा गांव से ट्रैक्टर, घोड़े और बैंड-बाजे के साथ पहुंचे किसान



छाता, मथुरा। छाता चीनी मिल को पुनः शुरू कराने और किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर बृहस्पिवार (8 अक्टूबर) को रहेड़ा गांव के किसानों ने ऐतिहासिक कूच किया। गांव से निकला किसानों का काफिला जब भारी संख्या में ट्रैक्टरों, घोड़ों और बैंड-बाजे के साथ छाता चीनी मिल प्रांगण पहुंचा, तो पूरा इलाका किसान जवान नारों से गुंजायमान हो उठा। किसानों के इस विशाल दलबल और जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन को देखकर मौके पर मौजूद सभी आंदोलनकारियों भूतपूर्व सैनिक परिषद में अभूतपूर्व उत्साह भर गया। पारंपरिक तरीके से हटकर किसानों ने इस बार ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे और घोड़ों के साथ जुलूस निकाला। सैकड़ों की संख्या में कतारबद्ध ट्रैक्टरों का काफिला रहेड़ा गांव से शुरू होकर चीनी मिल तक पहुंचा। सड़क पर किसानों के इस विशाल रेले को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। रहेड़ा गांव से आए भारी समर्थन ने मिल परिसर में चल रहे किसान आंदोलन को नई ऊर्जा दी है। मौके पर मौजूद किसान नेताओं ने कहा कि रहेड़ा गांव के निवासियों ने जिस एकजुटता और उत्साह का परिचय दिया है, उससे हमारी मांगों को नया बल मिला है। जब तक चीनी मिल के संचालन को लेकर कोई ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक किसानों का यह संघर्ष इसी ऊर्जा के साथ जारी रहेगा। ?किसानों ने शांतिपूर्ण तरीके से बुलंद आवाज में अपनी मांगें रखीं। इस दौरान दिलीप सिंह, चेतराम, भीम, भगवत, विपति, प्रेमी, बुद्ध, शेरपाल, अमरपाल, नारायण सिंह, कल्याण राशन डीलर देबू जयवीर, प्रहलाद, शिवा, लंबरदार रामबाबू, वीरपाल आदि मौजूद रहे।

यातायात पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

फिरोजाबाद। यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने गुरुवार को जनपद में विशेष अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चालकों और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर संचालित किए जा रहे 41 ऑटो एवं ई-रिक्शा के चालान किए गए, जबकि दो ऑटो-ई-रिक्शा सीज किए गए। वहीं स्पीड मीटर से वाहनों की गति की जांच करते हुए निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन चलाने वाले 153 वाहन चालकों के चालान किए गए। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 640 अन्य वाहनों के विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को हेलमेट के महत्व के प्रति जागरूक किया। हेलमेट बैंक के माध्यम से भी लोगों को हेलमेट के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान ब्रेथ एनालाइजर से वाहन चालकों की जांच की गई तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और यातायात संकेतों का पालन करने की अपील की। यातायात पुलिस ने आमजन से निर्धारित क्षमता के अनुसार ही सवारी बैठाने, वाहनों को निर्धारित स्थान पर खड़ा करने तथा नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने देने की अपील की। पुलिस ने सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में लोगों से सहयोग की अपेक्षा की।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

मथुरा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में गुरुवार दोपहर कांग्रेस कार्यकताओं ने वोट चोरी के विरोध में ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्न पदयात्रा निकाली। राजकीय छात्रावास से शुरू होकर सिविल लाइन होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची इस पदयात्रा के दौरान कार्यकताओं ने नारेबाजी कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और काला दिवस मनाया। कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान डीएम कार्यालय के सामने उस समय हंगामा हो गया जब पार्टी के दो पक्षों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। कांग्रेस नेता ज्ञान सिंह सद्दीकपुर और दूसरे पक्ष के बीच जमकर मारपीट होने की बात सामने आई है। घटना का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।

ट्रेड डील की उलझती गुत्थी

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत-अमरीका ट्रेड डील को लेकर जो बात कही है उससे स्पष्ट है कि बार-बार अमरीकी राजदूत सर्जियो गोर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का यह बयान कि 'डील की नब्बे प्रतिशत मुद्दों पर सहमति हो गयी है' महज दिलासा देने का प्रयास था। दरअसल डील की गुत्थियां उलझी हुई हैं, यही कारण है कि निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया है कि 'अब और रियासत की गुंजाइश नहीं है।'सीतारमण ने हालात का जो आकलन किया है, वह दोनों पक्षों के पिछले वक्तव्यों की तुलना में अधिक विश्वसनीय नजर आ रहा है। उन वक्तव्यों में कहा गया था कि समझौता तकरीबन हो ही चुका है। यह भी याद रखना चाहिए कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने पिछले सप्ताह कहा था कि दोनों पक्षों ने उन मुद्दों की पहचान कर ली है जिन पर अभी अड़चन है, लेकिन समझौता निकट नहीं है। विकास के बहुत अलग-अलग स्तरों वाली दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत आसान नहीं होती और इसमें समय लगना स्वाभाविक है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अलग-अलग देशों के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे को एक समस्या और अनुचित व्यवहार का परिणाम बताते हैं। पिछले वर्ष अधिकांश व्यापारिक साझेदार देशों पर लगाये गये तथाकथित जवाबी शुल्क के पीछे यही सोच प्रमुख प्रेरक शक्ति थी। इस साल अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने इन शुल्कों को निरस्त कर दिया। इसके बाद अमेरिकी प्रशासन ने अस्थायी शुल्क लगाये और अमेरिकी व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 301 के तहत जांच शुरू की। जांच पूरी होने के बाद प्रशासन ने भारत और कुछ अन्य देशों से होने वाले आयात पर आपूर्ति शृंखलाओं में बंधुआ मजदूरी की मौजूदगी का हवाला देते हुए 10 फीसदी शुल्क लगा दिया। अतिरिक्त औद्योगिक क्षमता से जुड़ी दूसरी जांच अभी जारी है। व्यापक समझ यह है कि इन शुल्क दरों को धीरे-धीरे जवाबी शुल्क की दर के करीब ले जाने का इरादा है। सैद्धांतिक रूप से शुल्कों के अगले दौर की घोषणा से पहले यदि कोई व्यापार समझौता हो जाता, तो भारत अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में होता। संकेतों से लगता है कि अमेरिका भारत के साथ अपने व्यापार घाटे को कम करने का लक्ष्य बना रहा है। 2025-26 में भारत का व्यापार अधिशेष लगभग 34 अरब डॉलर था। यह एक ऐसी बेहद कठिन स्थिति है, जिस पर बातचीत करके कोई समझौता करना आसान नहीं होगा। भारत का चालू खाते का घाटा भी है यानी वह दुनिया के बाकी देशों से जितनी वस्तुएं और सेवाएं खरीदता है ,उन्हें उतनी मात्रा में बेचता नहीं है। दिलचस्प यह है कि भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष है जबकि अन्य देशों के साथ व्यापार घाटा है। अमेरिका के साथ इस अधिशेष को कम करने का अर्थ होगा कि भारत को दुनिया के अन्य हिस्सों से होने वाले कुछ आयात को अमेरिका से होने वाले आयात में बदलना पड़ेगा। जरूरी नहीं कि यह आर्थिक रूप से प्रभावी हो। यह भी संभव है कि अमेरिका भारत की सभी जरूरतों की आपूर्ति करने की स्थिति में न हो। 2025 में चीन के साथ अमेरिका का वस्तु व्यापार घाटा 200 अरब डॉलर से अधिक था। हालांकि यह पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम था लेकिन यह तर्क दिया गया है कि कुछ वस्तुओं को दूसरे देशों के रास्ते अमेरिका भेजा गया। दिलचस्प बात यह है कि शुल्क लगाए जाने के बावजूद 2025 में अमेरिका का कुल वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 1.2 लाख करोड़ डॉलर से अधिक हो गया। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ट्रंप प्रशासन इस स्तर के व्यापार घाटे को किस तरह कम करता है। अमेरिका की राजकोषीय स्थिति और निजी क्षेत्र में बढ़ती निवेश मांग को देखते हुए आने वाले वर्षों में अमेरिका का व्यापार घाटा और चालू खाते का घाटा बढ़ने की संभावना है। ऐसे में अगर इस घाटे को पूरा करने के लिए भारत पर अनाश्यक दबाव डालने का प्रयास होता है, कृषि क्षेत्र को खोलने की शर्त रखी जाती है, तो दोनों देशों के बीच समझौता होना बहुत कठिन हो जायेगा।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान से स्पष्ट है कि अमरीका और भारत के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर दोनों पक्षों में मतभेद हैं।

देश की आर्थिक प्रगति को नकारने की कोशिश



अरविन्द जयतिलक



सामयिक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार भारत को टैरिफ की धमकियां दे रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड भी बता चुके हैं। उनके इस भारत विरोधी बयान को देश के लोगों ने ही आगे बढ़ाया। भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड बताने वाले वही लोग हैं जो 2014 से पहले औंधे मुंह पड़ी विकास दर, कमरतोड़ महंगाई और उत्पादन में कमी से निपटने में बुरी तरह नाकाम साबित हुए थे। अब उनका अर्थ ज्ञान इतना मजबूत हो चुका है कि अमरीकी टैरिफ धमकियों, देश में हो रहे प्रदर्शन मात्र से उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था रसातल में धंसती नजर आ रही है। उनके इस निष्कर्ष और कुतर्क-कुप्रचार का आधार सिर्फ इतना भर है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ लगाने के बाद इंडिया को डेड इकोनॉमी कहा था। लेकिन मजेदार बात यह कि वह टैरिफ को लेकर अभी भी आगे-पीछे कर रहे हैं। फिलहाल इस मसले पर दोनों देशों के बीच अभी बातचीत जारी है। लेकिन उतावलेपन की हद है कि भारत के खिलाफ कुप्रचार का ठेका उठा रखे सियासी धंधेबाजों के पास धैर्य नाम की कोई चीज ही नहीं। कौवा कान ले गया तो ले गया। वे इस कहावत को भली भांति चरितार्थ कर रहे हैं। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप की तरह ये सियासी धंधेबाज भी चाहते थे कि कि भारत अपने कृषि-डेयरी बाजार को अमेरिका के लिए खोल दे।

अगर भारत सरकार अमेरिकी शर्तों पर झुक गई होती तो इन सियासी धंधेबाजों को सरकार पर किसान विरोधी फैसला लेने का तोहमत लगाकर सरकार को घेरने, बदनाम करने और राजनीतिक माहौल विषाक्त बनाने का मौका मिल जाता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भारत सरकार ने अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखा। अब सियासी धंधेबाजों के पास एक ही रास्ता बचा है कि वे डोनाल्ड ट्रंप की भाषा का समर्थन कर भारत की अर्थव्यवस्था के खिलाफ माहौल निर्मित करें। दुनिया के निवेशकों को भड़काएं। इस काम में अच्छी तरह जुट भी गये हैं। लेकिन उनकी मंशा पूरी होने वाली नहीं है। दुनिया के निवेशकों का भारत के ग्रोथ रेट पर भरोसा है। वे अच्छी तरह जानते हैं कि टैरिफ विवादों सेो कोई अर्थव्यवस्था रसातल में नहीं चली जाती। वह भी भारत जैसी तेज रफ्तार वाली अर्थव्यवस्था जो हाल ही में जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है। वे जानते हैं कि अगर अमेरिकी टैरिफ बढ़ भी जाता है तो भारत पर बहुत असर पड़ने वाला नहीं है। हां, श्रम-प्रधान उत्पाद जैसे वस्त्र, फार्मास्यूटिकल, रत्न-आभूषण और पेट्रो केमिकल्स पर थोड़ा असर जरुर पड़ेगा। लेकिन भारत का बाजार इतना बड़ा है और इन उत्पादों का अपने ही देश में जबरदस्त डिमांड है। भारत पर टैरिफ बढ़ाने से अमेरिका में न सिर्फ महंगाई बढ़ेगी बल्कि उसे कम जीडीपी और डॉलर के कमजोर होने का खतरा उठाना होगा। एसबीआई रिसर्च ने अमेरिकी टैरिफ को एक बुरा बिजनेस फैसला करार दिया था। अब सौ प्रतिशत की धमकी अमरीका पर ही भारी पड़ेगी। उसके अनुमान के मुताबिक अमेरिका में महंगाई 2026 तक 2 प्रतिशत के तय लक्ष्य को पार कर जाएगी। ऐसा टैरिफ के सप्लाई-साइड इफेक्टस और एक्सचेंज रेट में बदलाव के कारण होगा। तमाम आर्थिक एजेंसियों द्वारा आंकलन कर उद्घाटित किया गया है कि टैरिफ के बाद भी भारत की ग्रोथ रेट 6.8 प्रतिशत से अधिक रहेगी।

दरअसल भारतीय अर्थव्यवस्था की तेजी से निवेशक उत्साहित हैं और वे लगातार भारत की ओर रुख कर रहे हैं। वे अच्छी तरह जानते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था टैरिफ से प्रभावित होने के बजाए इसे एक अवसर के रुप में बदल देगी। दुनिया को पता है कि भारत अमेरिकी टैरिफ बढ़ने से होने वाले अपने मामूली नुकसान की भरपाई यूरोप और आसियान देशों के साथ व्यापार बढ़ाकर कर सकता है। यूरोप और आसियान देशों में भारतीय उत्पादों की जबरदस्त मांग है। आसियान के सभी दस देशों जैसे इंडोनेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, मलेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, ब्रुनेई, फिलीपींस, लाओस और कंबोडिया के साथ भारत की आर्थिक साझेदारी में तेजी से वृद्धि हुई है। वैसे भी ये देश एक अरसे से भारत के साथ व्यापारिक विस्तार की मांग करते रहे हैं। अब भारत इन देशों में अपने उत्पाद निर्यात को बढ़ा सकता है।

आज की तारीख में भारत आसियान के लिए चौथा सबसे बड़ा करोबारी साझीदार है। पिछले डेढ़ दशक के दौरान आसियान देशों से भारत में कुल 70 अरब डॉलर यानी करीब पांच लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है जो भारत के कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के 17 प्रतिशत के बराबर है। इसी तरह भारत यूरोपीय संघ के साथ भी अपने कारोबारी रिश्ते को मजबूती दे रहा है। आज की तारीख में यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वर्ष 2024 में भारत और यूरोपीय संघ के बीच 120 बिलियन यूरो अर्थात 141.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ। यह भारत के कुल व्यापार का 11.5 प्रतिशत है। भारत की अर्थव्यवस्था को मर चुकी अर्थव्यवस्था को बर्बाद बताने वालों को याद रखना चाहिए कि आज भारत की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच चुकी है। आने वाले दो-तीन वर्षों में वह जर्मनी को भी पछाड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल कर लेगी। सच तो यह है कि भारत की मौजूदा सरकार ने मैक्रो-इकनॉमिक फंडामेंटल्स को मजबूत करते हुए अर्थव्यवस्था को नई उर्जा दी है। ब्लुमबर्ग की रिपोर्ट में कहा जा चुका है भारतीय अर्थव्यवस्था ने ऊंची छलांग लगायी है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट से भी उद्घाटित हो चुका है कि भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रुप में उभर सकता है। 2014 में भारत आर्थिक रूप से दसवें पायदान पर था। लेकिन सरकार की नीति, उपभोक्ता खर्च में आई तेजी, घरेलू स्तर पर बढ़ी मांग और सेवा क्षेत्र में लगातार विस्तार ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नये मुकाम पर पहुंचा दिया है। उसी का नतीजा है कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। आंकड़ों पर गौर करें तो आज भारत में सबसे ज्यादा स्मार्टफोन डेटा उपभोक्ता हैं। सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स के मामले में दूसरे स्थान पर है। तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। इनोवशन इंडेक्स में भारत की रैंकिंग लगातार सुधर रही है। देश में यनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआइ के जरिए लेन-देन बढ़ा है। यूपीआइ लेन-देन की कुल संख्या 17221 करोड़ पार कर चुकी है। इसका कुल मुल्य 246.8 लाख करोड़ रुपए था। विनिर्माण क्षेत्र में ग्रोथ से भारत के निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का कुल निर्यात 824.9 अरब अमेरिकी डॉलर था। बीते एक दशक में 110 अरब डॉलर से ज्यादा की नई कंपनियां अस्तित्व में आई हैं। आज इनका मूल्य 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। यह संकेत भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था की संभावना को पुख्ता करता है। मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण भारत में निवेश को लगातार बढ़ावा मिला है। अनुकूल माहौल के कारण निवेशक इनवेस्ट में रुचि दिखा रहे हैं। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था और भी अधिक ऊंची छलांग लगाएगी और इसकी प्रमुख वजह विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से हो रहा ग्रोथ है।

> आज भारत पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। बीते साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र और सांस्कृतिक नगरी वाराणसी में पांच लाख करोड़ डॉलर (पांच ट्रिलियन) की अर्थव्यवस्था की क्षमता पर शक करने वाले लोगों को पेशेवर निराशावादी कहा था।

सोशल मीडिया



भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता नाना पाटेकर जी के आकस्मिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। प्रियंका गांधी



अयोध्या की पावन धरा पर कलियुग के ताप को हरकर इहलोक संवारने वाली और परलोक को सुधारने वाली भागवत कथा का अमृतपान करने का सौभाग्य मिला। अखिलेश यादव



प्रयागराज में इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की आयोजित बैठक में सम्मिलित होकर भाजपा प्रत्यशी अशोक कुमार राठौर के साथ उपस्थित पदाधिकारियों से चर्चा की। केशव

आधुनिक युद्ध में तेजी से बदल रहे हैं तौर-तरीके



प्रतिबिंब

युद्ध के तौर-तरीके बदल रहे हैं। अब युद्ध अधिक जटिल, महंगे और लंबे समय तक चलते हैं। जिस तरह यूक्रेन बीते चार साल से रूस के खिलाफ लड़ रहा है और अमरीका दो-तीन बार में 50 दिनों से अधिक बमबारी करके भी ईरान को नहीं झुका पाया, उससे स्पष्ट है कि आधुनिक युद्ध अधिक जटिल, महंगे और उन्नत प्रौद्योगिकी से युक्त हैं। ऐसे में भारत को नये दौर की चुनौतियों के अनुसार अपनी रक्षा तैयारियों को सुनिश्चित करना होगा। भारत-पाकिस्तान के चार दिनी युद्ध में जिस तरह भारत ने ड्रोन के जरिए बड़े हमले किये और पाकिस्तान को नुकसान पहुंचाया, आर्मेनिया-अजरबैजान युद्ध में ड्रोन के प्रयोग और और रूस-यूक्रेन युद्ध भी जिस तरह ड्रोन के सहारे लड़ा जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि ड्रोन युद्ध में नये हीरो हैं। यह बात यूक्रेन के हालिया हमले से भी स्पष्ट है।

यूक्रेन ने बड़े ही रणनीतिक तरीके से रूस पर ड्रोन हमला कर एक झटके में उसकी वायुसेना को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। इस साहसिक और अप्रत्याशित हमले में यूक्रेन के सैन्य बलों ने रूसी क्षेत्र के भीतर जाकर लगातार कई हमले किए और रूस के लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों या सामरिक बमबारी बेड़े को निशाना बनाया। रूस के अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि की लेकिन यह नहीं बताया कि कितनी क्षति पहुंची है। रूस के सामरिक बमबारी बेड़े को हुई क्षति की भरपाई संभव नहीं है क्योंकि ये 1950 के दशक के हैं और इन्हें बनाने वाली इकाइयां बहुत पहले बंद हो चुकी हैं। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने दावा किया कि उसने एक तिहाई बेड़े को निशाना बनाया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदोमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस को करीब 7 अरब डॉलर मूल्य का नुकसान हुआ है। परंतु जिस बात ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है और जो आने वाले महीनों और वर्षों तक सैन्य योजनाकारों और सामरिक विशेषज्ञों की चर्चा का विषय रहेगा वह है, इस हमले का तरीका। यूक्रेन ने यह हमला रेडियो नियंत्रित ड्रोन के माध्यम से किया। इन्हें सामान्य निर्माण सामग्री की तरह वाणिज्यिक कंटेनर ट्रकों में लादा गया और उसके बाद रूस में हवाई ठिकानों के आसपास के इलाकों में भेजा गया। एक खास समय पर इन सभी ड्रोन को उड़ाया गया और हवाई अड्डों पर खड़े विमानों को निशाना बनाया गया। यह पहला मौका नहीं है जब यूक्रेन ने नियमित वाणिज्यिक लॉजिस्टिक को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। खबरें बताती हैं कि 2022 में क्राइमिया द्वीप को रूस से जोड़ने वाले केर्च पुल पर हुए हमले, जिसने कई सप्ताह तक रूस के सैन्य यातायात को बाधित किया था और जो प्रतीकात्मक रूप से बहुत प्रभावी था, उसे भी प्लास्टिक ढोने वाले एक ट्रक की आड़ में अंजाम दिया गया था। विस्फोटकों को प्लास्टिक के ढेर में छिपाया गया था और इसे आर्मीनिया और जॉर्जिया से होते हुए क्रीमिया की ओर भेजा गया था। ऐसे ही तरीके इस्तेमाल करके करीब 120 ड्रोनों की मदद से ताजा हमला किया गया। ये ड्रोन बहुत महंगे या किसी खास गुणवत्ता के नहीं थे। लब्बोलुआब यह कि अपेक्षाकृत छोटा और मुश्किलों से जूझ रहा देश, जिसके पास अपनी मजबूत वायु सेना तक नहीं है, उसने आधुनिक लॉजिस्टिक्स और सस्ते ड्रोन की मदद से एक महाशक्ति के सामरिक बेड़े को क्षति पहुंचा दी जो उसके परमाणु प्रतिरोधक तंत्र का हिस्सा था। ड्रोन और वैश्वीकृत दुनिया में आपसी व्यापार संपर्क के इस मेल से सुरक्षा की दृष्टि से सर्वथा नई और अप्रत्याशित चुनौती उत्पन्न हुई है। भारत में इसे खासतौर पर महसूस किया जाएगा क्योंकि हमारे कई सामरिक क्षेत्र इस लिहाज से संवेदनशील हैं। इनमें कई तो प्रमुख औद्योगिक केंद्र भी हैं।

राष्ट्रपति जेलेंस्की के मुताबिक यूक्रेन ने इस हमले की योजना 18 महीने पहले बनाई थी। जाहिर है यूक्रेन ने रूस में भी कुछ पकड़ बना रखी है हालांकि उन्होंने दावा किया ऐसे सभी लोगों को पहले ही वापस बुला लिया गया है। परंतु इस हमले की लागत की बात करें तो समय और संसाधन के मामले में इसमें ज्यादा खर्च नहीं आया। इस मामले में तो ये तरीके ऐसी सरकार ने आजमाए जो तीन साल से जंग में है। परंतु इसे छद्म युद्ध में लगे आतंकी संगठन नहीं आजमाएंगे ऐसा नहीं कहा जा सकता है। इसलिए ड्रोन खतरों को गंभीरता से समझने और इससे सामरिक और अन्य महत्वपूर्ण ठिकानों की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत है।

वीना.

सत्य की शीतल छाया

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिस पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए। यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी।

अंतर्दृष्टि

कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं भव का नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं।

सड़क पर घमासान

व्यंग्यलोक

जहां जाओ वहां सांडों की लड़ाई जारी है। सड़क पर सांडों की लड़ाई देखने के लिए कई बैल एकत्र हो जाते हैं और संसद में सांडों की लड़ाई हो जाए तो बैल तक भाग जाते हैं। सांड इतने जोरदार लड़ते हैं कि भीड़ के लोगों को भाड़ में ही जाना पड़ता है। सड़क पर से लेकर संसद तक सांडों का घमासान मचा है। इधर राजनीति में सांडों का जलवा भारी है। केरल, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ से लेकर असम, बिहार, उत्तर प्रदेश तक नाना प्रकार के सांडों की नाना तरह की लड़ाइयां जारी है। राजधानी इंद्रप्रस्थ में होने वाली राजनीतिक सांडों की परंपरागत लड़ाई में घायल हुए एक चमचे का कहना है कि उसके जख्म सम्मान के पदक जैसे हैं। सांडों की इस लड़ाई में घायल होने से गर्व महसूस कर रहे एक दलाल ने मंगलवार को 'कल सबको खा जाऊंगा' (केएसकेजे) न्यूज चैनल को बताया कि उसे ऐसा लग रहा है, जैसे देश की राजधानी में उसका भव्य स्वागत किया गया हो। जैसे उसे शांति का नोबेल पुरस्कार मिल गया हो। अगर सांड किसी को टक्कर मारता है, तो वह खुद को एक महान सम्राट जैसे महसूस करता है। किसी भी पार्टी की सफलता बहुत हद तक उनके सांड प्रबंधन पर निर्भर करती है। हल्का कानूनी व्यायाम सांडों को काफी भारी होने से रोकता है। साड़ों को अलग से निर्मित बंगले में ही रखना चाहिए। इन सांडों के लिए बंगलों में खुले तथा ढके क्षेत्र होने चाहिए। सांडो को आरामदेह और हवादार कोठियों में ही रखना चाहिए। ये कोठियां साफ एवं स्वास्थ्यकर ढंग से प्रबंधित होनी चाहिए। वरिष्ठ सांड को अलग से एक बड़े रिसॉर्ट में अपने वरिष्ठ चमचे के साथ अकेले में रखना ज्यादा उचित होता है। रिसोर्ट की सतह ठोस और फिसलन रहित होनी चाहिए। बारिश, ठंड तथा गर्मी के महीनों में बचाव की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। अनीति जल की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिए। सांडों से जब काम लिया जा रहा हो, तो उन्हें पर्याप्त मात्रा में भ्रष्टाचार का अनाज अतिरिक्त रूप में दिया जाना चाहिए। सांडों को सीबीआई-ईडी आदि की जांच का लाल कपड़ा दिखा कर नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन इससे वे उल्टा भड़कते दिखाई पड़ते हैं। इनकी आंखों में एक विशिष्ट प्रकार की तीक्ष्ण दृष्टि होती है, जिससे वे अपने मतलब के वोटर को सीधा भांप लेते हैं। चतुर नागरिकों को चाहिए कि वे सांडों की लड़ाई और दौड़ में शामिल न हो। वे अपने घरों में चुपचाप पड़े रहें और कल सबको खा जाऊंगा (केएसकेजे) जैसे न्यूज चैनलों में बिकनी गर्ल द्वारा दिखाई जाने वाली इनकी लड़ाई और दौड़ के साथ अपनी गरीबी के जमकर मजे लेते रहें।



राम विलास जॉगिड़

विचार

जिस प्रकार भौंरा फूलों की रक्षा करता हुआ मधु को ग्रहण करता है, उसी प्रकार मनुष्य को हिंसा न करते हुए अर्थ संग्रह करना चाहिए।

-आचार्य विदुर.

प्राणी अकेला जन्मता है, अकेला ही मरता है और अपने पाप-पुण्यों का फल अकेला ही अनुभव करता है।

-वेदव्यास.

जितना ही हम अध्ययन करते हैं, उतना ही हमको अपने अज्ञान का आभास होता जाता है।

-शैले.

जबतक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शान्त नहीं होते, तबतक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भाव.

बिना अनुभव कोरा शाब्दिक ज्ञान अंधा है।

-स्वामी विवेकानन्द.

आपकी बात

अस्थिरता और कर्ज में डूबता पाक

कर्ज लेकर युद्ध करने के लिए हथियार खरीदने वाला पाकिस्तान अपनी बदहाली के लिए खुद ही जिम्मेदार है। उसने विकास के बजाय भारत से दुश्मनी पाली और अब इसकी कीमत चुका रहा है। परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्ताान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठ, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है।

आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने मोहताज है। यही कारण है कि जहां भी सस्ता अनाज पाता है वहां बेतहासा टूट पड़ता है। रोटी की जद्दोजहद में लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान में विकास दर लगभग ठप हो चुकी है, कर्ज जीडीपी के बराबर पहुंचने को बेताब है, महंगाई दर 27 फीसद के करीब है, निर्यात से आयात ढाई गुना अधिक है, पाकिस्तानी रुपया रसातल में पहुंच गया है और एक डॉलर के बदले 230 के करीब लुढ़क गया है। इसके बावजूद जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय भारत के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं, ताकि पाकिस्तानी लोगों को राष्ट्रवाद के नाम पर भारत के खिलाफ भड़काकर उनका ध्यान पाकिस्तान की घरेलू समस्याओं से भटकाया जा सके। इसी टैक्टिस का नतीजा है कि आज पाकिस्तान दाने-दाने को मोहताज है लेकिन कोई ऐसा सप्ताह नहीं जाता है, जब भारत पर परमाणु बम गिराने की धमकी पाकिस्तानी नेता न देते हों। पाकिस्तान के बेशर्म हुक्मरानों को यह भी नहीं पता कि भारत अब पाकिस्तान से बहुत आगे निकल चुका है। पाकिस्तान जहां आतंकवादियों का अड्डा बन गया है वहीं भारत कुशल मैन पावर का हब बन रहा है। यह दुर्भाग्य के इतनी बदहाली और नुकसान उठाने, बार-बार भारत की पिटाई के बाद बेशर्म पाकिस्तान आतंकवाद खत्म करने के बजाय युद्ध में फर्जी विजय का जश्न बना रहा है।

अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.

जनकल्याण की नीतियां

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी।

प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

डीएम ने जन्म एवं मृत्यु की समीक्षा की

इटावा। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने के संबंध में समाचार पत्र में प्रकाशित खबर समय से आवेदन, फिर भी नहीं बन रहे प्रमाणपत्र का जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने संज्ञान लेते हुए स्पष्ट किया है कि जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र 16 सितम्बर के अनुसार 1 अक्टूबर से प्रभावी हो गए हैं। उक्त प्रावधानों के अनुसार, किसी भी जन्म या मृत्यु की सूचना यदि एक वर्ष के बाद लेकिन उसके घटित होने के दो वर्ष के भीतर रजिस्ट्रार को दी जाती है, तो उसका पंजीकरण केवल जिला रजिस्ट्रार या उप-विभागीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अधिकृत कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा अधिकृत कार्यकारी मजिस्ट्रेट के आदेश पर ही किया जाएगा। किसी भी जन्म या मृत्यु की सूचना उसके घटित होने के दो वर्ष के बाद रजिस्ट्रार को दी जाती है, तो उसका पंजीकरण केवल प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा निर्गत आदेश पर ही किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों एवं प्रक्रिया के अनुरूप ही जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाएं।

वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

घंटाघर पर फूंका मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला, कांग्रेस कार्यालय से निकला विशाल मार्च



ललितपुर। कथित वोट चोरी और चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी का आंदोलन गुरुवार को सड़क पर नजर आया। पिछले एक सप्ताह से चल रहे अभियान के क्रम में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय पर एकत्र हुए और वहां से घंटाघर तक विशाल मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकताओं ने लोकतंत्र, संविधान और मतदाता अधिकारों की रक्षा के समर्थन में नारेबाजी की। घंटाघर पहुंचने के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन को देखते हुए घंटाघर क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन की ओर से प्रदर्शनकारियों को घंटाघर तक पहुंचने से रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन कार्यकर्ता निर्धारित कार्यक्रम पर डटे रहे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पद के कथित दुरुपयोग और लाखों मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया से दूर रखने का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इस मुद्दे को गांव-गांव और घर-घर तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता का वोट लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा मतदाता अधिकारों को लेकर उठाए जा रहे सवालों का संतोषजनक जवाब मिलने तक पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि प्रदर्शन को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया, लेकिन कांग्रेस कार्यकताओं की लोकतांत्रिक आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमाम रोक-टोक के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता घंटाघर पहुंचे और मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। उनके मुताबिक कांग्रेस का आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और मतदाता अधिकारों से जुड़े सवालों को लेकर है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ और मतदाता अधिकारों की रक्षा करो जैसे नारे लगाए। कार्यकताओं ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, मोहन सिंह, प्रदीप कुशवाहा, नातीराजा जाखलौन, राकेश रजक, मकरंद किलेदार, डा.खेमचंद वर्मा, नदीम शबनम, महेंद्र पनारी, रामभरोसे कुशवाहा, उदल सिंह पटेल, कुलदीप पाठक, अमन साहू, सीताराम राय, स्वतंत्र राजा, बासु जैन, श्रीजल जैन, संतोष राय, हर नारायण सिंह चंदेल, समर्थ सिंह और प्रेम नामदेव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता अधिकारों और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता से जुड़े मुद्दों को लेकर उनका आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

एमएलसी अंगद सिंह ने किया टीबी मुक्त भारत अभियान जोश टीम का शुभारम्भ



बाराबंकी। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ज्वॉइन्ट स्कॉर्ट फॉर हेल्थ टीम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एमएलसी श्री सिंह ने बताया कि माई भारत युवा वालेन्टियर के सहयोग से टीबी उन्मूलन के साथ-साथ स्वच्छता और नशा मुक्ति को इस अभियान का अभिन्न अंग बनाकर सामुदायिक स्तर पर जागरूकता फैलाया जाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, ने कहा कि टीबी के उन्मूलन के लिये केवल स्वास्थ्य विभाग ही नही बल्कि प्रत्येक नागिरिक की भागीदारी आवश्यक है। युवाओं की उर्जा एवं जनभागीदारी के माध्यम से हम जनपद को टीबी मुक्त बनाने में और मजबूत करेगें। मुख्य चिकित्साा अधिकारी डा0 रजंन गौतम ने कहा कि टीबी के लक्षणों को नजर अंदाज न करे, समय पर जॉच कराये, उपचार पूरा करे और टीबी मुक्त बाराबंकी के निर्माण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करे। जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 राजीव टंडन ने बताया कि माई भारत वालेन्टियर्स घर-घर जाकर टीबी के लक्षणों, समय पर निःशुल्क जॉच, उपचार और निःक्षय पोषण योजना के बारे में जानकारी देगें। ताकि कोई भी मरीज इलाज से वंचित न रहे। इस अवसर पर रवि रावत, जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता, राम रूप वर्मा, सत्येंद्र कुमार, अनुज कुमार, गिरजाशंकर, संकेत कुमार, अंजली वर्मा, शीतांशी, नईमा बनो आदि मौजूद रहे।

अपना दल एस की मासिक बैठक संपन्न

इटावा। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देशन में पार्टी की मासिक बैठक 71, करमगंज स्थित विवेक तिवारी एडवोकेट के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार ने की इस दौरान 17 वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण की, जिससे जिले में संगठन को मजबूती मिली है।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. हरिशंकर पटेल ने 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं में जोश भरा। जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार ने नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए संगठन के गौरवशाली इतिहास और कार्यशैली से अवगत कराया। बैठक में जिलाउपाध्यक्ष हरिओम सिंह चैहान, अमित चैरसिया एड., जिला महामंत्री इंजी. राजेश कुमार वर्मा, देव प्रताप सिंह एड. तथा विवेक तिवारी एड. ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संगठन विस्तार पर जोर दिया। पार्टी की सदस्यता लेने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं में प्रमुख रूप से देव प्रताप सिंह, विवेक तिवारी, अनुज यादव, अंकित त्रिपाठी, अनिल यादव, अवधेश कुमार, मोहम्मद साजिद, श्रीकांत त्रिपाठी, अरुण यादव, मजहर खान, विकास मिश्रा, जतिन यादव, मलखान सिंह, विनीत कुमार, प्रवेश शर्मा, अंकित चतुर्वेदी और दीपेंद्र मिश्रा शामिल रहे। इस अवसर पर जिलाकोषाध्यक्ष अनुपम पटेल, इटावा विधानसभा अध्यक्ष, सुधीर सविता, इटावा जोन अध्यक्ष सुनील कुमार, उदी जोन अध्यक्ष संदीप कुमार पाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सपाईयो का हल्ला बोल

सपा अधिवक्ता सभा कार्यकताओं ने ज्ञानेश कुमार की तस्वीरें फूंक जाहिर की नाराजगी



बाराबंकी। छात्रों नौजवानों की ताकत का मुकाबला कोई नहीं कर सकता अच्छे-अच्छे तानाशाहों को युवा शक्ति के सामने झुकना पड़ा है। ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना ही होगा। लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार जब तक अपना इस्तीफा नहीं दे देते हम समाजवादी सड़क से लेकर सदन तक धरना प्रदर्शन आंदोलन करते रहेंगे। उक्त बात वोट बचाओ-देश बचाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत पैदल मार्च निकाल प्रदर्शन कर रहे सपाईयो के बीच जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा, विधायक धर्मराज सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता फराजुद्दीन किदवाई, पूर्व जिलाध्यक्ष डा0 कुलदीप सिंह ने संयुक्त रुप से कार्यकर्ताओ के बीच व्यक्त किये। प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय की ओर निकले सपाईयो ने ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो के नारे के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। इस दौरान पैदल मार्च कर जिलाधिकारी कार्यालय की ओर जा रहे सपाईयो को पुलिस बल द्वारा बेरीकेटिंग कर आगे बढने से रोका। तो वही छाया चैराहे पर समाजवादी अधिवक्ता सभा कार्यकर्ताओ द्वारा ज्ञानेश कुमार की तस्वीरें फूंककर नाराजगी जाहिर की गई। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक राम मगन रावत, अरविंद यादव, राजेश यादव राजू, हुमायूं नईम खान, सूरज यादव गामा, हिमांशु यादव, वीरेंद्र प्रधान, प्रीतम सिंह वर्मा, प्रदुमन यादव, ज्ञान सिंह यादव, रितेश कुमार सिंह रिंकू, आशीष सिंह आर्यन, मोनू रावत, कृष्ण कुमार रावत, रिंकू विश्वकर्मा, सभासद ताज बाबा राईन, सभासद अरुण यादव सोनू, दानिश सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं मौजूद रहे।

श्रम विभाग ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, 60 श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



बाराबंकी। सहायक श्रमायुक्त अमित प्रकाश सिंह के निर्देशन में वीटा-डे इंडस्ट्रीज कुर्सी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे चिकित्सको द्वारा 60 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया। तथा संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। शिविर मे श्रम प्रवर्तन अधिकारी मोहन लाल यादव द्वारा श्रमिक हितकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुये योजनाओ का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अमन विक्रम यादव, कंपनी के प्रतिनिधि, श्रमिक मौजूद रहे।

कांग्रेसियो ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ किया प्रदर्शन, केंद्र सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी



बाराबंकी। केन्द्रीय नेतृत्व व उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अराधना मिश्रा मोना के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन के नेतृत्व मे कांग्रेसियो ने कलेक्टेज्ट गेट पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और वोट चोरी के आरोपों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुये इस्तीफे की मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री मोहसिन ने कहा कि जंतर मंतर के निकट वोट चोरी के खिलाफ शान्तिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे नेता विपक्ष जननायक राहुल गांधी व प्रियंका गांधी और तमाम वरिष्ठ नेताओ के साथ जिस प्रकार अभद्र व्यवहार कर पुलिस बल का प्रयोग व राहुल गांधी के साथ हाथापाई बहुत ही शर्मनाक है। और भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस है। प्रदर्शन करने वालो मे नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, शिव शंकर शुक्ला, के0सी0 श्रीवास्तव, मो0 इरफान कुरैशी, वीरेन्द्र यादव, देवेन्द्र यादव, सिकन्दर अब्बास रिजवी, शिव बहादुर वर्मा, मजहर अजीज खान, रमेश कश्यप, सना चौधरी, मुईनुद्दीन अंसारी आदि मौजूद रहे।

पन्द्रह हजार की रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

शिकायतकर्ता का कब्जा बरकरार रखने और कार्रवाई के पक्ष में राय देने के एवज में मांगी रिश्वत



ललितपुर। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की झांसी इकाई ने गुरुवार को ललितपुर में कार्रवाई करते हुए राजस्व लेखपाल विपुल तिवारी को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोप है कि लेखपाल ने ग्राम टौरिया स्थित जमीन पर शिकायतकर्ता का कब्जा बरकरार रखने और राजस्व की धारा 30(2) की कार्रवाई में पक्ष में राय देने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। ट्रैप कार्रवाई के दौरान टीम के पहुंचने पर लेखपाल द्वारा रिश्वत के नोट जलाने का प्रयास किए जाने की बात भी प्रेस नोट में सामने आई है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के अनुसार शिकायतकर्ता ग्राम टौरिया पोस्ट बनवार निवासी मनोज कुमार पुत्र स्व. प्यारेलाल की जमीन गाटा संख्या 767, रकबा 0.408 हेक्टेयर में स्थित है। उपजिलाधिकारी न्यायालय के आदेश के क्रम में जमीन की हदबंदी कराए जाने के बाद शिकायतकर्ता ने मौके पर कब्जा कर पत्थर लगवाए थे। इसी बीच क्षेत्रीय लेखपाल विपुल तिवारी ने शिकायतकर्ता को बताया कि गाटा संख्या 767 में खातेदार मानसिंह और शिवराज की ओर से राजस्व की धारा 30(2) के तहत प्रार्थना पत्र दिया गया है, जिसमें राय की कार्रवाई होनी है। शिकायतकर्ता ने अपनी जमीन पर पहले से पत्थर गड़े होने और कब्जा बरकरार रखने की बात कही। आरोप है कि इसी के एवज में लेखपाल ने पहले 20 हजार रुपये रिश्वत मांगी। बाद में सौदा 15 हजार रुपये में तय हुआ। शिकायतकर्ता का आरोप था कि रकम नहीं देने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी जा रही थी। रिश्वत की मांग से संबंधित शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन की झांसी इकाई ने 8 अक्टूबर 2026 को ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। कार्रवाई के दौरान आरोपी लेखपाल को उसके किराए के आवास पर रिश्वत लेते पकड? का प्रयास किया गया। टीम के पहुंचने पर आरोपी ने दरवाजा नहीं खोला और अंदर रिश्वत के नोट जलाने का प्रयास किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए दरवाजा खुलवाया। कमरे से जले हुए नोटों के अवशेष और कुछ जले हुए नोट बरामद किए जाने की बात कही गई है। किचन के सिंक से भी जली हुई मुद्रा के अवशेष मिलने का उल्लेख है। ट्रैप कार्रवाई के दौरान टीम ने आरोपी के हाथों का रासायनिक परीक्षण कराया। हाथ धुलवाए जाने पर पानी का रंग गुलाबी हो गया। मौके पर उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज और वीडियो को भी कार्रवाई में साक्ष्य के तौर पर शामिल किए जाने की बात कही गई है। पकड़े गए लेखपाल की पहचान प्रतापगढ़ जिले के थाना आसपुर देवसरा, तहसील पट्टी के ग्राम आगापुर वर्तमान में आजादपुरा डमडम व्यास कालोनी स्थित किराए के मकान में निवासी विपुल तिवारी पुत्र कन्हैयालाल तिवारी के रूप में हुई है। वह राजस्व लेखपाल क्षेत्र टौरिया, ललितपुर में तैनात था। कार्रवाई पूरी करने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम आरोपी लेखपाल को लेकर थाना कोतवाली पहुंची। आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

डीएम दीपक मीणा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाता सूची में यदि किसी पात्र मतदाता का नाम दर्ज होने से छूट गया है तो उसे जोड़ने के लिए बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) फिर घर-घर जाएंगे। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के निदेर्शों के अनुपालन में आगे की कार्रवाई को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम दीपक मीणा ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब यदि किसी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूट गया है तो उसका सत्यापन कर नियमानुसार नाम जोड़ने की कार्रवाई की जाए। इसके लिए बीएलओ घर-घर जाकर ऐसे लोगों की जानकारी जुटाएंगे और पात्र पाए जाने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूटना नहीं चाहिए। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची से संबंधित जानकारी का सत्यापन करें और जिन पात्र लोगों का नाम सूची में नहीं है, उन्हें नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी दें। पात्र मतदाताओं का फार्म-6 भरवाकर नियमानुसार नाम मतदाता सूची में जोड़ने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची की जांच करने और बूथ स्तर पर सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के प्रतिनिधि भी बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर काम करें।

जिला सैनिक बंधु की बैठक, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश



बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिला सैनिक बंधु की बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान शहीद सैनिकों की विधवाओं को सम्मानित करते हुये उनके त्याग एवं राष्ट्र के प्रति योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त कर प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों से संबंधित समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा संबंधित अधिकारी प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने पूर्व सैनिक समुदाय के कल्याण से जुड़े मामलों में संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय बनाए रखने के भी निर्देश दिये। बैठक जिला सैनिक एवं कल्याण अधिकारी कर्नल सेवानिवृत्त संजय यादव आदि मौजूद रहे।

दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तालबेहट पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ तालबेहट आशीष कुमार मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में की गई। तालबेहट थाने में दर्ज मु.अ.सं. 364/2026 में आरोपी के विरुद्ध धारा 64(1), 89 एवं 351(3) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम सरखड़ी निवासी राजाजी उर्फ राजा बुंदेला पुत्र नारायण सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई।

हाथ काटने के बाद अब गला काटने की धमकी से गरमाया निषाद समाज

थप्पड़ कांड ने पकड़ा तूल



गोरखपुर। गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में हुए थप्पड़ कांड से शुरू हुआ विवाद अब हाथ काटने से होते हुए गला काटने की कथित धमकी तक पहुंच गया है। कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद द्वारा थप्पड़ मारने वाले का हाथ काटने संबंधी बयान के बाद बांसगांव के दुर्गा मंदिर में ठाकुर समुदाय के एक समूह की बैठक में कथित तौर पर हाथ काटने की बात कहने वाले का गला काटने की बात सामने आने से माहौल गरमा गया है। इसी के विरोध में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के पुत्र कार्यकारी अध्यक्ष अमित निषाद गुरुवार को समर्थकों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि बांसगांव दुर्गा मंदिर में गला काटने की बात कहने वाले लोग अपनी बात वापस लेकर माफी मांगें, अन्यथा निषाद समाज आंदोलन को और तेज करेगा। अमित निषाद ने कहा कि किसी भी समाज के खिलाफ इस तरह की हिंसक भाषा को किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनका कहना था कि विवाद चाहे किसी घटना को लेकर हो, लेकिन किसी व्यक्ति या समुदाय के खिलाफ गला काटने जैसी भाषा माहौल को और बिगाड़ने का काम करती है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले का संज्ञान लेकर कथित बयान देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दरअसल, विवाद की जड़ गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में हुई वह घटना है, जिसने बाद में राजनीतिक और सामाजिक रंग ले लिया। सपा के जिलाध्यक्ष की प्रेस वार्ता के दौरान अंशुमान सिंह पहले से प्रेस क्लब में मौजूद थे। इसी दौरान उनके पुत्र कमलेश सिंह और विमलेश सिंह वहां पहुंचे। आरोप है कि पिता को अतिथि के रूप में उचित स्थान पर बैठा नहीं देखकर उन्होंने नगीना सहानी के साथ विवाद किया और थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद नगीना सहानी की ओर से कैंट थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने मामले में अंशुमान सिंह, कमलेश सिंह और विमलेश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

इस घटना के बाद निषाद समाज में नाराजगी बढ़ी। इसी क्रम में एक जनसभा के दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि मछली काटने वाला हाथ थप्पड़ मारने वाले का हाथ काट देगा और जमानत वह कराएंगे। मंत्री के इस बयान के बाद मामला शांत होने के बजाय और भड़क गया।

मंत्री के बयान के अगले दिन बांसगांव के दुर्गा मंदिर परिसर में ठाकुर समुदाय के एक समूह की बैठक हुई। इसी बैठक को लेकर अब निषाद पार्टी की ओर से दावा किया जा रहा है कि वहां हाथ काटने की बात कहने वाले का गला काटने की धमकी दी गई। इस कथित बयान ने पहले से चल रहे विवाद में एक नया मोड़ ला दिया और दोनों समुदायों के बीच तनाव की आशंका बढ़ गई। इसी के विरोध में अमित निषाद ने गुरुवार को समर्थकों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर धरना दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री के बयान को लेकर यदि किसी को आपत्ति थी तो उसका विरोध लोकतांत्रिक तरीके से किया जा सकता था, लेकिन किसी के गला काटने की बात कहना गंभीर विषय है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की। अमित निषाद ने चेतावनी दी कि यदि बांसगांव दुर्गा मंदिर में कथित तौर पर गला काटने की बात कहने वाले लोग सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं तो निषाद पार्टी चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि आगे आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो उग्र प्रदर्शन भी किया जाएगा। थप्पड़ की एक घटना से शुरू हुआ विवाद अब राजनीतिक बयानबाजी और दो समुदायों के बीच तीखे आरोप-प्रत्यारोप तक पहुंच चुका है। ऐसे में प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती दोनों पक्षों के आक्रोश को नियंत्रित करना और किसी भी विवादित बयान या गतिविधि से कानून-व्यवस्था बिगड़ने से रोकना है। डीएम कार्यालय पर हुए प्रदर्शन ने यह भी संकेत दे दिया है कि मामला अब सिर्फ प्रेस क्लब की घटना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसका असर सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर भी दिखाई देने लगा है।

यूपीआई पर एमडीआर शुल्क के विरोध में व्यापारी देंगे धरना

ललितपुर। भारत सरकार द्वारा यूपीआई लेनदेन पर लगाए गए एमडीआर शुल्क के विरोध में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर 10 अक्टूबर को सुबह 11 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। धरना कार्यक्रम की तैयारियों और रणनीति को लेकर जगदीश मार्केट स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन के मुख्य आतिथ्य एवं नगर अध्यक्ष महेश जैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में धरना कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। व्यापार मंडल पदाधिकारियों के अनुसार जिले के विभिन्न कस्बों एवं नगर क्षेत्र से बड़ी संख्या में व्यापारी धरने में शामिल होंगे। मड़ावरा, महरौनी, गुढ़ा, बानपुर, बार, बांसी, जखौरा, नाराहट, बिरधा, जाखलौन सहित अन्य क्षेत्रों के जिला, युवा, आईटी, इंडस्ट्री एवं गल्ला व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी इसमें सहभागिता करेंगे। व्यापारियों के अनुसार धरने में शामिल होने वाले पदाधिकारी एवं व्यापारी 10 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सिविल लाइन में एसबीआई के पास एकत्रित होंगे, जहां से सभी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर धरना देंगे।

संक्षेप

इंद्रिया ने पेश किया दिवाली कैंपेन फेस्टिवल ऑफ लव

मुंबई। दिवाली साल के उन गिने-चुने मौकों में से है, जब हम अपने हर चहेते के लिए खुशियां जुटाने में पूरे मन से लग जाते हैं। घर सजाने और पूजा-पाठ की तैयारी से लेकर तोहफे चुनने और परिवार व दोस्तों के स्वागत तक, हर छोटी-बड़ी बात मायने रखती है। फिर भी, इस जश्न के बीच अपने सबसे करीबी लोगों के लिए प्यार जताने के सबसे सीधे-सादे तरीके अक्सर पीछे छूट जाते हैं। इंद्रिया के अस इन वी दर्शन पर आधारित फेस्टिवल ऑफ लव उन रिश्तों और जुड़ाव के पलों को समर्पित है, जो हर उत्सव के केंद्र में होते हैं। इस दिवाली आदित्य बिरला ज्वेलरी का ब्रांड इंद्रिया अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ के साथ अपने नए कैंपेन के जरिए इस सोच को सामने ला रहा है। यह कैंपेन दिवाली की बड़ी रौनक के बीच दो लोगों के आपसी प्यार, अपनेपन और नजदीकी को बखूबी दिखाता है। इसमें उनकी सहज नोकझोंक और साथ वक्त बिताने की वह अनकही चाह दिखाई गई है, जो अक्सर त्योहार की भागदौड़ में कहीं खो जाती है। दिवाली की तैयारियों की प्यारी-सी अफरातफरी के बीच सोच-समझकर किया गया एक इशारा सबका ध्यान खींच लेता है। इस कैंपेन के जरिए इंद्रिया प्यार और जुड़ाव के इन्हीं पलों पर रोशनी डालता है, जहां ज्वेलरी सजने-संवरने से आगे बढ़कर प्यार, आभार और साथ को जताने का एक खूबसूरत जरिया बन जाती है।

विवृति एसेट मैनेजमेंट ने विंटेज-II फंड्स से सफलतापूर्वक किया एग्जिट

मुंबई। विवृति एसेट मैनेजमेंट ने विंटेज-क्कफंड्स के सफलतापूर्वक पूरा होने और एग्जिट की घोषणा की है। इसमें तीन परफॉर्मिंग क्रेडिट स्कीमें शामिल हैं। निर्धारित फंड अवधि के भीतर इन फंड्स ने अपने उद्देश्यों को पूरा किया। इसके साथ ही विवृति एसेट मैनेजमेंट ने दो फंड विंटेज के जरिए निवेशकों को पूंजी वापसी और आय वितरण के रूप में रुपये 3,400 करोड़ से अधिक लौटाए हैं। इन फंड्स की पूरी अवधि के दौरान कारोबारी माहौल, नीतिगत दरों, लिक्विडिटी और भू-राजनीतिक परिस्थितियों में लगातार बदलाव देखने को मिला। विंटेज-क्क फंड्स की शुरूआत 2022 की शुरूआत में हुई थी। सभी पूंजी प्रतिबद्धताएं जुटाने के बाद सितंबर 2023 तक इनका अंतिम क्लोजर पूरा हुआ। अलग-अलग विंटेज में विवृति एसेट मैनेजमेंट ने कंजर्वेटिव और मॉडरेट जोखिम प्रोफाइल वाली स्कीमें पेश की हैं। प्राइवेट क्रेडिट तेजी से उस फाइनेंसिंग जरूरत को पूरा कर रहा है, जो पारंपरिक बैंक लोन और इक्विटी पूंजी के बीच आती है। कई ऐसी मजबूत और नकदी पैदा करने वाली कंपनियां हैं, जिन्हें पारंपरिक लेंडिंग स्ट्रक्चर की तुलना में अधिक लचीली पूंजी की जरूरत होती है।

मोटो डील्स अब फ्लिपकार्ट पर लाइव

नई दिल्ली। मोटोरोला, अपने नए स्मार्टफोन पोर्टफोलियो पर फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल 2026 के दौरान इट्स द टाइम टु मोटो अभियान के तहत बिग बिलियन मोटो डील्स के साथ शानदार फेस्टिव ऑफर्स ला रहा है। शानदार फीचर्स वाले मोटोरोला एज70, फ्यजन, असली फ्लैगशिप किलर मोटोरोला एज 70 प्रो, एआई पॉवरहाउस मोटोरोला एज 70 प्रो प्लस से लेकर दमदार बैटरी वाले मोटो जी37 पावर और मोटोरोला के प्रीमियम फ्लैगशिप मोटोरोला सिग्नेचर तक, ब्रांड त्योहारों के इस मौके पर नया फोन खरीदना पहले से कहीं अधिक आसान बना रहा है।

राजकुमार राव बने रनर के ब्रांड अंबेसडर

मुंबई। अभिनेता राजकुमार राव अब खेल और एथलीजर फुटवियर ब्रांड रनर के ब्रांड एंबेसडर होंगे। लहर फुटवियर्स लिमिटेड के हाउस ऑफ लहर का यह ब्रांड है। भारत के फुटवियर बाजार में अपनी पहुंच और विस्तार बढ़ाने के उद्देश्य से कंपनी ने यह फैसला लिया है। जूता निर्माण के क्षेत्र में लहर फुटवियर्स लिमिटेड के लंबे अनुभव को आधार बनाकर रनर ब्रांड को विकसित किया गया है। यह ब्रांड खास तौर पर नई पीढ़ी के उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जो स्टाइल, आराम, बेहतर प्रदर्शन और उचित कीमत का संतुलन चाहते हैं। रनर के उत्पादों में खेल, दौड़, पैदल चलने और रोजमर्रा के उपयोग के लिए विभिन्न प्रकार के फुटवियर शामिल हैं। ये उत्पाद कंपनी के प्रत्यक्ष बिक्री माध्यमों, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों और देशभर के रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।

सेंसेक्स 1045 अंक गिरा, निफ्टी 22300 से नीचे



नई दिल्ली। गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1000 से अधिक अंक और निफ्टी 1.6 फीसदी से ज्यादा टूटा। आरबीआई की सख्त नीति, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और कमजोर रुपये ने बाजार पर दबाव डाला, जिससे निवेशकों को 11.37 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई।

सेंसेक्स 1,045.46 अंक टूटकर 71,593.24 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 भी 371.25 अंक गिरकर 22,231.80 पर आ गया। इस एक दिन की बिकवाली से निवेशकों को करीब 11.37 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इससे पहले सेंसेक्स 72,668.00 पर खुला और दिन के निचले स्तर 71,327.75 तक गया। निफ्टी 50 ने 22,599.05 पर कारोबार शुरू किया और 22,179.90 के निचले स्तर पर पहुंचा। बाजार पूंजीकरण 4,72,35,273.39 करोड़ रुपये से घटकर 4,60,97,838.63 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक की सख्त नीतिगत रुख, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने बाजार पर दबाव बनाया। रुपये में कमजोरी और सभी क्षेत्रों में व्यापक बिकवाली भी गिरावट का कारण बनी।

आरबीआई ने रेपो दर को 25 आधार अंक बढ़ाकर 5.50 फीसदी कर दिया था। उसने अपनी नीतिगत रुख को स्तटस्थस्त से स्कैलिब्रेटेड सख्तीस्त में बदल दिया। इस बदलाव से आगे ब्याज दर में वृद्धि की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इससे इक्विटी मूल्यांकन और दर-संवेदनशील क्षेत्रों पर दबाव पड़ा है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आरबीआई की सख्त नीति से निकट अवधि के मूल्यांकन फिर से तय हो रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने बाजार की चिंताओं को और बढ़ा दिया। ब्रेंट क्रूड 4.25 फीसदी बढ़कर 104.46 डॉलर प्रति बैरल हो गया। डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 4.15 फीसदी बढ़कर 91.94 डॉलर पर पहुंच गया। भारत के लिए कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें नकारात्मक हैं क्योंकि यह महंगाई बढ़ा सकती हैं और आयात बिल पर दबाव डाल सकती हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय इक्विटी से लगातार पैसा निकाला। बुधवार को उन्होंने 6,121.37 करोड़ रुपये की बिकवाली की। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.78 पर लगभग सपाट बंद हुआ। यह मई में अपने सर्वकालिक निचले स्तर 96.96 के करीब रहा। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, विदेशी फंडों की निकासी और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल से रुपये पर दबाव बना हुआ है। धातु, रियल्टी, स्वास्थ्य सेवा, ऑटो और तेल एवं गैस जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारी गिरावट देखी गई। निफ्टी आईटी सूचकांक में केवल 0.08 फीसदी की मामूली गिरावट आई। यूपीआई मर्चेंट डिस्काउंट दर ढांचे पर रिपोर्टों से डिजिटल भुगतान स्टॉक भी दबाव में रहे। आरबीआई की सख्त मौद्रिक नीतिः भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगभग चार वर्षों में पहली बार ब्याज दर में वृद्धि की घोषणा की है। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि दर वृद्धि से ज्यादा आरबीआई द्वारा अपने रुख को 'न्यूट्रल' से बदलकर 'कैलिब्रेटेड टाइटनिंग' करना बाजार के लिए बड़ा सरप्राइज रहा, जिसका सीधा मतलब है कि निकट भविष्य में दरों में कटौती की कोई गुंजाइश नहीं है। 24 साल के उच्च स्तर पर बॉन्ड यील्डः वैश्विक बॉन्ड बाजार में जारी बिकवाली के कारण अमेरिका की 30-वर्षीय बॉन्ड यील्ड 5.71% के पार पहुंच गई है, जबकि 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड 5.3% और 2-वर्षीय बॉन्ड यील्ड 4.9% के करीब पहुंच गई है। उच्च बॉन्ड यील्ड के कारण निवेशक इक्विटी से पैसा निकालकर डेट मार्केट की ओर रुख कर रहे हैं।

कच्चे तेल की कीमतों में उबाल

नई दिल्ली। मध्य पूर्व के खाड़ी क्षेत्रों और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर बढ़ते हमलों से आपूर्ति बाधित होने की आशंका बढ़ गई है, जिससे ब्रेंट क्रूड ऑयल 2% उछलकर 102 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया है। अमेरिका में कच्चा तेल भंडार भी 3.2 मिलियन बैरल घटकर 424.1 मिलियन बैरल रह गया है।

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की रिकॉर्ड बिकवाली में विदेशी निवेशक लगातार भारतीय बाजार से पूंजी निकाल रहे हैं। केवल बुधवार को एफआईआई ने 6,121 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे, जबकि बीते 9 कारोबारी सत्रों में वे कुल 57,000 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली कर चुके हैं। फेड की ओर से ब्याज दर बढ़ाने की चिंताएं: अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मिनट्स से संकेत मिला है कि महंगाई दर को काबू में रखने के लिए दरों में और बढ़ोतरी की जा सकती है। सीएमई फेडवॉच टूल के मुताबिक, बाजार दिसंबर में 80% दर वृद्धि की संभावना मानकर चल रहा है। अमेरिकी और यूरोपीय बाजार भी बीते सत्र में गहरे लाल निशान में बंद हुए थे। निफ्टी द्वारा अपने 22,500 के महत्वपूर्ण सपोर्ट लेवल को तोड़ने के बाद तकनीकी बिकवाली और तेज हो गई।

सोना 0.39% तक चढ़ा, चांदी भी हुई 2.24 लाख प्रति किलो



नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में इस समय उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। कल यानी बुधवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही कल रेपो रेट की बढ़ोतरी हुई अब ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि आज यानी गुरुवार 8 अक्टूबर को सोने-चांदी के दाम पर इसका प्रभाव कैसे पड़ता है।

इंटरनेशनल मार्केट पर आज सोने के दाम में तेजी देखी गई तो चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई है। आंकड़ों की मानें तो खबर लिखे जाने तक सोना 0.39% तक चढ़ गया। कीमत 4157.00 डॉलर प्रति औस पर पहुंच गई हैं। वहीं चांदी के दाम 0.09% तक गिरे और ऐसे में कीमत 60.240 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी। बुलियन मार्केट यानी घरेलू बाजार में भी सोने-चांदी दोनों के दाम में तेजी आई है। बाजार खुलते ही सोने के दाम चढ़कर करीब 1.49 लाख प्रति 10 ग्राम के आसपास ट्रेड करता दिखा है। वहीं चांदी के भाव भी चढ़कर 2.24 लाख प्रति किलोग्राम के आसपास ट्रेड करते दिखे। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज की बात करें तो पर खबर लिखे जाने तक दिसंबर डिलीवरी वाला सोना 495 रुपए चढ़ गया और कीमत 1,49,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता नजर आया है। वहीं चांदी की बात करें तो यह 300 रुपए तक चढ़े और कीमत ?2,23,838 प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। आज बाजार खुलते ही सोने और चांदी दोनों के दाम तेजी दर्ज की गई। ऐसे में 24 कैरेट सोना करीब 149,730 लाख प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोना लगभग 137,253 लाख प्रति 10 ग्राम के आसपास बना हुआ है। वहीं 18 कैरेट गोल्ड 112,298 लाख प्रति 10 ग्राम के करीब ट्रेंड कर रहा है। वहीं भारत में चांदी के भाव लगभग ?224,200 लाख प्रति किलोग्राम के आसपास ट्रेड करता दिखा।

सोने के भंडार और अन्य घटकों में रही गिरावट

नई दिल्ली। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान सोने के भंडार का मूल्य 2.591 अरब अमेरिकी डॉलर कम होकर 111.225 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। हालांकि, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। शीर्ष बैंक ने बताया कि एसडीआर 3.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर बढ़कर 18.845 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी इस रिपोर्टिंग सप्ताह में 4.916 अरब अमेरिकी डॉलर रही। यह गिरावट मुख्य रूप से बाजार के उतार-चढ़ाव और केंद्रीय बैंक की गतिविधियों का परिणाम हो सकती है। यह एक सामान्य उतार-चढ़ाव हो सकता है।

प्रदेश में 80 हजार क्विंटल प्रमाणित गेहूं बीज की आपूर्ति कर रहा है कृभको

लखनऊ। कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) उत्तर प्रदेश के किसानों को हर साल रबी फसलों की बुवाई से पहले करीब 80 हजार क्विंटल प्रमाणित गेहूं बीज की आपूर्ति करता है। इसके साथ ही, अपने बीज उगाने वाले किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के ऊपर लगभग 200 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त प्रोत्साहन (इंसेंटिव) भी देता है। किसानों की प्रमुख सहकारी संस्था कृभको के उत्तर प्रदेश राज्य प्रबंधक ऋषिपाल सिंह राठौर ने मंगलवार को लखनऊ में आयोजित एक कार्यशाला में यह जानकारी दी। फोरम फॉर इंडियन जर्नलिस्ट्स ऑन एजुकेशन, एनवायरनमेंट, हेल्थ एंड एग्रीकल्चर' (फिजीहा) द्वारा 'एलायंस फॉर चेंज, ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन' (एक्शन) के सहयोग से आयोजित मीडिया कार्यशाला में कृभको उत्तर प्रदेश के राज्य प्रबंधक ऋषिपाल सिंह राठौर ने बताया कि बीज कृभको के गोरखपुर, औराई, शाहजहांपुर और गजरोला स्थित संयंत्रों में तैयार (प्रोसेस) किया जाता है। इसके बाद प्रमाणित और टैग लगे 40 किलोग्राम के बैगों में यह किसानों तक पहुँचता है। यह सहकारी संस्था चना और मसूर के बीजों की भी आपूर्ति करती है। श्री राठौर ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक बाजारों में बनी अनिश्चितता के बावजूद, भारत सरकार के मजबूत संकल्प के बल पर उत्तर प्रदेश में खाद की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुचारू बनी हुई है। कृभको के राज्य प्रबंधक ने कहा कि किसानों के साथ हमारा रिश्ता सिर्फ उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं है। हमारा उद्देश्य मिट्टी और पानी को सुरक्षित रखते हुए हर किसान को सक्षम, जागरूक, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना है, ताकि वे कम लागत में अधिक उत्पादन हासिल कर सकें।

टाटा समूह विवादः सात ट्रस्टों ने दाखिल किये 84 कैविएट

मुंबई। टाटा ट्रस्ट के अंदर चल रहे विवाद के बीच सात ट्रस्टों ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर के सामने 84 कैविएट दाखिल किए हैं। इनमें नोएल टाटा और नेविल टाटा को कैविएटर बनाया गया है।

इस बीच, नोएल टाटा की नियुक्ति और फैसलों में उनकी भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। टाटा ट्रस्ट के भीतर चल रहे विवाद के बीच सात ट्रस्टों ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर के समक्ष कुल 84 कैविएट दायर किए हैं। इनका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि ट्रस्टों से जुड़े किसी मामले में चैरिटी कमिश्नर कोई आदेश देने से पहले संबंधित पक्षों की बात सुने। सूत्रों के मुताबिक, इन कैविएट में नोएल टाटा और नेविल टाटा को कैविएटर बनाया गया है। टाटा ट्रस्ट के अंतर्गत आने वाले सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट (एसडीटीटी) में शासन और फैसले लेने के अधिकार को लेकर विवाद बढ़ रहा है। बड़ी संख्या में कैविएट दाखिल करने की वजह नोएल टाटा और नेविल टाटा के खिलाफ लगाए गए अलग-अलग आरोप बताए जा रहे हैं। टाटा ट्रस्ट ने फिलहाल इस मामले पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

रतन टाटा ट्रस्ट पर पहले से रोक

महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर पहले ही सर रतन टाटा ट्रस्ट के कामकाज पर कुछ प्रतिबंध लगा चुके हैं। इसके चलते ट्रस्ट फिलहाल बैठक नहीं कर पा रहा है। यह रोक हटने तक ट्रस्ट की बैठक आयोजित नहीं की जा सकती। उधर, श्रीनिवासन ने नोएल टाटा की नियुक्ति और उनके स्थायी ट्रस्टी के रूप में बने रहने की जांच की मांग की है। यह भी सवाल उठाया है गया कि नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का चेयरमैन बनाने का आधार क्या था और वह इस पद पर कैसे बने हुए हैं।

श्रीनिवासन ने एसडीटीटी से जुड़े कुछ फैसलों में नोएल टाटा की भागीदारी और मतदान के अधिकार पर भी रोक लगाने की मांग की है। इसमें टाटा संस के निदेशकों, प्रतिनिधियों या प्रॉक्सी की नियुक्ति अथवा उन्हें निर्देश देने से जुड़े मामले शामिल हैं।

बाल शोषण की रोकथाम की लड़ाई को और मजबूत करेगा मेटा, उठाये नये कदम

नई दिल्ली। मने अपने प्लेटफॉर्म पर बाल यौन शोषण के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करने के लिए नए कदम उठाए हैं। अपराधियों की नई चालों से निपटने के लिए हमने नए एआई टूल्स लगाए हैं। ये टूल्स ऐसे विज्ञापनों की पहचान करते हैं जो बाल यौन शोषण सामग्री दिखाते हैं या लोगों को प्लेटफॉर्म के बाहर किसी गलत वेबसाइट या लिंक पर भेजते हैं। जनवरी से जून 2026 के दौरान हमने भारत में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बाल यौन शोषण से जुड़े 53 लाख कंटेंट पर कार्रवाई की। इनमें से 98% से अधिक कंटेंट को किसी के रिपोर्ट करने से पहले ही हमारे सिस्टम ने खुद ढूंढकर हटा दिया था। युवाओं को अपने ऐप्स पर सुरक्षित रखना हमारे सबसे महत्वपूर्ण कामों में से एक है, और यह कभी रुकता नहीं है। बच्चों का शोषण करने वाले चालाक अपराधी किसी एक जगह नहीं टिकते। ये जिद्दी अपराधी अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर जाते हैं और पकड़े जाने से बचने के लिए अपने तरीके बदलते रहते हैं। इनसे आगे रहने के लिए लगातार सुधार की जरूरत होती है।

पेज एक का शेष

कनाडाई लेखिका

जन्म 1950 में कनाडा के टोरंटो में हुआ था। उन्होंने प्राचीन यूनानी और रोमन साहित्य की पढ़ाई की। 1981 में उन्होंने इसी विषय पर अपनी डॉक्टरेट की थीसिस प्रकाशित की।

कार्सन की चर्चित किताबों में ऑटोबायोग्राफी ऑफ रेडः ए नॉवेल इन वर्स भी शामिल है। 1998 में प्रकाशित यह किताब हजारों साल पुरानी यूनानी कथा पर आधारित है। इसमें गेरियोन नाम का एक पंखों वाला लाल राक्षस है। कार्सन ने इस पुराने मिथक को बिल्कुल नए तरीके से लिखा। उनकी कहानी में गेरियोन सिर्फ एक राक्षस नहीं, बल्कि अपनी मां से प्यार करने वाला संवेदनशील युवक है। इस तरह उन्होंने एक पुरानी यूनानी कहानी को प्यार, हिंसा और रिश्तों जैसी मानवीय भावनाओं से जोड़ दिया। यह किताब 2010 में प्रकाशित हुई थी।

हार्ट अटैक

पाटेकर के निधन को भारतीय सिनेमा के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने लिखा कि बहुत कम अभिनेताओं में उनके जैसी असाधारण विविधता और गहराई थी। वे अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसा सकते थे, वहीं अंकुश, प्रहार और क्रांतिवीर जैसी फिल्मों में उन्होंने ऐसी गंभीरता दिखाई जिसने हर किरदार को यादगार बना दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि उनकी आवाज, मौजूदगी और अलग-अलग किरदारों में ढल जाने की क्षमता उन्हें अद्वितीय बनाती थी। वे सिर्फ अभिनेता नहीं, बल्कि अपने आप में एक संस्था थे। भारतीय सिनेमा में उनका योगदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

नाना का अंतिम संस्कार पुणे में राजकीय सम्मान से किया गया। शाहरुख खान ने पोस्ट शेयर कर बताया कि करियर के शुरुआती दौर में नाना पाटेकर ने उन्हें एक ऐसी सलाह दी थी, जिसे वह कभी नहीं भूल पाए। नाना ने उनसे कहा था, 'हीरो बनने के चक्कर में एक्टर मत खोना।' शाहरुख के मुताबिक, नाना की यह बात उनके लिए बेहद खास थी। नाना पाटेकर के भतीजे अनिरुद्ध ने कहा- 'वो हट्टे-कट्टे थे। उनकी स्थिति बिल्कुल खराब नहीं थी। रोज जिम जाते थे। खाने-पीने में भी घर की सब्जियां खाते थे। नाना पाटेकर का पार्थिव शरीर, लोगों के आखिरी दर्शन करने और श्रद्धांजलि देने के लिए बम्बोलिम के मॉर्चरी में रखा गया था।

सपा ने पाले

कहा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि युवाओं को दो चीजों से सावधान रहना चाहिए। पहली शराब और दूसरी सपा। दोनों ने प्रदेश को बर्बाद किया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी नशे के खिलाफ अभियान के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर बन सकते हैं। खिलाड़ियों का हाथ पोडियम पर होना चाहिए, पुड़िया पर नहीं। युवाओं के रील देखने में समय गंवाने पर कहा कि रील में लाइक्स मिलते हैं, लेकिन खेल के मैदान में लाइफ मिलती है। मुख्यमंत्री योगी ने पुलिस महानिदेशक को सुझाव दिया कि पुलिस में भर्ती कुशल खिलाड़ियों को एक-एक गांव गोद दिया जाए। वे सप्ताह में कम से कम एक दिन वहां खेल गतिविधियां संचालित करें। मिशन शक्ति के तहत महिला बीट पुलिस अधिकारियों के गांव जाने की व्यवस्था की तरह खिलाड़ियों को भी गांवों से जोड़ा जाए। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास जारी रखने और वर्दी में भी अनुशासन, टीमवर्क तथा न्याय के प्रति प्रतिबद्ध रहने की सीख दी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से पहले खिलाड़ियों की सीधी भर्ती का नियम नहीं था। अब ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के सात पदक विजेताओं को डिप्टी एसपी बनाया जा चुका है। इनमें हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल शामिल हैं। खिलाड़ियों को 200 करोड़ रुपये से अधिक प्रोत्साहन राशि दी गई है।

यूपी में अब

अलग माध्यम तलाशने की आवश्यकता कम होगी। क्यूआर कोड स्कैन करने के बाद सीधे शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी है। इसके साथ ही एप के माध्यम से महिलाओं को ऑनलाइन कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। तकनीक आधारित शिकायत तंत्र को प्रदेश स्तरीय निगरानी व्यवस्था से जोड़ने की योजना है। इससे एक ओर महिलाओं के लिए शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया आसान होगी, वहीं दूसरी ओर शिकायत की स्थिति और उसके निस्तारण की प्रदेश स्तर पर निगरानी भी संभव होगी। लखनऊ स्थित कमांड सेंटर को महिला सुरक्षा की इस एकीकृत निगरानी व्यवस्था का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा। विशेष सेल विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर शिकायतों और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों की निगरानी करेगा। प्रस्तावित व्यवस्था को देश में अपनी तरह की पहली पहल के रूप में विकसित करने की तैयारी है।

औद्योगिक व

लिए 80 से 91 प्रतिशत तक भूमि उपलब्ध हो चुकी है। मेरठ-हरिद्वार, विंध्य और विंध्य-पूर्वांचल स्पर एक्सप्रेसवे के लिए सत्यापन कार्य पूरा हो चुका है और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलाधिकारियों से अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए शेष भूमि संबंधी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में ग्रेटर नोएडा के मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब की भी समीक्षा हुई। यहां 323 हेक्टेयर में से 301 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा प्राप्त हो चुका है। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक परियोजनाओं में आवश्यक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए। महिला श्रम सहभागिता बढ़ाने के लिए कामकाजी महिला छात्रावासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इनके निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों के निर्माण के साथ उनके प्रभावी संचालन के लिए भी अच्छी और उपयोगी नीति तैयार की जाए। जीरो पावर्टी अभियान की समीक्षा में बताया गया कि चिन्हित 12.50 लाख परिवारों में से करीब 9 लाख आवास के पात्र पाए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 30,725 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। अभियान के तहत पात्र परिवारों को श्रमिक पंजीकरण, आयुष्मान कार्ड, अंत्योदय कार्ड, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने का कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान में केवल पात्र परिवारों का चिन्हांकन पर्याप्त नहीं है, प्रत्येक पात्र परिवार को संबंधित योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने मंडियों में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो, जलभराव की स्थिति न बने और किसानों को अपनी उपज के साथ किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंडी परिसरों की नियमित निगरानी और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। हाल के दिनों में कई क्षेत्रों में हुई अतिवृष्टि को देखते हुए मुख्यमंत्री ने बिजली आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां कहीं भी बिजली आपूर्ति बाधित है, उसे शीघ्र बहाल किया जाए। उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 247 सक्रिय रखा जाए। प्रत्येक उपभोक्ता को सही और समय पर बिजली बिल उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए। बिजली चोरी और लाइन लॉस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए फीडरवार ऑडिट कर वास्तविक स्थिति सामने लाने के निर्देश दिए गए। अग्नि सुरक्षा की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और होटलों में वैध फायर एनओसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अब जीएसटी

काउंसिल बैठक में टैक्स प्रशासन, रिफंड, छोटे कारोबारियों और कर्मचारियों से जुड़े नियमों को लेकर कई अहम फैसले लिए गए।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उप-मुख्यमंत्रियों, वित्त मंत्रियों और केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। काउंसिल द्वारा मंजूर किए गए प्रमुख प्रशासनिक एवं प्रक्रियात्मक सुधार निम्नलिखित हैं:

गिरफ्तारी शक्तियों पर नियंत्रण: निर्दिष्ट मामलों में जीएसटी अधिकारियों की मनमानी गिरफ्तारी शक्तियों को समाप्त या सीमित कर दिया गया है।

आरबीआई ने

बाद गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 7 अक्टूबर को नए फैसलों की जानकारी दी। आरबीआई ने अपना रुख भी बदलकर कैलिब्रेटेड टाइटनिंग कर दिया है। आसान भाषा में इसका मतलब है कि फिलहाल ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश कम हो गई है। आने वाले समय में आरबीआई दरों को स्थिर रख सकता है या जरूरत पड़ने पर इन्हें और बढ़ा सकता है।

आरबीआई ने अपना रुख बदलकर कैलिब्रेटेड टाइटनिंग कर दिया है। यानी, फिलहाल ब्याज दरों में कटौती का रास्ता पूरी तरह से बंद हो चुका है। आने वाली बैठकों में रिजर्व बैंक या तो दरों को जैसा है वैसा ही रखेगा, या फिर जरूरत पड़ने पर इन्हें और बढ़ा सकता है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के अजीत मिश्रा का कहना है कि 0.25% की यह बढ़ोतरी तो उम्मीद के मुताबिक ही थी, लेकिन असली बात नीति में हुआ बदलाव है। इससे साफ जाहिर होता है कि रिजर्व बैंक के लिए अब सबसे पहला काम महंगाई पर काबू पाना है। कोटक महिंद्रा बैंक की चीफ इकोनॉमिस्ट उपासना भारद्वाज का मानना है कि आने वाले समय में ब्याज दरों में 0.25 से 0.50% की और बढ़ोतरी हो सकती है। डीबीएस बैंक की सीनियर इकोनॉमिस्ट राधिका राव का कहना है कि रिजर्व बैंक का यह कदम दिखाता है कि वह महंगाई के खतरे को वक्त रहते ही पूरी तरह से दबा देना चाहता है, ताकि यह आगे जाकर अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी मुसीबत न बने।

गांव की

अपने क्षेत्रों में ऐसे परिवारों की पहचान करनी चाहिए, जो पात्र होने के बावजूद किसी योजना से वंचित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को अपने दायित्वों को केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी के रूप में नहीं, बल्कि गांव के विकास से जुड़ी जवाबदेही के रूप में देखना चाहिए।

कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि सरकारी योजनाओं को गांवों तक पहुंचाने और विकास कार्यों को प्रभावी रूप से पूरा कराने में पंचायतों की भूमिका केंद्रीय है। सड़क, बिजली, स्कूल और पंचायत भवन जैसी सुविधाओं से जुड़े कार्यों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

यूपी में

ऑटोमोबाइल और पर्यटन प्रमुख हैं। डेटा सेंटर क्षेत्र में करीब 1.80 लाख करोड़ रुपये, ऊर्जा क्षेत्र में 1.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक और रियल एस्टेट में 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव हैं। विनिर्माण क्षेत्र में करीब 2.75 लाख करोड़ रुपये और बुनियादी ढांचे से जुड़े क्षेत्रों में लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव शामिल हैं। बैठक में जीबीसी के पहले से चौथे संस्करण तक की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जीबीसी-1 से जीबीसी-4 के माध्यम से 16 हजार से अधिक परियोजनाओं में 8 हजार से अधिक परियोजनाएं वाणिज्यिक संचालन में आ चुकी हैं, जबकि 8 हजार से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

सऊदी अरब

और रह रहे लाखों भार



न्यूजीलैंड दौरा : टी-20 टीम का ऐलान

वनडे-टेस्ट टीम की घोषणा अगले हफ्ते, इंडिया-ए के खिलाड़ियों पर चयनकर्ताओं की नजर

एजेंसी



नयी दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान अगले हफ्ते हो सकता है। वनडे टीम की घोषणा में देरी की बड़ी वजह इस समय पुडुचेरी में चल रही भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए की अनऑफिशियल वनडे सीरीज है। चयनकर्ता कुछ खिलाड़ियों को करीब से देखना चाहते हैं, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश कर रहे हैं। भारत 22 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगा। इस दौरान टीम 5 टी-20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलेगी। एक दिन पहले ही बीसीसीआई ने टी-20 टीम का ऐलान किया था।

चयनकर्ताओं की योजना न्यूजीलैंड दौरे के लिए एक वैकल्पिक स्क्वॉड तैयार रखने की है। इसकी वजह टेस्ट सीरीज का शेड्यूल है। टेस्ट टीम में शामिल नियमित खिलाड़ियों को टेस्ट की तैयारी के लिए वनडे सीरीज खत्म होने से पहले ही न्यूजीलैंड रवाना होना पड़ सकता है। ऐसे में शुरूआती वनडे में खेलने वाले कुछ टेस्ट रेगुलर खिलाड़ियों को आखिरी दो मुकाबलों से आराम दिया जा सकता है। उनकी जगह इंडिया ए के उन खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है, जो ऑस्ट्रेलिया अ के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत ए की तरफ से खेलते हुए ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे ने 7 ओवर में 40 रन देकर 4 विकेट लिए। शेडगे के लिए यह सीरीज इसलिए भी अहम है क्योंकि वह भारत के सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर विकल्पों में तेजी से उभर रहे हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ टीम में हार्दिक पंड्या के विकल्प के तौर पर शामिल किया गया था। सूर्यांश शेडगे ने भारत के लिए इसी साल जून में आयरलैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। मंगलवार को न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत की टी-20 टीम का ऐलान किया गया। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की 4 साल बाद टीम में वापसी हुई है। वहीं दूसरी ओर आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के फील्डिंग कोच ब्रैड हैडिन और तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने टीम छोड़ दी है। दोनों ने हाल ही में फ्रेंचाइजी को इसकी जानकारी दी। हैडिन और होप्स के बिग बैश लीग से जुड़ सकते हैं। अब आईपीएल 2027 से पहले टीम को 3 कोच की जरूरत है।

क्योंकि, साईराज बहुतुले ने पहले ही टीम छोड़ दी है। वे टीम इंडिया के स्पिन बॉलिंग कोच बने हैं। नए कोचों को मिड-दिसंबर में होने वाली नीलामी से पहले चुना जा सकता है। पंजाब की टीम पिछले आईपीएल में 5वें स्थान पर रही थी। उसने लखनऊ के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीता। लेकिन, यह जीत प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं थी। 23 मई को लखनऊ के खिलाफ मैच में विकेट सेलिब्रेट करते अजमतुल्लाह उमरजई और पंजाब के खिलाड़ी।

भारत की टी-20 टीम

1. श्रेयस अय्यर (कप्तान)
2. तिलक वर्मा (उपकप्तान)
3. अभिषेक शर्मा
4. संजू सैमसन (विकेटकीपर)
5. वैभव सूर्यवंशी
6. ईशान किशन (विकेटकीपर)
7. अक्षर पटेल
8. शिवम दुबे
9. नीतीश कुमार रेड्डी,
10. नमन धीर
11. प्रिंस यादव
12. मयंक यादव
13. अर्शदीप सिंह
14. भुवनेश्वर कुमार
15. वरुण चक्रवर्ती
16. कुलदीप यादव



क्रिकबज के अनुसार पंजाब किंग्स मैनेजमेंट नए कोचों की तलाश शुरू कर चुका है। नए स्टाफ पर फैसला रिकी पोंटिंग करेंगे। मैनेजमेंट कुछ नाम सुझा सकता है। उम्मीदवारों से बातचीत और इंटरव्यू पोंटिंग के उनसे बात करने के बाद होंगे। एक सूत्र ने कहा, हेड कोच ही फैसला करेंगे।

पोंटिंग ने इस बारे में पूछे गए सवाल का तुरंत जवाब नहीं दिया। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर ब्रैड हैडिन पंजाब किंग्स के फील्डिंग कोच थे। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेम्स होप्स पोंटिंग के कार्यकाल में टीम के बॉलिंग कोच थे। होप्स पोंटिंग के करीबी माने जाते थे। वे कुछ सीजन पहले पोंटिंग के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स से पंजाब किंग्स में आए थे। हैडिन पिछली मैनेजमेंट टीम से जुड़े हुए थे। उस समय ट्रेवर बेलिस टीम के प्रमुख थे। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को दिल्ली कैपिटल्स का हेड कोच नियुक्त किया गया है। वे आईपीएल के अगले सीजन में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। गांगुली दिल्ली कैपिटल्स के साथ डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट के तौर पर काम कर चुके हैं। उन्होंने 2025 में प्रिटोरिया कैपिटल्स के हेड कोच के रूप में अपना पहला कोचिंग रोल संभाला था।

अभिषेक का बंगाल रणजी टीम में चयन

नयी दिल्ली। रेप केस में जमानत पर चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल को रणजी ट्रॉफी के नए सीजन के पहले मैच के लिए बंगाल टीम में शामिल किया गया है। एलीट ग्रुप-सी के ओपनिंग मैच में बंगाल का सामना दिल्ली से होगा। टीम की कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन करेंगे। इस टीम में मोहम्मद शमी, मुकेश कुमार और आकाशदीप को भी रखा गया है। 30 जून को एक मेडिकल छात्रा ने पोरेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, पोरेल ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है। कोर्ट ने 18 सितंबर को उन्हें जमानत दी थी। बंगाल

रेप केस में जमानत पर चल रहे है, शमी मुकेश और आकाश दीप भी टीम में

और दिल्ली के बीच मुकाबला कल्याणी के बंगाल क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर खेला जाएगा। पहले यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होना था।

बंगाल के अलावा, ग्रुप-सी में गुजरात, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा और सर्विसेज हैं। ईडन गार्डन्स में 10 अक्टूबर को महालय के साथ शुरू हो रहे दुर्गा पूजा उत्सव के उद्घाटन का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के चलते मैच को कल्याणी शिफ्ट किया गया है। आकाश दीप चोट से वापसी कर रहे हैं। न्यूजीलैंड दौरे से पहले यह मैच उनके लिए फिटनेस और फॉर्म साबित करने का मौका होगा। तेज गेंदबाजी में इनके अलावा सूरज सिंधु जायसवाल, प्रदीप्त प्रमाणिक और मो. कैफ को जगह मिली है। अभिषेक पोरेल



पर एक कॉलेज छात्रा ने रेप, शादी का वादा कर यौन संबंध बनाने और आपराधिक धमकी देने के आरोप लगाए थे। गिरफ्तारी के बाद वे करीब 36 दिन जेल में रहे। मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है।

अभिषेक से पहले यश दयाल, शिवालिक शर्मा और विपराज निगम जैसे क्रिकेटर्स पर भी रेप के आरोप लगे हैं। इन पर इउउक ने खिलाड़ियों को अनुशासित रहने की हिदायत दी है। पोरेल ने आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सिर्फ चार मैच खेले थे। इसके बाद से उन्होंने कोई कॉम्पिटेटिव क्रिकेट नहीं खेला है। असम के खिलाफ प्रैक्टिस मैच उनके लिए लंबे ब्रेक के बाद मैदान पर वापसी का मौका होगा। अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), सुदीप कुमार घरामी सुदीप चटर्जी, अभिषेक पोरेल अंकुर पॉल, सुमंता गुप्ता, अंकित शुक्ला, शुभम चटर्जी, मोहम्मद शमी, आकाश दीप, मुकेश कुमार, सूरज सिंधु जायसवाल, प्रदीप्त प्रमाणिक, आमिर गनी, मो. कैफ, सौम्यदीप मंडल।

संक्षेप

प्रधानमंत्री 15 को एशियन गेम्स के मेडलिस्ट से मिलेंगे

नयी दिल्ली। 9 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने निवास पर कॉमनवेल्थ गेम्स के मेडलिस्ट से मिले थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अक्टूबर को एशियन गेम्स 2026 के भारतीय पदक विजेताओं से मुलाकात करेंगे। यह मुलाकात पीएम आवास में होगी। यह जानकारी आई ओए के सूत्रों ने भास्कर को दी। आइची-नागोया में हुए एशियाई खेलों में भारत ने कुल 85 पदक जीते। इनमें 21 गोल्ड, 27 सिल्वर और 37 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। पीएम मोदी पहले भी कई मौकों पर भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात कर चुके हैं। पिछली बार वे 9 अगस्त को कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के मेडलिस्ट से मिले थे। भारत ने तीरंदाजी, बॉक्सिंग, शूटिंग, हॉकी, क्रिकेट, कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स और गोल्फ समेत कई खेलों में पदक जीते। भारतीय तीरंदाजों ने 5 गोल्ड सहित 9 मेडल जीते। वहीं, भारतीय मुक्केबाजों ने 3 गोल्ड और 3 ब्रॉन्ज समेत 6 पदक जीते। क्रिकेट में भारतीय महिला और पुरुष दोनों टीमों ने गोल्ड जीता। हॉकी और कबड्डी में भी भारत की दोनों टीमें चैंपियन बनीं। 5 खिलाड़ियों ने मेडल की हैट्रिक लगाई, जबकि 23 खिलाड़ियों ने 2-2 मेडल जीते। भारत को सबसे ज्यादा डबल मेडल एथलेटिक्स में मिले। आर्चरी और शूटिंग के 5-5 खिलाड़ी ने दोहरे पदक जीते। स्क्वैश के चार और गोल्फ की प्रणवी उर्स को 2 मेडल मिले।

रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर

नयी दिल्ली। साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग-11 घोषित कर दी है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला शुक्रवार से डरबन में खेला जाएगा। तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा पूरी तरह फिट नहीं होने के कारण प्लेइंग-11 में जगह नहीं बना सके। वहीं, एनरिक नॉर्त्या 2023 के बाद पहली बार टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे। सीरीज का दूसरा टेस्ट गक्बेरहा और तीसरा मुकाबला केप टाउन में खेला जाएगा। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने 21 अगस्त को बताया था कि ट्रेनिंग के दौरान रबाडा चोटिल हो गए थे। उनकी दाएं पैर की हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। उन्होंने आखिरी बार मई में आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के लिए खेला था। इसके बाद से रबाडा ने कोई मैच नहीं खेला है। नॉर्त्या ने पिछला टेस्ट फरवरी 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सेंचुरियन में खेला था।

धनंजय डी सिल्वा ने छोड़ी श्रीलंका की टेस्ट कप्तानी

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका के धनंजय डी सिल्वा ने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी है। 35 साल के धनंजय ने गुरुवार को श्रीलंका क्रिकेट की चयन समिति को पत्र भेजकर अपने फैसले की जानकारी दी।

18 टेस्ट में 7 जीत दिलायी, कुसल मेंडिस नए कप्तान होंगे

उन्होंने कहा कि अब टीम की जिम्मेदारी अगली पीढ़ी को सौंपने का समय है। धनंजय के कप्तानी छोड़ने के कुछ ही घंटे बाद श्रीलंका क्रिकेट ने कुसल मेंडिस को नया टेस्ट कप्तान बना दिया। धनंजय ने जनवरी 2024 में दिमुथ करुणारत्ने की जगह श्रीलंका की टेस्ट कप्तानी संभाली थी। उन्होंने 2024 से 2026 के बीच 18 टेस्ट में टीम की कप्तानी की, जिसमें श्रीलंका ने 7 मैच जीते, 8 हारे और 3 मुकाबले ड्रॉ रहे। कप्तान के तौर पर उन्होंने 36.45 की औसत से 1,130 रन बनाए और 9 विकेट भी लिए।

धनंजय ने बतौर कप्तान आखिरी मैच भारत के खिलाफ खेला था। उन्होंने 23 से 27 अगस्त तक खेले गए इस मैच में 8 और 23 रन बनाए थे। धनंजय ने श्रीलंका के लिए अपना आखिरी टेस्ट बतौर कप्तान भारत के खिलाफ खेला था। 23 से 27 अगस्त तक खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने 8 और 23 रन बनाए थे।

यशस्वी जायसवाल कीपिंग की कर रहे प्रैक्टिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। जायसवाल रणजी ट्रॉफी से पहले प्रैक्टिस मैच में विकेटकीपिंग करते नजर आए। यशस्वी जायसवाल रणजी ट्रॉफी से पहले विकेटकीपिंग की प्रैक्टिस कर रहे हैं। वे अपने खेल में नई स्किल जोड़ने पर काम कर रहे हैं। यशस्वी रणजी ट्रॉफी में 11 अक्टूबर को मुंबई के लिए चंडीगढ़ के खिलाफ खेलने उतरेंगे। जायसवाल के विकेटकीपिंग पर मुंबई के कप्तान सिद्धेश लाड ने कहा यशस्वी विकेटकीपिंग शुरू करने के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। मैंने उनसे यही सुना है। लाड ने कहा 'वे मुंबई या भारतीय टीम के लिए विकेटकीपिंग करना चाहते हैं।

मुझे लगता है कि उनका यही लक्ष्य है, लेकिन मुझे इसकी पूरी जानकारी नहीं है।' यशस्वी ने विकेटकीपिंग ग्लव्स पहनकर प्रैक्टिस की है। मुंबई के एक प्रैक्टिस मैच में उन्होंने करीब 10 ओवर विकेटकीपिंग भी की। जायसवाल पहले भी अपनी लेग-स्पिन से टीम की मदद कर चुके हैं। हालांकि, भारत के लिए वे प्रमुख बल्लेबाज के तौर पर ही खेलते हैं। गेंदबाजी उनके रेगुलर खेल का हिस्सा नहीं है। विकेटकीपिंग की प्रैक्टिस उनके खेल में एक और कौशल जोड़ने की



कोशिश मानी जा रही है। लाड ने कहा उन्होंने विकेटकीपिंग की प्रैक्टिस इसलिए शुरू की है, क्योंकि वह अपने खेल में कुछ और जोड़ना चाहते हैं। मुंबई के लिए नए सीजन से पहले जायसवाल का जुड़ना राहत की बात है। टीम इस अभियान में पूर्व कप्तान शार्दुल ठाकुर के बिना खेलेगी। पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भी सीजन से पहले क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। लाड ने कहा उन्होंने ऊंचे स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। यशस्वी जैसे खिलाड़ी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने से हमारे युवा खिलाड़ियों को भी मदद मिलेगी।

पैरा एशियन : खिलाड़ियों से इनाम में 20 प्रतिशत कमीशन मांग रहे अधिकारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पैरा एशियन गेम्स के लिए भारतीय दल के सिलेक्शन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। एशिया के नंबर-1 और नंबर नंबर-3 पिस्टल शूटर आकाश और संदीप कुमार ने दावा किया है कि- अधिकारियों ने उनसे कहा कि अगर इवेंट में मेडल आता है और सरकार उस पर इनाम देती है तो 20% रकम कमीशन के दौर पर देनी होगी।

पैरा शूटर्स बोले- इनकार किया तो एशियन गेम्स के लिए सिलेक्शन नहीं हुआ, जांच की मांग

शूटर्स ने बताया कि पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों और शूटिंग टेक्निकल कमेटी के सदस्य कमीशन मांगने वाले लोगों में शामिल हैं। शूटर्स ने क्वॉलिफाइंग स्कोर में हेरफेर और चयन समिति में बदलाव किए जाने के आरोप भी लगाए हैं। खिलाड़ियों ने एसएआई महानिदेशक से पूरे मामले की जांच की मांग की है। पांचवें पैरा एशियन गेम्स 18 से 14 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होना है। यहीं 20वें एशियन गेम्स भी हुए हैं। शूटर्स ने दावा किया कि भारत को मिले 15 अंतर्राष्ट्रीय कोटा स्थानों में से दो का इस्तेमाल नहीं किया गया। आरोप है कि अगली रैंकिंग के खिलाड़ियों ने कथित वित्तीय मांगें पूरी करने से इनकार किया, इसलिए ये स्थान सरेंडर कर दिए गए।

एशिया कप में भारत व पाक का मैच 8 नवंबर को

एजेंसी

नयी दिल्ली। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने अंडर-19 एशिया कप 2026 का शेड्यूल जारी कर दिया है। टूर्नामेंट 5 नवंबर से ओमान में शुरू होगा और 14 नवंबर को फाइनल खेला जाएगा। इस बार 8 टीमें खिताब के लिए उतरेंगी और सभी मुकाबले मस्कट स्थित ओमान क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड-1 और ग्राउंड-2 पर खेले जाएंगे। भारत अपने

8 टीमों के बीच 5 नवंबर से टूर्नामेंट ओमान में सभी 15 मैच खेले जायेंगे

अभियान की शुरूआत 6 नवंबर को नेपाल के खिलाफ करेगी। इसके दो दिन बाद 8 नवंबर को पाकिस्तान से मुकाबला होगा। ग्रुप स्टेज में भारत का आखिरी मैच 10 नवंबर को यूएई के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट 50-ओवर फॉर्मेट में होगा और कुल 15 मुकाबले खेले जाएंगे। भारत को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, यूएई और नेपाल के साथ रखा गया है। वहीं ग्रुप-बी में बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका और मलेशिया शामिल हैं। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 5 नवंबर को श्रीलंका ए-19 और मलेशिया ए-19 के बीच होगा। इसी दिन ग्रुप-इ में बांग्लादेश और अफगानिस्तान की



टीमें भी आमने-सामने होंगी। दोनों मुकाबले सुबह 10:30 बजे शुरू होंगे। श्रीलंका-मलेशिया मैच ओसीए ग्राउंड-2 और बांग्लादेश-अफगानिस्तान मैच ओसीए ग्राउंड-1 पर खेला जाएगा। पाकिस्तान मौजूदा चैंपियन है। पिछले सीजन के फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को 191 रन से हराकर खिताब जीता था। यह पाकिस्तान का अंडर-19 एशिया कप में दूसरा खिताब था।

रोहित-कोहली के आलोचकों को मोहित शर्मा का फिल्मी जवाब

एजेंसी

दुबई। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में शतक लगाया था। रोहित शर्मा और विराट कोहली के आलोचकों को पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहित शर्मा ने फिल्मी अंदाज में जवाब दिया है। मोहित ने फिल्म जॉली एलएलबी के एक चर्चित डायलॉग का सहारा लेते हुए कहा, कौन हैं ये लोग, कहां से आते हैं ये। उन्होंने साफ कहा कि रोहित और विराट की जगह पर बार-बार चर्चा करने का कोई मतलब नहीं है। मोहित शर्मा ने यह बात दुबई में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स सीजन-3 से इतर न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में कही। वह टूर्नामेंट में इंडिया चैंपियंस टीम का हिस्सा हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट और टी-20 से पहले ही रिटायर हो चुके हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली अब भारतीय क्रिकेट में सिर्फ वनडे फॉर्मेट में खेलते हैं।

ऐसे में वनडे कम होने की वजह से हर सीरीज के आसपास दोनों के भविष्य और 2027 वर्ल्ड कप में उनकी जगह को लेकर चर्चा शुरू हो जाती है। इस सवाल पर मोहित ने कहा, मुझे एक मीम याद है- कौन हैं ये लोग, कहां से आते हैं ये लोग। मोहित का जवाब सीधे तौर पर उन लोगों पर तंज था, जो दोनों दिग्गजों की टीम में जगह पर सवाल उठा रहे हैं। विराट कोहली ने 2026 में अब तक 9 वनडे खेले हैं और 9 पारियों में 552 रन बनाए हैं। उनका औसत 69.00 और स्ट्राइक रेट 117.94 रहा है। इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 3 अर्धशतक लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 139 रन है। वेस्टइंडीज के खिलाफ हालिया 3 मैचों की वनडे सीरीज में भी विराट का बल्ला चला। उन्होंने 3 पारियों में 168 रन बनाए। सीरीज के पहले वनडे में उन्होंने 296 रन का पीछा करते हुए सिर्फ 88 गेंदों पर नाबाद 139 रन की तेज पारी खेली। वनडे इतिहास में विराट दुनिया के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके नाम 15,109 रन हैं। उन्होंने 58.78 की औसत से बल्लेबाजी करते हुए 55 शतक और 79 अर्धशतक लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 183 रन है। विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ

कौन हैं ये लोग, कहां से आते हैं ये, सिलेक्शन पर चर्चा का मतलब नहीं

पहले वनडे में शतक लगाया था। वे सबसे तेज 15 हजार रन बनाने वाले प्लेयर भी बने थे। रोहित शर्मा की फिटनेस और वनडे टीम में जगह को लेकर भी लगातार चर्चा होती रही है, लेकिन आंकड़े उनकी मौजूदा फॉर्म की अलग कहानी बताते हैं। रोहित इस समय वनडे में भारत के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 291 वनडे की 283 पारियों में 12,120 रन बनाए हैं। उनका औसत 49.26 है। उनके नाम 35 शतक और 63 अर्धशतक हैं। उनका बेस्ट स्कोर 264 रन है। 2026 में रोहित ने 12 पारियों में 604 रन बनाए हैं। उनका औसत 50.33 और स्ट्राइक रेट 104.67 रहा है। इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 138 रन है। रोहित बतौर ओपनर 12 हजार वनडे रन बनाने वाले दुनिया के सिर्फ चौथे बल्लेबाज हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज में रोहित भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 3 पारियों में 225 रन बनाए। उनका औसत 75.00 और स्ट्राइक रेट 115 से ज्यादा रहा। सीरीज में रोहित ने एक शतक और एक अर्धशतक लगाया। उनका बेस्ट स्कोर 101 रन रहा। रोहित और विराट अब न्यूजीलैंड दौरे पर खेलते दिखेंगे। दोनों 4 नवंबर से शुरू होने वाली 5 मैचों की वनडे सीरीज में खेलेंगे। इसके बाद दोनों भारत में श्रीलंका के खिलाफ 13 दिसंबर से शुरू होने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज में भी नजर आएंगे। मोहित शर्मा भारत के पूर्व तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने भारत के लिए 26 वनडे और 8 टी-20 इंटरनेशनल खेले। उनका इंटरनेशनल करियर 2013 से 2015 तक रहा। वह 2015 वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का हिस्सा भी थे और टूर्नामेंट में 8 मैचों में 13 विकेट लिए थे। मोहित ने 3 दिसंबर 2025 को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की थी। अब वे चेन्नई सुपर किंग्स के नए बॉलिंग कोच बन सकते हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर हनुमा विहारी ने ओपनर संजू सैमसन के फॉर्म की आलोचना की है। उन्होंने सैमसन को मिल रहे लंबे मौके पर भी सवाल उठाया।





मैराथन के दौरान साइकिल पर बैठी, अयोग्य घोषित किया गया

एजेंसी

नयी दिल्ली। बर्लिन मैराथन में चीनी एथलीट और फिटनेस इन्फ्लुएंसर सुन युआनयुआन पर रेस के दौरान साइकिल पर बैठकर दूरी तय करने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर 'अबीर' नाम से मशहूर सुन ने रेस के बाद 4 घंटे 53 मिनट 46 सेकंड का अपना पर्सनल बेस्ट बताया था। बाद में सामने आई तस्वीरों और रेस के स्प्लिट टाइम्स के बाद उन्होंने नियम तोड़ने की बात स्वीकार कर माफी मांगी। 27 सितंबर को हुई मैराथन के आयोजकों ने उनका रिजल्ट रद्द कर दिया, जबकि रनिंग शू कंपनी ब्रूक्स ने भी उनके साथ स्पॉन्सरशिप खत्म कर दी। मैराथन में गलत या भ्रामक टाइम पर नजर रखने वाले इंस्टाग्राम पेज ऑफिशियल मैराथन टाइम इंटीग्रिटी यूनिट ने एक फोटो शेयर की।

इसमें सुन करीब 38 किमी के आसपास दूसरे व्यक्ति की साइकिल के पीछे बैठी नजर आ रही थीं। पेज ने उनके 5-5 किलोमीटर के स्प्लिट टाइम भी शेयर किए। इसमें 35 से 40 किमी के बीच उनका टाइम बाकी हिस्सों की तुलना में असामान्य रूप से तेज था। सुन ने चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडनोट पर माफी मांगी और रेस के दौरान साइकिल पर बैठने को नियमों का उल्लंघन माना। उन्होंने कहा कि रेस के दौरान उनकी तबीयत ठीक नहीं लग रही थी।

आईपीएल से फिर टकरा सकती है पीसीएल

नयी दिल्ली। पेशावर जाल्मी ने 2026 के फाइनल में हैदराबाद किंग्समेन को 5 विकेट से हराकर खिताब जीता था। यह पीएसएल में टीम की दूसरी ट्रॉफी थी। भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट लीग की डेट एक बार फिर टकरा सकती हैं। पीएीबी ने गुरुवार को अपनी लीग पीएसएल-12 का शेड्यूल जारी किया। पाकिस्तान क्रिकेट लीग की शुरूआत 18 मार्च से होगी और फाइनल 2 मई को खेला जाएगा। इसी बीच आईपीएल भी शुरू हो सकता है। हालांकि, बीसीसीआई ने अब तक इसका शेड्यूल जारी नहीं किया है। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा कि पीएसएल-11 ने दिखाया कि यह लीग क्या करने में सक्षम है। उन्होंने रोमांचक मुकाबलों, रिकॉर्ड दर्शकों और रिकॉर्ड प्रसारण आंकड़ों का जिक्र किया।

ईरान के खिलाफ बड़े हमले की तैयारी

पेंटागन को मिली तैयारी पूरी करने की हिदायत, डोनाल्ड ट्रंप ने सेना को तैयार रहने का दिया आदेश

पेंटागन ।पेंटागन ने कुछ दिन पहले ही यूएस सेंटकॉम को ईरान के खिलाफ बड़े स्तर पर सैन्य अभियान फिर शुरू करने की तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।इस आदेश में हमले की कोई तारीख तय नहीं की गई है।यानी फिलहाल अमेरिका ने कार्रवाई का विकल्प खुला रखा है, लेकिन अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रंप के हाथ में है। अमेरिकी और इस्राइली अधिकारियों ने एक्सियोस को बताया कि अगर दोबारा बड़े सैन्य अभियान शुरू होते हैं, तो यह अमेरिका में होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले भी हो सकता है। अमेरिकी मिडटर्म चुनाव 3 नवंबर को होने हैं, जबकि इजरायल में चुनाव इससे करीब एक सप्ताह पहले होने की उम्मीद है। अगर अमेरिका ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू करता है, तो इसमें ईरान के ऊर्जा प्रतिष्ठानों, बुनियादी ढांचे और परमाणु ठिकानों पर बड़े हमले शामिल हो सकते हैं। एक्सियोस ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।पेंटागन के एक अधिकारी ने एक्सियोस से कहा, 'विभाग का काम राष्ट्रपति के सामने सैन्य विकल्प तैयार करना और पेश करना है।' वहीं, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि ट्रंप के पास किसी भी समय सभी विकल्प मौजूद हैं।अमेरिका ने ईरान के खिलाफ बड़े सैन्य अभियान फिर शुरू करने का फैसला अभी नहीं किया है, लेकिन पेंटागन को इसकी



तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। संभावित हमलों में ईरान के ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और परमाणु ठिकाने निशाने पर हो सकते हैं। अमेरिका-ईरान बातचीत में भी फिलहाल कोई खास प्रगति नहीं हुई है। इसी बीच ट्रंप ने ईरान की सैन्य और परमाणु क्षमता को लगभग खत्म करने का दावा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई फिर शुरू करने का फैसला अभी नहीं लिया है, लेकिन पेंटागन को संभावित नए हमलों के लिए पूरी तैयारी करने के निर्देश जरूर दे दिए गए हैं। एक्सियोस ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड को ईरान में बड़े सैन्य अभियान दोबारा शुरू करने की तैयारी पूरी करने को कहा गया है। हालांकि, हमले कब शुरू होंगे, इसकी कोई तय तारीख नहीं दी गई है। एक्सियोस के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत में फिलहाल कोई खास प्रगति नहीं हुई है।कतर के मध्यस्थ अब भी ईरान के जवाब का इंतजार कर रहे हैं। अमेरिका की ओर से दिए गए जवाबी प्रस्ताव में ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर कई अहम रियायतें देने की मांग की गई है। एक दूसरे इस्राइली अधिकारी ने एक्सियोस से कहा, 'ईरान में बड़े सैन्य अभियान दोबारा शुरू करने की चर्चा बढ़ी है। चुनाव से पहले ऐसा होने की संभावना ज्यादा नहीं है, लेकिन हम इसे पूरी तरह खारिज नहीं कर सकते। मध्यावधि चुनाव के बाद इसके होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। कुछ ही दिनों में दोनों नेताओं के बीच यह दूसरी बातचीत थी। इससे पहले दोनों के बीच कई हफ्तों तक लगभग कोई बातचीत नहीं हुई थी।एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि दोनों नेताओं ने 7 अक्टूबर के नरसंहार के पीड़ितों की याद और सम्मानह्व को लेकर बात की।

नेपाल में फिर कांपी धरती: पश्चिमी क्षेत्र में आया 4.1 तीव्रता का भूकंप

नई दिल्ली। नेपाल के पश्चिमी बजुरा जिले में बुधवार रात 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके बाजहांग, कालिकोट और अछाम तक महसूस किए गए, लेकिन अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। नेपाल के पश्चिमी हिस्से में बुधवार रात 4.1 तीव्रता का भूकंप आया।



भूकंप के झटके बजुरा के साथ आसपास के कई जिलों में भी महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक कहीं से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के मुताबिक, भूकंप बुधवार रात स्थानीय समयानुसार 9:37 बजे आया। भूकंप का केंद्र सुदूरपश्चिम प्रांत के बजुरा जिले की बुधीगंगा नगरपालिका-10 में जमीन के भीतर था। यह जगह राजधानी काठमांडू से करीब 750 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। भूकंप के झटके बजुरा के अलावा पड़ोसी बाजहांग, कालिकोट और अछाम जिलों में भी महसूस किए गए। अचानक धरती हिलने से इन इलाकों में लोगों को भूकंप का अहसास हुआ, हालांकि फिलहाल किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। नेपाल में सालभर छोटे-बड़े भूकंप आते रहते हैं। हिमालयी क्षेत्र में स्थित होने की वजह से यह देश दुनिया के सबसे सक्रिय भूकंपीय इलाकों में शामिल है। नेपाल का बड़ा हिस्सा भूकंपीय क्षेत्र 4 और 5 में आता है, जिसके चलते यहां भूकंप का खतरा हमेशा बना रहता है।

संक्षेप

ढह रही ईरान की अर्थव्यवस्था

पेंटागन। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा, 'अमेरिका बहुत मजबूत स्थिति में है। होरमुज जलडमरूमध्य पर हमारा नियंत्रण है और ईरान की अर्थव्यवस्था ढह रही है।ईरान को तबाह कर दिया गया है और अब चीजें दो में से किसी एक दिशा में जाएंगी- आसान रास्ते से या मुश्किल रास्ते से।' राष्ट्रपति ट्रंप के हाथ में सारे पत्ते हैं और वह वही करेंगे जो अमेरिका के लिए सबसे अच्छा होगा। एक रिपोर्ट का भी जिक्र किया है, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप अमेरिकी मध्यावधि चुनावों से पहले ईरान पर हमला करने के विकल्प पर विचार कर रहे हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप की राष्ट्रीय सुरक्षा टीम ने शुक्रवार को कैंप डेविड में कई घंटे बैठक की। इसमें युद्ध और विदेश नीति से जुड़े दूसरे मुद्दों पर चर्चा हुई। इजरायली अधिकारियों में से एक ने बताया कि बैठक के एक हिस्से में ईरान के खिलाफ बड़े सैन्य अभियान दोबारा शुरू करने की संभावित योजना पर भी चर्चा हुई।हालांकि, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बैठक के बाद कहा कि इसमें लंबे समय की विदेश नीति की योजना पर चर्चा हुई। अगर अमेरिका ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू करता है, तो इसमें ईरान के ऊर्जा प्रतिष्ठानों, बुनियादी ढांचे और परमाणु ठिकानों पर बड़े हमले शामिल हो सकते हैं।

कंगाल पाकिस्तान ने फिर फैलाये हाथ आईएमएफ देगा 11619 करोड़ का कर्ज

इस्लामाबाद। आईएमएफ पाकिस्तान को करीब 1.2 अरब डॉलर की नई मदद देने पर सहमत हुआ है। इसमें 1 अरब डॉलर मुख्य कर्ज कार्यक्रम और 21 करोड़ डॉलर जलवायु व दूसरे लंबे समय के खतरों से निपटने के लिए होंगे।मंजूरी के बाद दोनों कार्यक्रमों के तहत पाकिस्तान को कुल करीब 5.7 अरब डॉलर मिल जाएंगे। हालांकि, आईएमएफ ने पाकिस्तान के सामने कई आर्थिक और वैश्विक जोखिम बने रहने की बात कही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को करीब 1.2 अरब डॉलर की नई मदद देने पर शुरूआती सहमति दे दी है। इसमें करीब एक अरब डॉलर आईएमएफ के मुख्य कर्ज कार्यक्रम के तहत मिलेंगे। इसके अलावा 21 करोड़ डॉलर ऐसे कार्यक्रम के तहत मिलेंगे, जिसका मकसद पाकिस्तान को जलवायु और लंबे समय के दूसरे खतरों से निपटने में मदद करना है। हालांकि, पैसे मिलने के लिए आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की मंजूरी अभी बाकी है। आईएमएफ की टीम और पाकिस्तान के अधिकारियों के बीच लंबी बातचीत के बाद यह समझौता हुआ है। आईएमएफ की टीम का नेतृत्व इवा पेत्रोवा ने किया। यह समझौता पाकिस्तान के दो कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद हुआ है। मंजूरी मिलने पर दोनों कार्यक्रमों के तहत पाकिस्तान को अब तक कुल करीब 5.7 अरब डॉलर मिल जाएंगे। आईएमएफ के मुताबिक, पाकिस्तान ने पश्चिम एशिया के संघर्ष के असर के बावजूद अपनी अर्थव्यवस्था को संभाले रखा।

8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है भारतीय इकोनॉमी

नई दिल्ली। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था अगले एक दशक में दोगुनी होकर 8 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो सकती है।

वैश्विक निवेश फर्म केकेआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि संरचनात्मक सुधारों, बुनियादी ढांचे में लगातार निवेश और अर्थव्यवस्था के औपचारिककरण ने देश की विकास क्षमता को मजबूत किया है और यह वैश्विक निवेशकों के लिए बड़े अवसर पैदा कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत पहले ही 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का आंकड़ा पार कर चुका है और मौजूदा आर्थिक गति को देखते हुए अगले 10 वर्षों में दोबारा अपने आकार को दोगुना करने की राह पर है। भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जहां लंबे समय तक लगातार लागू किए गए सुधारों का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत इस बात



का सबसे स्पष्ट उदाहरण है कि धैर्यपूर्वक किए गए संरचनात्मक सुधार तिमाही नहीं, बल्कि पूरे दशक में कितना बड़ा बदलाव ला सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 के बाद लागू किए गए कई प्रमुख आर्थिक सुधारों ने देश की विकास क्षमता को बढ़ाया है। इनमें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), श्रम बाजार का औपचारिककरण, डिजिटलीकरण और बुनियादी ढांचा विकास में बड़े निवेश शामिल हैं। ये सुधार भारत को लगभग 11 प्रतिशत नॉमिनल जीडीपी वृद्धि के मार्ग पर बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अब भी पहले से लागू कई सुधारों का पूरा लाभ अर्थव्यवस्था को मिलना बाकी है। इसलिए भारत की ग्रोथ स्टोरी अपने अंतिम चरण में नहीं पहुंची है, बल्कि इसमें आगे भी उल्लेखनीय संभावनाएं मौजूद हैं। औपचारिक अर्थव्यवस्था का विस्तार होने से भारतीय कारोबारों और नकदी प्रवाह (कैश फ्लो) से जुड़ा जोखिम प्रीमियम कम हुआ है, जिससे लंबी अवधि के निवेश और विकास के लिए अधिक अनुकूल माहौल बना है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारतीय आईटी सेवा उद्योग के लिए खतरा नहीं, बल्कि एक नए अवसर के रूप में उभर सकता है। भारतीय आईटी कंपनियां अपनी सेवाओं में एआई का अधिक उपयोग कर सकती है।

रूस ने यूक्रेन पर फिर बरसाये मिसाइल और ड्रोन, 30 लोगों की मौत, 18 घायल, कीव में बिजली संकट

कीव। रूस ने यूक्रेन के कई इलाकों में मिसाइल और ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं। पूर्वी यूक्रेन में 30 लोगों की मौत और 18 घायल हुए।कीव में बिजली कटौती गंभीर हो गई है। जेलेंस्की ने सर्दियों से पहले हमले बढ़ने की आशंका जताते हुए नाटो से अतिरिक्त रक्षा सहायता मांगी है।

पूर्वी यूक्रेन में रूसी हमलों में 30 लोगों की मौत हो गई। वहीं, कम से कम 18 लोग घायल हो गए। इन हमलों में एक पब्लिक बस पर किया गया हमला भी शामिल है। सर्दियों से ठीक पहले हमलों का यह तेज दौर जारी है। राजधानी कीव में बिजली कटौती की समस्या और गंभीर हो गई है। यह जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख वादिम फिलाश्किन ने कहा कि सुरक्षा की स्थिति बहुत खराब होने के कारण यूक्रेन के डोनेट्स्क इलाके में क्रामाटोर्स्क और उसके पड़ोसी शहर स्लोवियांस्क में पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोक दिया गया है। उन्होंने रूस पर जान-बूझकर आम नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा, 'ऐसे हालात में, हमें यात्रियों और ड्राइवरों की जान जोखिम में डालने का कोई अधिकार नहीं है। क्रामाटोर्स्क और स्लोवियांस्क के निवासियों की सुरक्षा सबसे ऊपर है। ये हमले उत्तरी यूक्रेन के शहर प्रिलुकी में एक दिन पहले हुए घातक मिसाइल हमलों के बाद हुए हैं, जिनमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है, जिनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। बचाव दल ने रूसी मिसाइल की चपेट में आई एक रिहायशी इमारत के



मलबे में तलाशी अभियान चलाया; इस हमले में कम से कम 54 लोग घायल हुए थे।

इमारत के क्षतिग्रस्त हिस्से से भारी मलबा हटाया गया, जबकि बचाव कार्यों में लगे कुत्तों ने आसपास के इलाकों में उन निवासियों की तलाश जारी रखी जिनका अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। हमले में बचे कई लोगों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त अपार्टमेंट में ही सोने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि उन्हें सोने के लिए कोई दूसरी जगह नहीं मिल सकी।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने चेतावनी दी कि जैसे-जैसे सर्दियां नजदीक आ रही हैं, रूस संभवत रोजाना होने वाले मिसाइल और ड्रोन हमलों को और तेज करेगा। उन्होंने नाटो देशों से अतिरिक्त रक्षा सहायता की अपील की। उन्होंने एक ऑनलाइन पोस्ट में लिखा, 'यह जरूरी है कि जुबानी समर्थन यूक्रेन की रक्षा के लिए नए पैकेजों के रूप में ठोस रूप ले।' 'एंटी-बैलिस्टिक क्षमताएं, हमारे लड़ाकू विमानों के लिए गोला-बारूद और इंटरसेप्टर में निवेश की आपूर्ति ये सभी चीजें हर दिन लोगों की जान बचाने में सीधे तौर पर मदद कर रही हैं। यूक्रेन की ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रिड ऑपरेटर ने कीव में आपातकालीन बिजली कटौती का आदेश दिया है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि यह पूरे देश में निर्धारित नियमित बिजली कटौती से अलग है और उस दौरान लागू नहीं होगी। इस महीने फिर से शुरू किए गए एक जन-जागरूकता अभियान में परिवारों से आग्रह किया गया कि वे सर्दियों में लंबे समय तक बिजली कटौती की आशंका को देखते हुए आपातकालीन किट तैयार रखें, पीने का पानी जमा करें और ऑफ-ग्रिड बिजली स्रोतों की व्यवस्था रखें, क्योंकि मॉस्को अपने हमलों की तीव्रता बनाए हुए है। कीव पुलिस ने बताया कि बम निरोधक विशेषज्ञों ने दो और बिना फटे बैलिस्टिक मिसाइल वॉरहेड को निष्क्रिय किया। इनमें से प्रत्येक का वजन लगभग आधा टन था।

इंटरटेनमेंट...

नाना पाटेकर का निधन, आखिरी वीडियो में ड्रम बजाते दिखे

मुंबई। नाना पाटेकर का गुरुवार सुबह 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें गोवा स्थित घर में कार्डियक अरेस्ट हुआ था। उन्हें करीब 45 मिनट तक सीपीआर दी गई, लेकिन बचाया नहीं जा सका। नाना पाटेकर के अंतिम संस्कार की तैयारियां चल रही हैं। पुणे में शाम 7 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। नाना पाटेकर के पार्थिव शरीर को गोवा मेडिकल कॉलेज से मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट ले जाया गया। परिवार, करीबी लोग और प्रशंसक नाना पाटेकर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पुणे जिले के डोंजे गांव में नाना पाटेकर के अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं। मणिपाल हॉस्पिटल के डॉ. शेखर सालकर के मुताबिक नाना पाटेकर का सुबह 5:20 बजे निधन हुआ। घटना के वक्त नाना के साथ घर पर परिवार का कोई सदस्य नहीं था। उनके दोस्त और केयरटेकर मौजूद थे। नाना पाटेकर का 4 दिन पुराना आखिरी वीडियो सामने आया है। इसमें नाना पाटेकर ड्रम बजाते, डांस

4 दिन पहले कहा था, नहीं जानता, कल रहूं या नहीं, गोवा में अंतिम दर्शन

करते और मस्ती करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा था, हम सभी को एक दिन जाना है। पता नहीं मैं कल यहां रहूंगा या नहीं। नाना पाटेकर ने 100 से ज्यादा फिल्में कीं। 1989 की फिल्म 'परिंदा' में नाना ने अन्ना का किरदार निभाया, जिसके लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। 1994 की 'क्रांतिवीर' के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। 1996 की 'अग्निसाक्षी' के लिए भी उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। इस तरह उन्हें करियर में 3 नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिले। भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए नाना पाटेकर को 2013 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। अपने लंबे फिल्मी करियर में उन्होंने हिंदी के साथ मराठी फिल्मों में भी काम किया। नाना पाटेकर का असली नाम विश्वनाथ पाटेकर था। बचपन में उनकी छोटी बहन उन्हें प्यार से 'नाना' कहकर बुलाती थी, जिसके बाद यही उनकी पहचान बन गया। रात 2:30 बजे नाना ने दोस्त को मैसेज किया था डॉ. शेखर ने बताया कि रात करीब 2:30 बजे नाना ने एक दोस्त को मैसेज कर तबीयत ठीक नहीं लगने की बात कही थी। दोस्त ने उस समय मैसेज नहीं देखा। बाद में फोन करने पर वह करीब 4 बजे नाना के घर पहुंचा। उस वक्त नाना को काफी पसीना आ रहा था। उनकी हालत बिगड़ रही थी। कुछ देर बाद वह बेहोश होने लगे। इसके बाद केयरटेकर को अस्पताल भेजा गया और एंबुलेंस बुलाई गई। इमरजेंसी टीम घर पहुंची तो नाना पूरी तरह नॉन-रिएक्टिव थे। टीम ने तुरंत कार्डियक मसाज शुरू की। उन्हें सुबह करीब 4:20 से 4:30 बजे के बीच मणिपाल अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, उन्हें मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था।2007 में आई फिल्म 'वेलकम' में नाना पाटेकर ने गैंगस्टर उदय शेट्टी का किरदार निभाया था। इस कॉमेडी रोल को काफी पसंद



किया गया। वे इसके सीक्वल 'वेलकम बैक' में भी उदय शेट्टी के किरदार में नजर आए। नाना के उदय शेट्टी के किरदार के डायलॉग्स पर कई मीम्स बने। जिसमें सबसे लोकप्रिय सीन वह था, जहां वे खुद को शांत करने के लिए कहते हैं—रकंट्रोल उदय कंट्रोल!

नाना के उदय शेट्टी के किरदार के डायलॉग्स पर कई मीम्स बने। जिसमें सबसे लोकप्रिय सीन वह था, जहां वे खुद को शांत करने के लिए कहते हैं नाना पाटेकर ने फिल्म 'प्रहारः द फाइनल अटैक' में आर्मी मेजर की भूमिका निभाने के लिए भारतीय सेना की मराठा लाइट इन्फैंट्री के साथ सैन्य प्रशिक्षण लिया था। इस दौरान उन्होंने करीब तीन साल तक ट्रेनिंग की थी। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद नाना पाटेकर टेरिटोरियल आर्मी से जुड़े। उन्हें मानद कैप्टन के रूप में कमीशन मिला। बाद में उन्होंने लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद तक सेवाएं दीं और 2013 में रिटायर हुए।नाना पाटेकर का सेना से जुड़ाव 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भी सामने आया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस से विशेष अनुमति लेकर करीब 2 महीने सेना के साथ अग्रिम इलाकों में बिताए। वहीं दूसरी ओर नाना पाटेकर का गुरुवार को 75 साल की उम्र में निधन हो गया। गोवा के डोना पाउला स्थित घर में कार्डियक अरेस्ट आने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। फिर करीब 45 मिनट तक उढफ देने की कोशिश की गई, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। नाना पाटेकर का करीब पांच दशक लंबा फिल्मी करियर रहा। उन्होंने थिएटर से शुरूआत की और बाद में फिल्मों का रुख किया। गमन, अंकुश, परिंदा, क्रांतिवीर, तिरंगा, अब तक छप्पन, अपहरण और वेलकम जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार भूमिकाएं निभाई थीं। 1 जनवरी, 1951 को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के गांव मुरुद-जंजीरा में जन्मे विश्वनाथ गजानन पाटेकर, जिन्हें दुनिया ने नाना पाटेकर के नाम से जाना। बगावती तेवर वाले नाना बचपन से ही बाकी बच्चों से अलग रहे। समाज की कुरीतियों को कला के माध्यम से दिखाना चाहते थे। इसलिए पहले थिएटर में आए, फिर फिल्मों का रुख किया।

नाना अपने गुस्सैल स्वभाव के लिए भी चर्चा में रहते थे। जब रवि चोपड़ा ने उन्हें रेपिस्ट का रोल ऑफर किया तो उन्होंने गाली दे दी थी।

फिल्म परिंदा की शूटिंग के वक्त नाना और फिल्म के डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा भिड़ गए थे। नाना के पिता टेक्सटाइल पेंटिंग का छोटा सा बिजनेस चलाते थे। नाना जब 13 साल के थे, तभी किसी ने पिता के साथ फ्रॉड कर दिया। रातों-रात बिजनेस चौपट हो गया। सारी प्रॉपर्टी बिक गई। पैसे कमाने के लिए नाना को भी सड़क पर आना पड़ा। वे सुबह स्कूल जाते, शाम में फिल्म के पोस्टर पेंट करते थे। जहां पोस्टर पेंट करते थे, वहां से घर की दूरी 8 किलोमीटर थी। इस तरह दिन में 16 किलोमीटर की दूरी पैदल ही तय करते थे। इस काम के लिए हर महीने 35 रुपए मिलते थे। यह बात 1963 के आस-पास की है। पैसों की इतनी किल्लत थी कि कभी-कभार खाना भी नसीब नहीं होता था।

नाना पाटेकर को पीएम मोदी की श्रद्धांजलि

नाना पाटेकर का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। गोवा में कार्डियक अरेस्ट के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई लोगों ने नाना को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाना पाटेकर को कहा कि वे बेहतरीन कलाकार थे। उन्होंने अलग-अलग किरदारों से दर्शकों का दिल जीता। मोदी ने अपने बयान में नाना की फिल्मों के नामों का भी जिक्र किया। नाना पाटेकर का जीवन तिरंगे की आन-बान और शान की तरह रहा। वो बंधनों में नहीं रहे, परिंदे की तरह फिल्मों के आसमान में उड़े। उन्होंने समाज में व्याप्त अव्यवस्था पर अपनी फिल्मों के माध्यम से करारा प्रहार किया। वे एक ऐसे क्रांतिवीर थे, जिन्होंने बुराइयों के विरुद्ध काम किया। उनकी वाणी जितनी तेज थी, उनकी खामोशी भी उतनी ही प्रभावी थी। वो देशविरोधियों पर निरंतर अंकुश के समर्थक थे। पीएम मोदी ने अपने

तिरंगा, परिंदा, प्रहार, क्रांतिवीर, खामोशी अंकुश का जिक्र, इनमें से 2 फिल्मों को नेशनल अवॉर्ड

बयान में नाना पाटेकर की 6 फिल्मों तिरंगा, परिंदा, प्रहार, क्रांतिवीर, खामोशी और अंकुश का जिक्र किया। इनमें परिंदा और क्रांतिवीर के लिए नाना पाटेकर को नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला था। बॉलीवुड, राजनीति, खेल और साहित्य जगत की कई हस्तियों ने भी पाटेकर को श्रद्धांजलि दी है। अक्षय कुमार, विराट कोहली, रवीना टंडन, रजनीकांत, परेश रावल, मनोज बाजपेयी, कंगना रनौत और सुनील शेट्टी समेत कई सितारों ने उनके निधन पर दुख जताया है। राहुल गांधी बोले- दर्शकों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ी नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भी नाना पाटेकर को श्रद्धांजलि दी।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com